DR. A.P. SRIVASTAVA
D.Phil
Reader, Deptt. of Rural Economics
and Co-operation
Dean, Facuty of Arts

BUNDELKHAND UNIVERSITY
JHANSI.

CERTIFICATE

This is to certify that the thesis **'A Study of Socio-Economic conditions of Agricultural Women Labour in JHANSI District'** submitted by **Smt. Ranjana Shukla** previously known as Km. Ranjana Mishra for the award of Ph.D. degree in Economics is her original work. She has completed the above thesis under my guidance and the candidate has worked under me for the period of about thirty Six months and has put the attendence of 300 days in the department.

The candidate has developed a fresh approach towards the interprisation of facts or theory. It also shows the candidate's capacity for critical examination of the facts and she has delivered judgements and decision wherever necessary. No part of the thesis has been published and has been submitted elsewhere to obtain and the degree. She has incorporated the suggestions given by the research degree committee.

In view of the above I am of the opinion that the thesis is fit for the degree for which it has been submitI recommend that the degree of **Doctor of Philosophy in** Economics be awarded to the candidate.

(DR. A. P. SRIVASTAVA)

विषय सूची

क्र0सं0	विवरण		पृष्ठ संख्या

आभार प्रदर्शन

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध को वर्तमान स्वरूप देने में हमारे गुरूवर डा. ए. पी. श्रीवास्तव, रीडर, ग्रामीण अर्थशास्त्र एवं सहकारिता विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी का अमूल्य योगदान रहा है। जिसके लिये मेरे पास उनके प्रति आभार प्रदर्शित करने के लिए शब्द नहीं है फिर भी शब्दो के माध्यम से ही हृदय के उद्‌गार प्रकट किये जा सकते हैं इसलिये इसी माध्यम का सहारा मैने लिया है। उन्होंने न केवल समय-समय पर मार्ग निर्देशन ही किया है बल्कि इसे पूरा कराने में आवश्यक सुझाव, सुधार एवं रचनात्मक स्वरूप भी प्रदान करने में सहयोग दिया है।

शोध प्रबन्ध के लिये आवश्यक फील्ड-सर्वेक्षण में विभिन्न ग्रामो के ग्राम प्रधानों द्वारा आवश्यक सहयोग एवं सहायता प्रदान की गई है। मैं व्यक्तिगत रूप से श्री हरिशंकर यादव, ग्राम प्रधान-छिरौना, श्री सुरेश कुमार पचौरी ग्राम-प्रधान पचार, श्री प्रकाश यादव ब्लाक प्रमुख चन्दवारी, श्री भगवान दास कुशवाहा ग्राम प्रधान पट्टी कुम्हर्रा एव श्री रामदास दीक्षित (भूतपूर्व प्रधान) अम्बरगढ़ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ।

मैं जिला संख्या अधिकारी, झाँसी; विकास खण्ड अधिकारी चिरगांव और उन सभी श्रोतों के प्रति अपना आभार व्यक्त करती हूं जिनसे वर्तमान शोध प्रबन्ध को पूरा करने में आवश्यक आँकड़े एवं सूचनाएं उपलब्ध हुये हैं।

अन्त में मैं उन सभी व्यक्तियों, स्रोतों, संस्थाओं एवं पुस्तकालयों के प्रति अपना आभार व्यवत करती हूँ जिन्होंने इस कार्य को पूरा करने में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहायता प्रदान की है।

(श्रीमती) रंजना शुक्ला
शोधकर्त्री

प्रस्तावना

वर्तमान अध्ययन झांसी जनपद के कृषि महिला श्रमिकों की सामाजिक-आर्थिक दशाओं से संबंधित है। उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अन्य जनपदो की भांति झाँसी जनपद की कृषि की आर्थिक दशा में भी पिछड़ी एवं परम्परागत स्थिति में है। कृषि की दशाओं में परिवर्तन की प्रक्रिया बहुत ही फीकी है। इस सम्बन्ध में यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि कृषि के क्षेत्र में विकास तो हुआ है पर कृषि श्रमिकों को उत्पादन में एक न्यायसंगत हिस्सा नहीं प्राप्त हो सका है। ऐसा ही अनुभव कृषि अर्थशास्त्रियों का देश के अन्य भागो के सम्बन्ध में रहा है। वर्तमान अध्ययन में उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कृषि अर्थव्यवस्था में कृषि महिला श्रमिको की सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं का अध्ययन करके उनकी समस्याओं को ज्ञात करने का प्रयास किया गया है, विशेषकर झांसी जनपद को अध्ययन का क्षेत्र बनाकर जनपद के कृषि क्षेत्र में कार्यरत कृषि महिला श्रमिको की समस्याओं को समझने का एवं उनके हल करने के सम्भावित सुझाव भी देने का प्रयास किया गया है।

वर्तमान अध्ययन सात अध्यायों में विभाजित है। पहले अध्याय में झाँसी जनपद के ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सामाजिक एवं आर्थिक रूपरेखा द्वितीयक समको के आधार पर प्रस्तुत की गई है। दूसरे अध्याय में वर्तमान अध्ययन की विधि, सैंम्पुल डिजाइन, विकास खण्ड का चुनाव, गांव का चुनाव और परिवारो के चुनाव की विधि को स्पष्ट किया गया है। तीसरे अध्याय में ग्रामीण महिला श्रमिको की पारिवारिक एवं सामाजिक दशाओं को स्पष्ट किया गया है। चौथे अध्याय में सर्वेक्षण से प्राप्त आँकड़ों के आधार पर उनकी आर्थिक दशाओं की व्याख्या की गई है। पांचवे अध्याय में उनके आय स्तर, रोजगार स्तर, उपभोग स्तर और गरीबी की रूपरेखा का विश्लेषण किया गया है। छठे अध्याय में ग्रामीणं क्षेत्रो में चल रहे महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा और उसका ग्रामीण महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन किया गया है। सातवें अध्याय में जो कि अन्तिम अध्याय है, फील्ड सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों, सूचनाओं एवं

अनुभव के आधार पर निष्कर्षो को स्पष्ट किया गया है तथा ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक में सुधार तथा ग्रामीण क्षेत्रो में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमो को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक सुझाव दिये गए हैं।

आशा है कि यह शोध प्रबन्ध क्षेत्रीय आधार पर ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक एव सामाजिक स्थिति को सुधारने के लिए प्रतिपादित की जाने वाली नीतियों मे आवश्यक योगदान देने में पर्याप्त होगा।

रंजना शुक्ला
शोधकर्त्ती

सारणी सूची

सारणी सं0	विवरण	पृष्ठ स0

अध्याय - 2

सारणी सं0	विवरण	पृष्ठ सं0
22.	कृषि श्रमिको मे महिला कृषि श्रमिको का प्रतिशत	74
23.	कृषि श्रमिको मे महिला कृषि श्रमिको का अनुपात	75
24.	कृषि श्रमिक परिवार तथा कृषि श्रमिको का प्रतिशत	81
25.	वर्गानुसार महिला कृषि श्रमिको का प्रतिशत	76
26.	जातियों का वर्ग विभाजन	77
27.	कुल परिवारो में कृषि श्रमिक परिवार	78
28.	कुल कृषि श्रमिक परिवारो में कृषि श्रमिको का औसत	80
29.	कृषि श्रमिक परिवार तथा कृषि श्रमिको का प्रतिशत	81
30.	महिला कृषि श्रमिको की संख्या	82
31.	कृषि श्रमिको मे महिला कृषि श्रमिको का अनुपात	83
32.	वर्गानुसार महिला कृषि श्रमिक	84
33.	विभिन्न परिवारो में आश्रित व्यक्तियो का अनुपात	86
34.	परिवारो का वर्गीकरण	87
35.	गांव के श्रमिक परिवारो का विवरण	88
36.	कृषि श्रमिको का औसत	90
37.	श्रमिक परिवार तथा कृषि श्रमिको का प्रतिशत	91
38.	महिला कृषि श्रमिको का विवरण	92
39.	कृषि श्रमिको मे महिला कृषि श्रमिको का अनुपात	93
40.	महिला कृषि श्रमिको का वर्गानुसार विभाजन	94
41.	परिवार तथा काम करने वाले व्यक्तियो का प्रति परिवार अनुपात	97
42.	परिवारो का वर्गीकरण	98
43.	कुल परिवारो में कृषि श्रमिक परिवार का प्रतिशत	99
44.	कृषि श्रमिक परिवार में कृषि श्रमिको का औसत	100
45.	कृषि श्रमिक परिवार तथा कृषि श्रमिको का प्रतिशत	101
46.	कुल कृषि श्रमिको में से महिला कृषि श्रमिको काप्रतिशत	102
47.	कुल कृषि श्रमिको मे महिला कृषि श्रमिको का अनुपात	103
48.	वर्गानुसार महिला कृषि श्रमिको का प्रतिशत	104

अध्याय : 3

मानचित्र
जनपद - झाँसी
उत्तर
दक्षिण
1 इंच = 1 मील
कानपुर की
दिल्ली की
इलाहाबाद की
ललितपुर की
मोंठ
एरच
नदेसिया
बामौर
चिरगाँव
पारीछा
बड़ागाँव
पंडवाहा
गुरौठा
गुरसराय
मारकुआ
झाँसी
बेदौरा
पचवारा
स्यावरी
बरुआसागर
बंगरा
मऊरानीपुर
बबीना
काचनेव
मड़रा
कनेरा
रे. स्टे.
संकेत तालिका
क्र. सं.
विवरण
संकेत
1. जनपद मुख्यालय
2. तहसील मुख्यालय
3. विकास खण्ड मुख्या
4. सड़क
5. रेलवे लाइन
6.
7.
8.

विकासखण्ड-चिरगाँव जनपद - झाँसी

माप - 0.75 सें०मी० = 1 कि०मी०

पिछड़ी तीन ग्राम पंचायतें -

1. वघेरा
2. धमना खुर्द
3. चन्दवारी

क्र० सं०	विवरण	संकेत
1.	राज्य सीमा	
2.	जनपद सीमा	
3	विकास खण्ड सीमा	
4.	गाँव सीमा तथा मुख्यालय	
5.	विकास खण्ड मुख्यालय	
6	पक्की सड़क	
7	कच्ची सड़क	
8.	रेलवे लाइन	
9.	नदी	
	ग्राम पंचायत सीमा / मुख्यालय	
	बिक्री केन्द्र - कृषि विभाग - 3	
	" सहकारिता	
	" इफको	
	" प्राइवेट	
	संग्रहीत — बीज	
	- उर्वरक	
	- - कीटनाशक	
	प्रस्तावित केन्द्र - सहकारिता 2	
	प्राइवेट 3	
	राजकीय नलकूप -	

अध्याय-एक : पृष्ठभूमि

1. भूमिका:

झाँसी उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र का एक जनपद है। जालौन, हमीरपुर, बाँदा, ललितपुर एवं मद्योषा इस क्षेत्र के अन्य जनपद हैं। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विभिन्न जनपदों की धरातलीय संरचना विषम है पर पूरा क्षेत्र मुख्य रूप से पर्वतीय एवं पठारी है और शेष भाग मैदानी है। पर्वतीय एवं पठारी धरातल वर्षा के जल संचय की दृष्टि से अनुपयुक्त है जो कृषि विकास में एक बाधक तत्व है। साथ ही तापमान की अधिकता प्राकृतिक सुविधाओं को कम करने में सहायक होती है जिसके कारण प्रदेशीय मानकों पर आधारित विकास नीति द्वारा यहाँ के निवासियों को पूर्णतया लाभान्वित नहीं किया जा सका है। परिणाम स्वरूप वर्तमान में भी औद्योगीकरण के विकास की दर बहुत धीमी तथा कृषि अभी भी क्षेत्र की 77.9 प्रतिशत जनसंख्या के जीविकोपार्जन का साधन बना है और जो परम्परागत तकनीक पर आधारित है।

उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र का क्षेत्रफल 29.4 हजार वर्ग किलोमीटर है जिसके 17 प्रतिशत क्षेत्र का विस्तार झाँसी, 17 प्रतिशत ललितपुर, 25.9 प्रतिशत बाँदा, 24.9 प्रतिशत हमीरपुर तथा 15.5 प्रतिशत क्षेत्र का विस्तार ललितपुर जनपद में है।[1] क्षेत्र की कुल कृषि योग्य भूमि शुद्ध बोया गया क्षेत्र 1887.6 हजार हेक्टेयर है जो कृषि योग्य भूमि का 90.0 प्रतिशत है। एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्र

---

1. सांख्यकीय पत्रिका झाँसी (1994) पेज।

210.8 हजार हेक्टेयर है जो कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 10.1 प्रतिशत है। इस प्रकार क्षेत्र में अधिकांश कृषि योग्य भूमि पर मात्र एक फसल ही उगाई जाती है।

जनसंख्या :

सन् 1981 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 11.09 करोड़ थी। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो में जिसके विभाजन को सारणी संख्या-एक में किया गया है।

सारिणी संख्या-1

उत्तर प्रदेश की जनसंख्या

क्र0सं0	क्षेत्र	जनसंख्या (लाख में)	राज्य की जनसंख्या से प्रतिशत	जनसंख्या घनत्व प्रतिवर्ग किलोमीटर
1.	पर्वतीय	48.5	4.3	95
2.	पश्चिमी	393.5	35.5	479
3.	केन्द्रीय	196.0	17.7	428
4.	पूर्वी	416.5	37.6	485
5.	बुन्देलखण्ड	54.3	4.9	185
	उत्तर प्रदेश	**11.09 (करोड़ में)**	100.00	377

सारिणी संख्या-1 सांख्यकीय डायरी उत्तर प्रदेश 1989 के आंकड़ों पर आधारित है। पेज सं.49

सारिणी संख्या-। में सन 1981 की जनगणना के अनुसार बुन्देलखण्ड की जनसंख्या प्रदेश की जनसंख्या का मात्र 4.9 प्रतिशत है। जनसंख्याक ` वितरण के अनुसार बांदा जनपद प्रथम तथा झाँसी जनपद का तीसरा स्थान है। अन्य जनपदों की जनसंख्या के विवरण सारणी संख्या -2 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या - 3

बुन्देलखण्ड क्षेत्र में जनसंख्या

वर्ष 1981 [जनसंख्या हजार में]

क्र0सं0	जनपद	पुरूष	स्त्री	जनसंख्या	बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जनसंख्या से प्रतिशत
1.	झाँसी	6.1	5.3	11.4	20.9
2.	ललितपुर	3.1	2.7	5.8	10.6
3.	जालौन	5.4	4.5	9.9	18.3
4.	हमीरपुर	6.4	5.5	11.9	21.8
5.	बाँदा	8.2	7.1	15.3	28.4
	योग	**29.2**	**25.1**	**54.3**	**100.0**

3. सारणी संख्या 2 सांख्यकीय पत्रिका झाँसी मण्डल 1990 पेज संख्या 1 पर आधारित है।

बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जनसंख्या का घनत्व 185 प्रति वर्ग किलोमीटर रहा है, विभिन्न जनपदो के घनत्व को सारणी संख्या 3 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या - 3

बुन्देलखण्ड क्षेत्र का जनसंख्या घनत्व

(प्रति वर्ग किलोमीटर)

जनपद	जनसंख्या घनत्व
झाँसी	226
ललितपुर	115
जालौन	216
हमीरपुर	167
बाँदा	201
योग	185

सारणी संख्या-3 के अनुसार झाँसी जनपद में जनसंख्या घनत्व 226प्रति वर्ग किलोमीटर तथा जालौन जनपद का दूसरा स्थान है तथा बाँदा का तीसरा जो क्षेत्र की जनसंख्या के घनत्व से अधिक है। ज

---

4. सारिणी संख्या 3 सांख्यकीय पत्रिका झाँसी मण्डल वर्ष 190 पेज संख्या 8 पर आधारित है।

2. बुन्देलखण्ड क्षेत्र के परिप्रेक्ष में झाँसी जनपद :

सन् 1981 की जनगणना के अनुसार णँसी जनपद की जनसंख्या 11.37 लाख रही है जिसमें 62.1 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। झाँसी जनपद में चार तहसीले तथा आठ विकास खण्ड है इसमें जनसंख्या के वितरण को सारणी संख्या 4 में स्पष्ट किया गया है।[5]

सारणी संख्या-4

झाँसी जनपद की जनसंख्या का विवरण

क्र0सं0	विकास खण्ड	कुल जनसंख्या (हजार में)	जनपद की जनसंख्या से विकास खण्ड की जनसंख्या का प्रतिशत
1.	चिरगांव	8.5	74.6
2.	मोठ	9.7	85.1
3.	गुरसरांय	8.8	77.2
4.	बमौर	9.5	83.3
5.	मऊरानीपुर	9.4	82.5
6.	बंगरा	8.8	77.2
7.	बवीना	8.4	73.7
8.	बड़ागांव	7.5	65.8
	योग	70.5	618.4

5. सांख्कीय पत्रिका झाँसी (1981) पेज संख्या 28 पर।

सारणी संख्या 4 के अनुसार मोठ विकास की जनसंख्या सबसे अधिक है तथा बड़ा गांव विकास खण्ड की जनसंख्या सबसे कम तथा चिरगांव विकास खण्ड की जनसंख्या छठवे स्थान पर है। जनपद में जनसंख्या का घनत्व 144 प्रतिवर्ग किलोमीटर है। विभिन्न विकास खण्डो में जनसंख्या घनत्व को सारणी संख्या 5 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या - 5

विकास खण्डो में जनसंख्या घनत्व

(1981-प्रतिवर्ष किलोमीटर)

	विकास खण्ड	जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग किलोमीटर)
1.	चिरगांव	161
2.	मोठ	147
3.	गुरसरांय	120
4.	बामौर	120
5.	मऊरानीपुर	173
6.	बंगरा	166
7.	बवीना	150
8.	बड़ा गांव	142
	योग	**144**

5. सांख्यकीय पत्रिका झाँसी (1991) पेज संख्या 13 व 27

सारणी संख्या 5 से यह स्पष्ट होता है कि चिरगांव विकास खण्ड की जनसंख्या घनत्व 161 प्रतिवर्ग किलोमीटर है। मऊरानीपुर का जनसंख्या घनत्व सबसे अधिक व बमौर का सबसे कम जनसंख्या घनत्व है।

आयु के अनुसार जनसंख्या पर विचार करने पर यह बात स्पष्ट होती है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जनसंख्या 41.3 प्रतिशत जनसंख्या 14 वर्ष से कम तथा 6.4 प्रतिशत जनसंख्या 60 वर्ष से अधिक आयु की रही है। विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार क्षेत्र की जनसंख्या के वितरण की सारणी संख्या 6 पर स्पष्ट है।

सारणी संख्या - 6

बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जनसंख्या का (1981)

आयु वर्ग के अनुसार विभाजन

लाख में

आयु वर्ग	पुरूष	पुरूष जनसंख्या में प्रतिशत	स्त्रियां	स्त्रियों में जनसंख्या प्रतिशत	कुल	जनसंख्या में प्रतिशत
0-14	12.2	43.0	10.4	41.1	22.6	41.3
15-19	2.9	10.2	2.1	8.3	5.0	9.1
20-24	2.3	8.1	2.1	8.3	4.4	8.0
25-29	2.0	7.0	1.8	7.1	3.8	6.9
30-39	3.3	11.6	3.3	13.0	6.6	12.2
40-49	2.8	9.9	2.4	9.6	5.2	9.5
50-59	1.0	3.6	1.6	6.3	3.6	6.6
670 और उससे अधिक	1.9	6.6	1.6	6.3	3.5	6.4
योग	**28.4**	**100.0 (51.9)**	**25.3**	**100.0 (46.3)**	**54.7**	**100.0**

सारणी संख्या 6 के अनुसार 28.4 लाख पुरूष तथा 25.3 लाख स्त्रियां हैं। आयु विभाजन के अनुसार पुरूष जनसंख्या में 0.14 वर्ष तक की आयु का 43.0 प्रतिशत है जो पुरूष जनसंख्या का सबसे अधिक प्रतिशत है तथा 50-59 तक के आयु वाले पुरूषों का सबसे कम 3.6 प्रतिशत है। स्त्रियों की जनसंख्या में भी 0-14 वर्ष तक की आयु में सबसे अधिक 41.1 प्रतिशत है तथा स्त्रियों में सबसे कम 6.3 प्रतिशत 50 तथा 60 से अधिक आयु वाली स्त्रियां हैं।

सन् 1981 की जनगणना के अनुसार झाँसी जनपद की जनसंख्या 11.37 लाख रही है जिसके आयु के अनुसार विभाजन को सारणी संख्या 7 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-7

झाँसी जनपद में विभिन्न आयु जनसंख्या (1981) **(लाख में)**

आयु वर्ग	पुरूष	कुल पुरूष जनसंख्या में प्रतिशत	स्त्रियां	कुल स्त्रियों की जनसंख्या में प्रतिशत	कुल जनसंख्या	कुल जनसंख्या में प्रतिशत
0-14	2.5	40.3	2.2	40.7	4.7	40.5
15-19	0.6	9.6	0.5	9.3	1.1	9.5
20-24	0.6	9.6	0.5	9.3	1.1	9.5
25-29	0.4	6.5	0.4	7.4	0.8	6.9
30-39	0.7	11.3	0.6	11.1	1.3	11.2
40-49	0.6	9.7	0.5	9.3	1.1	9.5
50-59	0.4	6.5	0.3	5.6	0.7	6.0
60 और उससे अधिक.	0.4	6.5	0.4	7.4	0.8	6.9
योग	**6.2**	**(53.4)**	**5.4**	**(46.6)**	**11.6**	**100.0**

6. सारणी संख्या-6 सांख्यकीय पत्रिका 1990 झाँसी मण्डल पेज संख्या 31 से 35

7. तालिका संख्या 07 सांख्यकीय पत्रिका जनपद झाँसी पेज संख्या 35 पर आधारित है

सारणी संख्या 7 के अनुसार झाँसी जनपद की कुल जनसंख्या 11.6 लाख है जिसमें 53.4 प्रतिशत पुरूष तथा 46.6 प्रतिशत स्त्रियों की जनसंख्या है।

सन् 1981 की जनगणना के अनुसार झाँसी जनपद की 11.4 लाख कुल जनसंख्या में 7.1 लाख व्यक्ति ग्रामीण थे। जो कुल जनसंख्या के 62.3 प्रतिशत है। 4.3 लाख नगरीय व्यक्ति हैं जो कुल जनसंख्या के 37.7 प्रतिशत है। इनका विभिन्न आयु वर्ग में विभाजन को सारणी संख्या 12 में स्पष्ट किया गया है।[8]

सारणी संख्या-8

झाँसी जनपद में ग्रामीण नगरीय जनसंख्या (1981) (लाख में)

आयु	ग्रामीण	कुल ग्रामीण जनसंख्या में प्रतिशत	नगरीय	कुल नगरीय जनसंख्या से प्रतिशत	कुल जनसंख्या	कुल जनसंख्या से प्रतिशत
0-14	2.9	40.8	1.7	39.5	4.6	40.4
15-19	0.6	8.5	0.5	11.6	1.1	9.6
20-24	0.6	8.5	0.4	9.3	1.0	8.8
25-29	0.5	7.0	0.3	7.0	0.8	7.0
30-39	0.8	11.3	0.5	11.6	1.3	11.5
40-49	0.7	9.9	0.4	9.3	1.1	9.6
50-59	0.5	7.0	0.3	7.0	0.8	7.0
60 एवं उससे अधिक	0.5	7.0	0.2	4.7	0.7	6.1
कुल योग	**7.1**	**62.3**	**4.3**	**(37.7)**	**11.4**	**100.0**

8. सारणी संख्या 8 सांख्यकीय पत्रिका 1990 जनपद झाँसी पेज संख्या 35

जनसंख्या का आर्थिक वर्गीकरण

बुन्देलखण्ड की आय अर्जित करने वाले तथा आश्रित व्यक्ति पर विचार किया जाय, तो जनपद में 1981 की जनगणना के अनुसार आय अर्जित करने वाले व्यक्ति तथा आश्रित व्यक्तियों का अनुपात 1:3.5 रहा है। प्रतिशत के अनुसार आय अर्जित करने वाली जनसंख्या कुल जनसंख्या का 30.4 प्रतिशत है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में आय अर्जित करने वाली ग्रामीण जनसंख्या कुल जनसंख्या का 31.5 प्रतिशत तथा नगरीय जनसंख्या कुल जनसंख्या का 26.1 प्रतिशत है। आय अर्जित करने वाली जनसंख्या क्षेत्र के जनपदो में अलग अलग है जिसे सारणी संख्या 9 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-9

आय अर्जित करने वाली जनसंख्या (प्रतिशत में) वर्ष 1981

जनपद	आय अर्जित आश्रित अनुपात	ग्रामीण (प्रतिशत)	नगरीय (प्रतिशत)	योग
झाँसी	1:3.6	32.4	25.5	27.8
ललितपुर	1:3.2	32.3	26.7	31.5
जालौन	1:3.5	29.0	26.1	28.4
हमीरपुर	1:3.2	31.7	26.4	30.8
बाँदा	1:3	33.8	27.6	30.0
योग	-	**31.5**	**26.1**	**30.4**

सारणी संख्या 9 के अनुसार विभिन्न जनपदो में ललितपुर जनपद की आय अर्जित करने वालों की जनसंख्या और कुल जनसंख्या का 1:3.2 अनुपात रहा है। जालौन जनपद में यह अनुपात 1:3.5, हमीरपुर जनपद में 1:3.2 तथा बाँदा जनपद में अनुपात 1:3 का रहा है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में आय अर्जित करने वाली 16.5 लाख जनसंख्या हे तथा 37.8 लाख जनसंख्या आश्रित है। जिसके द्वारा यह स्पष्ट होता है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र की 2 तिहाई जनसंख्या आश्रित जनसंख्या है और 1/3 जनसंख्या आय अर्जित करने वाली है।

झाँसी जनपद की आय अर्जित करने वाली जनसंख्या पर विचार करने पर यह ज्ञात हुआ हे कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में आय अर्जित करने वाली की जनसंख्या नगरीय क्षेत्र की तुलना में अधिक है। ग्रामीण क्षेत्र में आय करने वालों की जनसंख्या नगरीय क्षेत्र की तुलना में अधिक है। ग्रामीण क्षेत्र में आय अर्जित करने वाली जनसंख्या अधिक होने का कारण यह है कि गांव में मजदूरी दर कम है जिसके कारण परिवार के अधिक से अधिक सदस्यों को मजदूरी करने की आवश्यकता होती है। झाँसी जनपद के ग्रामीणं क्षेत्र में 32.4 आय अर्जित करने वाले हैं। जनपद के विभिन्न विकास खण्डो में आय अर्जित करने वाली जनसंख्या अलग अलग रही है। जिसे सारणी संख्या-10 में स्पष्ट कियां या है।

सारणी संख्या-10

आय अर्जित करने वाली जनसंख्या का कुल जनसंख्या से प्रतिशत

विकास खण्ड	आय अर्जित करने वालों का कुल जनसंख्या से प्रतिशत
चिरगांव	29.1
मोठ	27.5
गुरसरांय	28.7
बामौर	29.0
मऊरानीपुर	29.2
वंगरा	28.4
बवीना	32.2
बड़ागांव	30.3
योग	**26.8**

सारणी संख्या 10 के अनुसार जनपद झांसी के सभी विकास खण्डो में आय अर्जित करने वाली जनसंख्या 26.8 प्रतिशत है। चिरगांव विकास खण्उ में यह जनसंख्या 29.1 प्रतिशत है। मोठ विकास खण्ड में 27.5 प्रतिशत सबसे कम तथा बवीना विकास खण्ड में 32.2 प्रतिशत जो सभी विकास खण्डो में सबसे अधिक है।

जनसंख्या वृद्धि

प्रदेश स्तर पर उत्तर प्रदेश की जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि हुई है। प्रदेश की जनसंख्या में सन 1901 से 1981 तक की जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 148.7 प्रतिशत रही है। दशक के आधार पर 1901 से 1911 के दशक में जनसंख्या वृद्धि (-1.1) प्रतिशत, 1911 से 1921 में जनसंख्या की वृद्धि (-1.3) प्रतिशत थी। इसके पश्चात प्रत्येक दशक प्रदेश की जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 8 से 9 प्रतिशत रही है।

सारणी संख्या - 1[1]

उत्तर प्रदेश में प्रति दशक जनसंख्या वृद्धि (प्रतिशत में)

वर्ष	जनसंख्या (लाख में)	प्रतिशत में प्रति दशक अंतर
1901	47.6	-
1911	48.2	-1.1
1921	46.7	-1.3
1931	49.8	9.4
1941	56.5	8.8
1951	63.2	9.0
1961	73.8	8.6
1971	88.3	8.2
1981	110.9	8.0
योग 1901-1981	-	**148.7**

11. सांख्यकीय डायरी उ0 प्र0 1989 पेज संख्या 22 पर आधारित है।

प्रदेश के साथ-साथ बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जनसंख्या में भी निरन्तर वृद्धि हुई है। सन् 1901 से 1981 तक क्षेत्र की जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 141.1 प्रतिशत रही है। दशक के अनुसार वही प्रवृत्ति क्षेत्र की जनसंख्या वृद्धि में विद्यमान रही है। क्षेत्र की जनसंख्या भी प्रत्येक दशक में 4 से 26 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि को सारणी संख्या-12 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या - 12

बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जनसंख्या में प्रति दशक वृद्धि

वर्ष	जनसंख्या (लाख में)	प्रति दशक अन्तर प्रतिशत में
1901	22.5	-
1911	23.6	+4.8
1921	22.2	-5.8
1931	24.0	+8.2
1941	27.4	+13.8
1951	28.9	+21.1
1961	35.0	+21.3
1971	42.9	+26.6
1981	54.3	+22.5
	योग	+141.1

11. सांख्यकीय पत्रिका झांसी मण्डल 1990 पेज 25 से 27

सारणी संख्या 12 के अनुसार 1911 से 1921 में होने वाली वृद्धि -5.8 प्रतिशत रही है। इसके बाद जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि होती रही है। 1971 से 1981 के बीच जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 22.5 प्रतिशत रही है। जो उत्तर प्रदेश की तुलना में अधिक रही है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 1971-1981 के दशक में 8.0 प्रतिशत तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के इसी दशक में जनसंख्या का 22.5 प्रतिशत का अन्तर रहा है।

बुन्देलखण्ड क्षेत्र की ग्रामीण जनसंख्या में होने वाली वृद्धि सन 1901-1981 में 141.1 प्रतिशत रही है तथा नगरीय जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 148.7 प्रतिशत रही है। इस प्रकार ग्रामीण जनसंख्या में होने वाली वृद्धि अधिक तीव्र रही है। इन दोनों प्रकार की वृद्धियों को सारणी संख्या 13 में स्पष्ट किया गया है।[12].

सारणी संख्या 13

बुन्देलखण्ड के ग्रामीण नगरीय क्षेत्रो में प्रतिदशक जनसंख्या वृद्धि

वर्ष	ग्रामीण	नगरीय
1901	-	5
1911	+4.5	+7.3
1921	-6.3	-2.6
1931	+8.3	+7.1
1941	+12.1	+25.8
1951	+2.8	+23.1
1961	+24.5	+2.7
1971	+21.1	+32.2
1981	+18.7	+72.4
1901-1981	**+141.1**	**+148.7**

12. सारणी संख्या 12 सांख्यकीय पत्रिका झाँसी मण्डल 1990 पेज संख्या 25 से 27 पर आधारित है।

झाँसी जनपद

झाँसी जनपद के चार तहसीलों झाँसी, मऊरानीपुर, गरौठा एवं मोठ में बंटा हुआ है। प्रत्येक तहसील में दो विकास खण्ड है। झाँसी सदर में बवीना व बड़ा गांव। मऊरानीपुर तहसील में मऊरानीपुर व वंगरा गरौठा तहसील में बामौर व गुरसरांय तथा मोठ तहसील में मोठ व चिरगांव विकास खण्ड है जिनको सारणी संख्या 18 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-14

झाँसी जनपद
(तहसील तथा विकास खण्ड)

क्र.सं.	तहसीलों के नाम	विकास खण्डो के नाम
1.	झाँसी सदर	(अ) बवीना
		(ब) बड़ागांव
2.	मऊरानीपुर	(अ) वंगरा
		(ब) मऊरानीपुर
3.	गरौठा	(अ) बामौर
		(ब) गुरसरांय
4.	मोठ	(अ) चिरगांव
		(ब) मोठ

झाँसी जनपद का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 2024 वर्ग किलोमीटर है, जिसे दो पृथक भौतिक इकाइयों में बांटा जा सकता है। उत्तर में निचला स्तर एवं उपजाऊ भूमि का भूभाग और दक्षिण में पठारी भाग। उत्तरी भू भाग की अधिकांश भूमि समतल व मैदानी हे, जिसमें कहीं कहीं छोटी छोटी पहाड़ियां फैली हुई हैं। इसमें झाँसी, मोठ, गरौठा व मऊरानीपुर तहसील का उत्तर पूर्वी भाग आता है।

दक्षिण भूभाग में झांसी और मऊरानीपुर का दक्षिण भाग सम्मिलित है, जिसमें उपलब्ध चट्टानी पहाड़ियां अपने आप में विविधता उत्पन्न करती हैं। पहाड़ियों पर कोई वनस्पति आदि नहीं आती है। उत्तरी भू भाग की मिट्टी चिकनी और काली है, जिसमें सूखने के बाद दरार पड़ जाती है। दक्षिण भू-भाग की मिट्टी प्रायः लाल रंग की ओर कम उपजाऊ है।

झाँसी जनपद उत्तर प्रदेश की दक्षिण पश्चिमी सीमा पर सिथत है। इस जनपद की उत्तरी सीमा से जालौन जनपद लगा हुआ है, वेतवा नदी इसी सीमा को रेखांकित करती है। पूर्वी सीमा पर हमीरपुर जनपद तथा पश्चिमी दक्षिण सीमाओं के दोनों ओर मध्य प्रदेश की सीमा केवल ललितपुर छोड़ कर लगी हुई है।

झाँसी जनपद का भौगोलिक क्षेत्रफल 5024 वर्ग किलोमीटर है। सन् 1981 की जनगणना के अनुसार झाँसी जनपद की जनसंख्या 11.4 लाख जिसकी 62.1 प्रतिशत ग्रामीण तथा 37.9 प्रतिशत नगरीय क्षेत्रो में निवास करती है। 1901-1981 के बीच जनपद की जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 30.7% रही है, जबकि देश की जनसंख्या वृद्धि 24 प्रतिशत रही है। जनपद के प्रत्येक दशक की वृद्धि को सारणी

संख्या 15 में स्पष्ट की गई है।[15]

सारणी संख्या 15

झांसी जनपद की जनसंख्या तथा प्रति दशक वृद्धि प्रतिशत में

वर्ष	जनसंख्या (लाख में)	प्रतिदशक अंतर	बुन्देलखण्ड में प्रतिदशक अन्तर
1901	4.3	-	-
1911	4.7	+9.7	+4.8
1921	4.2	-9.9	-5.8
1931	4.8	+13.2	+8.2
1941	5.4	+12.2	+13.8
1951	5.7	+5.6	+21.1
1961	7.1	+26.2	+21.3
1971	8.7	+218	+26.6
1981	11.4	+30.7	+22.5
1901-1981	**-**	**+166.4**	**+141.1**

सारणी संख्या 15 के अंतर्गत 1971-1981 के बीच जनपदझाँसी

15. सारणी संख्या 15 सांख्यकीय पत्रिका जनपद झाँसी 1990 पेज संख्या 32 पर आधारित है।

में होने वाली वृद्धि का अंतर 9.1 प्रतिशत और बुन्देलखण्ड क्षेत्र में यही अंतर 4.1 प्रतिशत है। जनपद की ग्रामीण तथा नगरीय जनसंख्या वृद्धि के प्रतिदशक अंतर को सारणी संख्या 16 में दर्शाया गया है।[16]

सारणी संख्या 16

जनपद की ग्रामीण नगरीय जनसंख्या की प्रतिदशक वृद्धि (प्रतिशत में)

वर्ष	जनसंख्या (लाख में)	ग्रामीण	नगरीय	कुल
1901	4.3	-	-	-
1911	4.7	+5.3	+22.5	+9.7
1921	4.2	-12.5	-3.4	-9.9
1931	4.8	+13.3	+13.0	+13.2
1941	4.4	+9.6	+18.3	+12.2
1951	5.7	-3.1	+24.0	+5.6
1961	7.1	+29.1	+21.5	+26.2
1971	8.7	+20.50	+24.0	+21.8
1981	11.4	+28.8	+34.3	+37.7
1901-1981	-	**+121.8**	**+296.7**	**+166.4**

16. सारणी संख्या 17 सांख्यकीय पत्रिका जनपद झाँसी 1990 पेज संख्या 32

सारणी संख्या 16 के अनुसार 1901-1981 में ग्रामीण जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 121.8 प्रतिशत तथा नगरीय 296.7 प्रतिशत रही है। सारणी संख्या 19 के आंकड़ों के द्वारा जनपद की ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या में होने वाली वृद्धि से यह ज्ञात होता है कि ग्रामीण से नगरीय जनसंख्या की वृद्धि की गति तीव्र है।

उत्तर प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि, बुन्देलखण्ड की जनसंख्या तथा झाँसी जनपद की जनसंख्या वृद्धि के वितरण की सारणी संख्या 17 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या 17

उत्तर प्रदेश,बुन्देलखण्ड एवं झाँसी जनपद की प्रतिदशक जनसंख्या वृद्धि

(प्रतिशत में)

वर्ष	उत्तर प्रदेश	बुन्देलखण्ड	जनपद
1901	-	-	-
1911	-1.08	+4.8	+9.7
1921	-1.3	-5.8	-9.9
1931	+9.4	+8.2	+13.2
1941	+8.8	+13.8	+12.2
1951	+8.9	+21.1	+5.6
1961	+8.6	+21.3	+26.2
1971	+8.2	+26.6	+21.8
1981	+8.0	+22.5	+30.8
1901-1981	**+148.7**	**+131.1**	**+166.4**

यदि जनसंख्या वृद्धि का तुलनात्मक अध्ययन किया जाय तो सारणी संख्या 17 के अनुसार जनपद में प्रतिदशक जनसंख्या की वृद्धि सबसे अधिक हुई है। सन् 1971-1981 के बीच जनपद की जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 30.7 प्रतिशत, बुन्देलखण्ड की 22.5 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश की 8.0 प्रतिशत रही है। जिसके कारण यह स्पष्ट होता है कि झाँसी जनपद की जनसंख्या वृद्धि देश की जनसंख्या वृद्धि की तुलना में भी अधिक रही है।

जनसंख्या वृद्धि के द्वारा ही झाँसी जनपद देश में आर्थिक दृष्टि से अधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। सन् 1971-81 दशक में जनसंख्या वृद्धि देश के अन्य क्षेत्रों से जनपद झांसी में ही रही है 1971 के दशक में जनसंख्या वृद्धि 21.8 प्रतिशत थी जो 1981 में बढ़कर 30.7 प्रतिशत हो गई।

यदि झाँसी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रो की जनसंख्या वृद्धि पर विचार किया जाय तो यह कहा जा सकता है कि जनपद में ऐसे विकास खण्ड भी हैं जिनमें जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत जनपद में अधिक है। बबीना विकास खण्ड में 1971-81 के बीच जनसंख्या में होने वाली वृद्धि 43.44 प्रतिशत रही है। विभिन्न विकास खण्डो की जनसंख्या वृद्धि को सारणी संख्या 18 में स्पष्ट किया गया है।

.....

सारणी संख्या 18.

विकास खण्डवार जनपद की 1971-81 की जनसंख्या वृद्धि (प्रतिशत में)

क्र.सं.	विकास खण्ड का नाम	1971-81 में जनसंख्या वृद्धि (हजार में)	दशक में वृद्धि (प्रतिशत में)
1.	चिरगांव	85.2	24.7
2.	मोठ	96.5	13.5
3.	गुरसरांय	87.6	10.7
4.	बामौर	95.4	15.7
5.	मऊरानीपुर	93.8	29.9
6.	वंगरा	87.6	20.8
7.	बबीना	84.2	43.4
8.	बड़ा गांव	75.4	10.5
	योग ग्रामीण	**705.7**	**19.4**

---

18. तालिका संख्या 18 सांख्यकीय पत्रिका जनपद झाँसी 1990, पेज संख्या 28

जनसंख्या का आर्थिक वर्गीकरण

सन् 1981 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या 11.09 करोड़ थी, प्रदेश की जनसंख्या के आर्थिक वर्गीकरण के अनुसार 189.6 लाख कृषक, 51.7 लाख कृषि श्रमिक, 1.8 लाख पशुपालक, 0.2 खान खोदने वाले, 10.5 लाख पारिवारिक उद्योग, 16.6 लाख गैर पारिवारिक उद्योग 323.9 लाख कुल मुख्य कर्मकार, 16.6 लाख सीमान्त कर्मकार तथा 768.1 लाख कार्य न करने वाले व्यक्ति हैं। मुख्य कर्मकार कुल जनसंख्या के 29.2 प्रतिशत है।

यदि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनसंख्या के आर्थिक वर्गीकरण पर विचार किया जाय तो यह कहा जा सकता है कि सन 1981 की जनगणना के अनुसार कुल मुख्य कर्मकारों की जनसंख्या 30.5 प्रतिशत थी, मुख्य कर्मकारों का बुन्देलखण्ड में विवरण को सारणी संख्या 19 में स्पष्ट किया गया है।[19]

सारणी संख्या 19

मुख्य कर्मकार जनसंख्या (प्रतिशत में)

जनपद	ग्रामीण क्षेत्र में 1981	नगरीय क्षेत्र में 1981	कुल जनसंख्या का प्रतिशत वर्ष 1981
झाँसी	29.2	25.5	27.8
ललितपुर	32.3	26.7	31.5
जालौन	29.3	26.1	28.4
हमीरपुर	31.7	26.4	30.8
बाँदा	33.8	27.6	33.0
योग	31.8	26.1	30.4

19. सारणी संख्या 19 सांख्यकीय पत्रिका 1990 झाँसी मण्डल पेज सं. 9

सारणी संख्या 19 द्वारा स्पष्ट है कि कुल कर्मकार जनसंख्या का 27.8 प्रतिशत झाँसी जनपद में है बुन्देलखण्ड क्षेत्र की जनसंख्या का 31.5 प्रतिशत ग्रामीण कर्मकार तथा 26.1 प्रतिशत नगरीय कर्मकार है।

बुन्देलखण्ड में कुल कर्मकारों का 23.8 प्रतिशत भाग कृषि कर्मकारों का है तथा कुल जनसंख्या में 6.4 प्रतिशत कृषि श्रमिकों का है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कृषि कर्मकारों तथा कृषि श्रमिकों का विवरण सारणी संख्या 20 में स्पष्ट किया गया है।[20]

सारणी संख्या-20

जनपदो में कृषि कर्मकार तथा कृषि श्रमिक जनसंख्या वर्ष 1981

जनपद	कृषि कर्मकारों का कुल जनसंख्या से प्रतिशत (कृषि मजदूर तथा कृषक सम्मिलित करते हुये)	कृषि श्रमिकों का कुल जनसंख्या से प्रतिशत
झांसी	17.0	3.4
ललितपुर	25.1	3.1
जालौन	22.4	5.7
हमीरपुर	25.2	8.7
बांदा	26.3	8.5
योग	23.8	6.5

सारणी संख्या 20 से यह स्पष्ट होता है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र

में कृषक तथा कृषि मजदूरों की कुल जनसंख्या 23.8 प्रतिशत है तथा कुल जनसंख्या 23.8 प्रतिशत है तथा कुल जनसंख्याका 6.4 प्रतिशत कृषि श्रमिक हैं, झाँसी जनपद में कृषि कर्मकार 17.0 प्रतिशत है तथा कुल जनसंख्या का 3.4 प्रतिशत कृषि श्रमिक है झाँसी जनपद की कुल जनसंख्या में से 30.5 प्रतिशत व्यक्ति कुल मुख्य कर्मकार है जिसमें 89.1 प्रतिशत व्यक्ति कृषि कार्य में लगे हुये हैं। 2.8 प्रतिशत व्यक्ति उद्योग में लगे हुये है, इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि झाँसी की जनसंख्या अधिकांशतः कृषि कार्य पर ही केन्द्रित है कुल मुख्य कर्मकारों का 50.8 प्रतिशत कृषि, 18.8 प्रतिशत कृषि श्रमिक, 5.1 प्रतिशत उद्योग और 11.1 प्रतिशत अन्य कर्मकार है। विभिन्न उद्योगो में लगे कर्मकारों का प्रतिशत सारणी संख्या 21 में स्पष्ट किया गया है।[21]

सारणी संख्या 21

बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कुल मुख्य कर्मकारों का प्रतिशत

क्र.सं.	कर्मकार	प्रतिशत
1.	कृषक	50.8
2.	कृषि श्रमिक	18.8
3.	पशुपालन व जंगल लगाना	0.6
4.	खान खोदना	0.2
5.	उद्योग	5.1
6.	निर्माण कार्य	1.2
7.	व्यापार एवं वाणिज्य	3.6
8.	यातायात एवं संचार	2.1
9.	सीमान्त कर्मकार	6.5
10.	अन्य कर्मकार	11.1
	कुल मुख्य कर्मकार	30.5

21. सारणी संख्या 21 सांख्यकीय पत्रिका 1990 झांसी मण्डल पेज सं. 23

सारणी संख्या 21 के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में कृषक तथा कृषि मजदूरों को सम्मिलित करते हुये कुल जनसंख्या का लगभग 70 प्रतिशत भाग कृषि कर्मकारों का है।

झाँसी जनपद के आठों विकास खण्डो की जनसंख्या के आर्थिक वर्गीकरण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि कुल मुख्य कर्मकारों का 48.5 प्रतिशत कृषक, 12.4 प्रतिशत कृषक मजदूर, 5.2 प्रतिशत पारिवारिक उद्योग एवं अन्य कर्मकार 34.0 प्रतिशत है। झांसी जनपद के आठों विकास खण्डो में आर्थिक वर्गीकरण के अनुसार कुल मुख्य कर्मकारों का वर्गीकरण सारणी संख्या 22 में स्पष्ट किया गया है।[22]

सारणी संख्या 22

झाँसी जनपद के कर्मकारों का वर्गीकरण-1981 (प्रतिशत में)

क्र0सं0	कर्मकार	संख्या (लाख में)	प्रतिशत
1.	कृषक	1.5	48.5
2.	कृषक मजदूर	0.4	12.4
3.	पारिवारिक उद्योग	0.2	5.2
4.	अन्य कर्मकार	1.1	34.0

22. सारणी संख्या 22 सांख्यकीय पत्रिका 1990 झाँसी जनपद पेज संख्या 3।

झाँसी जनपद के समस्त विकास खण्डो में कुल जनसंख्या का 29.2 प्रतिशत कर्मकार जनसंख्या थी। जिसका 85.5 प्रतिशत भाग कृषि में लगा हुआ था। जनपद के समस्त विकास खण्डो में अनुसूचित जाति, जनजाति जनसंख्या कर्मकार जनसंख्या का विवरण सारणी संख्या 23 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या 23

अनुसूचित जाति, जनजाति तथा कर्मकार जनसंख्या का वर्गीकरण

वर्ष 1981 (प्रतिशत में)

क्र.सं.	विकास खण्ड	अनुसूचित जाति एवं जनजाति	कुल मुख्य कर्मकार	कृषि में लगे कर्मकार
1.	चिरगांव	29.3	29.1	91.0
2.	मोठ	30.4	27.5	93.0
3.	गुरसरांय	34.9	28.7	88.6
4.	बामोर	33.0	29.0	90.1
5.	मऊरानीपुर	34.9	29.2	87.2
6.	बेगरा	34.7	28.4	87.4
7.	बवीना	29.2	32.2	73.3
8.	बड़ागांव	31.5	30.3	72.1
	योग	**32.4**	**29.2**	**85.5**

23. सारणी संख्या 23 सांख्यकीय पत्रिका 1990 झांसी जनपद पेज संख्या 12

सारणी संख्या 27 के अनुसार दिये गये आंकड़ों से यह ज्ञात होता है कि सबसे अधिक 29.2 प्रतिशत मुख्य कर्मकार मऊरानीपुर विकास खण्ड में है। कृषि कार्य में लगे कर्मकारों की संख्या 93.0 प्रतिशत मोठ विकास खण्ड में सबसे अधिक है। अनुसूचित जाति तथा जनजातियों की जनसंख्या दो विकास खण्ड गुरसरांय तथा मऊरानीपुर विकास खण्ड में है। झाँसी जनपद में आवासीय मकान परिवारों की संख्या, अनुसूचित जाति तथा जनजाति एवं काम न करने वाले कर्मकारों की सारणी संख्या 24 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या 24

जनसंख्या विभाजन लाख में

	आवासीय मकानों की संख्या (लाख में)	परिवारो की संख्या (लाख में)	अनुसूचित जातियां (लाख में)			अनुसूचित जनजातियां (लाखमें)			काम न करने वाले कर्मकार (लाख में)		
			स्त्री	पुरूष	योग	स्त्री	पुरूष	योग	स्त्री	पु.	योग
ग्रामीण	1.1	1.3	1.0	1.3	2.3	23	26	47	2.9	1.9	4.8
नगरीय	0.7	0.7	0.5	0.5	1.0	2	2	4	1.9	1.3	3.2
योग	1.8	2.0	1.5	1.8	3.3	25	28	53	4.8	3.2	8.0

सारणी संख्या 24 के आंकड़ों के अनुसार जनपद में लगभग 2.0 लाख परिवारों की संख्या, 3.3 लाख अनुसूचित जातियों, 53 कुल जनजातियां है तथा काम न करने वाले 8.0 लाख व्यक्ति हैं। यदि सारणी संख्या 28 पर विचार किया जाय

24. सारणी संख्या 24 जिला जनगणना हस्तपुस्तिका 1981 पेज संख्या 13, 14, 15 पर आधारित है।

तो यह कहा जा सकताहैं कि जनपद की कुल जनसंख्या 11.4 लाख में से 8.0 लाख व्यक्ति काम न करने वाले कर्मकार हैं।

सन् 1981 की जनगणना के अनुसार जनपद में 1.5 लाख कृषक हैं। जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में 1.4 लाख कृषक तथा 0.4 लाख कृषि श्रमिक निवास करते हैं। विभिन्न विकास खण्डो में कृषक तथा कृषि श्रमिकों का विवरण तालिका संख्या 29 में स्पष्ट किया गया है।[25]

सारणी संख्या 25

विकास खण्डो में कृषक तथा कृषि श्रमिकों की जनसंख्या (1981)

विकास खण्ड	कृषक (हजार में)	कृषि श्रमिक (हजार में)	कृषि श्रमिकों का कृषकों से प्रतिशत
चिरगांव	18.2	4.3	23.6
मोठ	20.2	4.5	22.2
गुरसरांय	17.6	4.7	26.7
बामौर	19.2	5.7	29.7
मऊरानीपुर	17.8	6.0	33.7
बंगरा	17.7	4.1	23.2
बबीना	17.7	2.1	11.9
बड़ा गांव	13.2	3.3	25.0
योग	141.6	34.7	24.5

25. सारणी संख्या 25 सांख्यकीय पत्रिका जनपद झांसी पेज संख्या 30

सारणी संख्या 25 के आंकड़ों के अनुसार जनपद के सभी विकास खण्डो में कृषकों तथा कृषि श्रमिकों की संख्या अलग अलग पाई गई है। मऊरानीपुर विकास खण्ड में सबसे अधिक कृषि श्रमिकों की संख्या है तथा बबीना विकास खण्ड में कृषि श्रमिक सबसे कम है। मोठ विकास खण्ड में 20.2 हजार कृषक है जो जनपद के ग्रामीण क्षेत्र के सबसे अधिक कृषक है तथा गुरसरांय विकास खण्ड में सबसे कम कृषक निवास करते हैं। झाँसी जनपद के 1.5 लाख कृषक में से 1.4 लाख कृषक ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते हैं तथा जनपद के 0.4 लाख कृषि श्रमिक (मजदूर) ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि जनपद की लगभग 93 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर ही निर्भर है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति संख्या :

उत्तर प्रदेश की 11.9 लाख जनसंख्या में से 12.4 प्रतिशत अनुसूचित जाति या जनजाति निवास करती है जिसमें से 19.1 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा जनजाति ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। उत्तर प्रदेश की कुल अनुसूचित जाति तथा जनजाति का 25.6 प्रतिशत भाग बुन्देलखण्ड क्षेत्र में निवास करता है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जाति तथा जनजाति का 1/4 भाग बुन्देलखण्ड क्षेत्र में निवास करता है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जनपदो में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों का कुल जनसंख्या से प्रतिशत का विवरण सारणी संख्या 30 में स्पष्ट किया गया है।[26]

---

26. सारणी संख्या 26 सांख्यकीय पत्रिका झांसी मण्डल 1990 पेज संख्या 8

सारणी सं. - 26

अनुसूचित जाति तथा जनजातियों का कुल जनसंख्या से प्रतिशत (1981)

जनपद	कुल जनसंख्या (लाख में)	अनुसूचित जाति तथा जनजातियों का कुल जनसंख्या से प्रतिशत
झाँसी	11.4	28.7
ललितपुर	5.8	24.4
जालौन	9.9	27.2
हमीरपुर	11.9	24.6.
बाँदा	15.3	23.6
योग	**54.3**	**25.6**

झाँसी जनपद की 1981 की **जनगणना** के अनुसार कुल जनसंख्या का 28.7 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की है। जनपद की कुल अनुसूचित जाति एवं जनजातियों की **ग्रामीण** जनसंख्या 32.4 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। जिसका आठों विकास खण्ड में वितरण को सारणी संख्या 27 में स्पष्ट कियागया है।[27]

---

27. सारणी संख्या 27 सांख्यकीय पत्रिका झाँसी जनपद 1990 पेज संख्या 29

सारणी संख्या-27

अनुसूचित जाति तथा जनजाति का विकास खण्डो में वितरण (1981)

क्र.सं.	विकास खण्ड	जनसंख्या (हजार में)	अनुसूचित जाति एवं जनजाति की संख्या (हजार में)	जनसंख्या से प्रतिशत
1.	चिरगांव	85.2	24.9	29.3
2.	मोठ	96.5	29.3	30.4
3.	गुरसरांय	87.6	30.6	34.9
4.	वामौर	95.4	31.5	33.0
5.	मऊरानीपुर	93.7	32.7	34.9
6.	वंगरा	87.6	30.4	35.7
7.	ववीना	84.2	25.2	29.9
8.	बड़ा गांव	75.4	23.5	31.4
	योग	**705.6**	**228.3**	**32.4**

यदि झाँसी जनपद की अनुसूचित जाति तथा जनजाति जनसंख्या पर विचार किया जाय तो यह कहा जा सकता है कि गुरसरांय और मऊरानीपुर विकास खण्ड में अनुसूचित जाति तथा जनजातियों का 34.9 प्रतिशत सबसे अधिक प्रतिशत है। सबसे कम प्रतिशत 29.3 चिरगांव विकास खण्ड में है। झाँसी जनपद के आठों विकास खण्डो में अनुसूचित जाति तथा जनजातियों की 29.3 से 34.9 प्रतिशत तक जनसंख्या है।

झाँसी जनपद में अनुसूचित जाति तथा जनजातियों में आर्थिक वर्गीकरण के अनुसार काश्तकार, खेतीहर मजदूर, पारिवारिक उद्योग, अन्य काम करने वाले, सीमान्त काम करने वाले तथा काम न करने वाले व्यक्तियों के विवरण को सारणी संख्या 32 में स्पष्ट किया गया है।[28]

सारणी संख्या 28

अनुसूचित जाति एवं जनजातियो का आर्थिक वर्गीकरण

वर्ष 1981 **(हजार में)**

	काश्तकार (मुख्य काम करने वाले)			खेतीहर मजदूर			पारिवारिक उद्योग		
	कुल	पु0	स्त्री	कुल	पु0	स्त्री	कुल	पु0	स्त्री
ग्रामीण	38.0	36.2	1.8	21.6	16.8	4.8	3.1	2.5	0.6
नगरीय	1.5	1.4	0.1	1.5	1.2	0.3	5.2	3.5	1.8
योग	**39.5**	**37.6**	**1.9**	**23.1**	**18.0**	**5.1**	**8.3**	**6.0**	**2.3**

	अन्य काम करने वाले			सीमान्त काम करने वाले			काम न करने वाले		
	कुल	पु0	स्त्री	कुल	पु0	स्त्री	कुल	पु0	स्त्री
ग्रामीण	7.4	6.8	0.6	8.6	0.8	7.8	149.6	61.9	87.7
नगरीय	18.6	16.3	2.3	1.8	0.3	1.5	69.1	29.2	39.9
योग	**26.0**	**23.1**	**20**	**104**	**11**	**9.3**	**218.7**	**91.1**	**127.6**

सारणी संख्या 28 के आंकड़ों के अनुसार 39.5 हजार व्यक्ति काश्तकार है। 23.1 हजार व्यक्ति खेतीहर मजदूर, 8.3 हजार व्यक्ति पारिवारिक उद्योग में लगे है तथा 218 हजार व्यक्ति ऐसे हैं जो काम नहीं करते हैं। जिसमें से 91.1 हजार पुरूष तथा 127.6 हजार स्त्रियां हैं।

यदि ग्रामीण क्षेत्र की अनुसूचित जाति तथा जनजाति की जनसंख्या पर विचार किया जाय तो ग्रामीण क्षेत्र की कुल जनसंख्या 32.7 प्रतिशत भाग अनुसूचित जाति तथा जनजाति का है। अनुसूचित जाति तथा जनजाति की कुल मुख्य कर्मकार जनसंख्या का 85.5 प्रतिशत भाग कृषि पर ही निर्भर है। इस प्रकार जनपद की अधिकांश अनुसूचित जाति तथा जनजाति जनसंख्या परम्परागत कृषि पर ही केन्द्रित है।

****

अध्याय : दो - अध्ययन का प्रारूप एवं विधि

1. समस्या का प्रारूप :

भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर सात ग्रामीण श्रमिकों से संबंधित जांच कराई जा चुकी है। पहली दो जांचे कृषि श्रम जांच के नाम से जानी जाती है जो 1950-51 तथा 1956-57 में कराई गई थी। अन्य पांच जाचें ग्रामीण श्रम जांच के नाम से है जो 1963-65, 1974-75, 1977-78, 1983 तथा 1987-88 में कराई गयी थी। अन्तिम पांच जांचों के अंतर्गत सभी ग्रामीण श्रमिक परिवारों को शामिल किया गया था। नेशनल सम्पुल सर्व के 32वें चक्र से (1977-78) ग्रामीण श्रम सर्वेक्षण को सामान्य रोजगार तथा बेरोजगार के सर्वेक्षण के साथ मिला दिया गया। इस समन्वय के पश्चात समय-समय पर श्रम संबंधी आंकड़ें नेशनल सम्पुल सर्वे द्वारा प्रदान किये जाते हैं।

वर्तमान में 644 लाख कृषि श्रमिक देश में है उनमें से 359 लाख पुरूष तथा लगभग 285 लाख महिला श्रमिक हैं। वे देश के कुल कार्यकारी जनसंख्या का 26.6 है और देश के कुल कृषि श्रमिकों का 38.5 प्रतिशत हैं। यदि अनुसूचित जाति एवं जनजाति की जनसंख्या को मिला दिया जाय तो कुल कृषि श्रमिक का लगभग 46 प्रतिशत है।

ग्रामीण श्रम संबंधी सभी जांचों का उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं को स्पष्ट करना तथा उनमें होने वाले परिवर्तनों को स्पष्ट करना रहा है। इनमें कृषि श्रमिकों के रोजगार, उपभोग स्तर, आय स्तर आदि से संबंधित होते हैं।

पिछले दशक के प्रारम्भ (1979-80) से ग्रामीण क्षेत्र के गरीबी व बेरोजगारी की समस्या के निराकरण के लिए एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम का प्रारम्भ पांचवीं पंचवर्षीय योजना में प्रारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत गरीबों की परिभाषा गरीबी की रेखा के आधार पर दी गई। गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों को आय सृजित सम्पत्तियां प्रदान करके उनके जीवन स्तर में सुधार का कार्यक्रम अपनाया गया। धीरे धीरे अनुभव यह किया जाने लगा कि गरीबों की गरीबी के निराकरण के लिऐ उन्हें केवल आय-सृजित सम्पत्तियों का प्रदान किया जाना मात्र पर्याप्त नहीं है। पुरूषों को आय का साधन देने के साथ साथ महिलाओ को भी आत्मनिर्भर बनाने, आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने तथा परिवार की आय में पुरूषों के आय के साथ वृद्धि करने के लिए कृषि कार्य में लगी महिला श्रमिकों पर अलग से विचार करना आवश्यक हो गया। कृषि पुरूष श्रमिकों के सम्बन्ध में जब कभी भी जांच आयोग की स्थापना की गई उनकी समस्याओं पर विचार करते समय कृषि महिला श्रमिकों पर भी साथ-साथ विचार किया गया पर कृषि क्षेत्र के पुरूष श्रमिकों के साथ कृषि महिला श्रमिकों पर भी विचार कर लेना पर्याप्त नहीं है। उनकी आर्थिक समस्यायें पुरूष श्रमिकों की समस्याओं से कहीं अधिक भयावह है और उनपर अलग से विचार करना आवश्यक है।

कृषि महिला श्रमिकों में तीन प्रकार की महिला श्रमिक हैं। एक तो ऐसी महिला श्रमिक जो अपने पति के साथ साथ उनका हाथ बंटाती है जिससे उनके परिवार की आय बढ़ सके और पति के आय के साथ साथ उनके आय से परिवार का भरण-पोषण एक उपयुक्त तरीके से हो सके। दूसरी ऐसी कृषि महिला श्रमिक है जो परिवार की मुखिया के रूप में परिवार तथा अपना भरण पोषण के लिए मजदूरी का

कार्य करती है तथा अपने भरण पोषण या परिवार के साथ रहकर उनके दायित्व को हलका बनाती है। तीसरे प्रकार की महिला श्रमिकों में उन महिलाओं को रखा जा सकता है जो विभिन्न सामाजिक कारणों से वैवाहिक पारिवारिक जीवन व्यतीत करने से वंचित है तथा वे अपने पति से अलग अपना जीवन यापन मजदूरी के आधार पर कर रही है।

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के मुख्यतया दो अंग है। एक का संबंध ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं से तथा दूसरे का संबंध ग्रामीण युवकों से है जिन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देकर विशिष्ट कार्य के योग्य बनाया जाता है।

वर्तमान प्रस्तावित अध्ययन में कृषि महिला श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया है।

2. कृषि महिला श्रमिकों पर प्राप्त साहित्य :

पिछले दशक से एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के प्रारम्भ होने के पश्चात इसका ग्राम्य जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का परीक्षण करने के लिए एक बड़ी संख्या में इस बात के अध्ययन का प्रयास किया गया है कि इस कार्यक्रम द्वारा समाज के कमजोर वर्ग के (कृषि श्रमिक तथा सीमान्त कृषकों) के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन को किस सीमा तक प्रभावित किया जा सकता है? इन अध्ययनों का क्षेत्र अलग अलग रहा है। अधिकांश अध्ययन अनुसूचित जाति के कृषि श्रमिकों या सीमान्त कृषकों से ही संबंधित रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों के संबंध में संक्षेप में निम्न प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है।

कृषि श्रमिकों से संबंधित अध्ययन :

भारत में एक बड़ी संख्या में अध्ययन किए गये है (विशेष कर 60वें दशक के मध्य समय के पश्चात्) इनमें इस बात पर विचार किया गया है कि क्या नवीन कृषि तकनीक कृषि श्रमिकों के आर्थिक जीवन को किस सीमा तक प्रभावित किया है? इनमें से कुछ अध्ययन केवल नवीन तकनीको के कारण कृषि श्रमिकों के मांग में होने वाली कृषि पर विचार किया है। कुछ अध्ययन इसके परिणाम स्वरूप रोजगार के अवसरों पर विचार किया है। साथ ही कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रो में किस सीमा तक रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा सकता है, कुछ शोध कार्यो में कृषि उत्पादकता एवं मजदूरी की दरों के संबंध को स्पष्ट किया गया है। कृषि मजदूरी की दरों में क्षेत्रीय असमानता का पाया जाना एक महत्वपूर्ण विषय इन अध्ययनों में रहता है। तुलनात्मक रूप से कुछ ही अध्ययन प्राप्त हो रहे है जिनके अन्तर्गत रहन-सहन के स्तर, उपयोग स्तर, आय के साधनों पर विचार किया गया है। इन अध्ययनों में कृषि श्रमिकों के खाद्य पदार्थो पर विचार किया गया है जिसके लिए नेशनल सैम्पुल सर्वे द्वारा प्रदत्त आंकड़ों का प्रयोग किया गया है। यद्यपि इन अध्ययनों के बारे में विस्तार में नही स्पष्ट किया जा सकता है। विभिन्न अध्ययनों में पुरूष कृषि श्रमिकों को ध्यान में रखकर अध्ययन किया गया है महिला कृषि श्रमिकों पर अलग से विचार नहीं किया गया है। कुछ अध्ययनों के निष्कर्ष को निम्न प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है।

(1) वर्धन ने साठ के दशक में सामान्य कृषि सम्पन्नता में कृषि श्रमिकों को

प्राप्त होने वाले हिस्से पर विचार किया है।[1] उनका निष्कर्ष यह रहा है कि साठवें दशक के अन्त में लगभग 70 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या न्यूनतम स्वीकार योग्य रहन सहन के स्तर के नीचे जीवन व्यतीत कर रही थी। भारतीय स्तर पर न्यूनतम स्वीकार योग्य स्तर के नीचे रहने वाली ग्रामीण जनसंख्या साठवें दशक के अंत में बढ़कर दुगनी हो गई है। यह बात बिहार, गुजरात, जम्मू व कश्मीर, मैसूर तथा उत्तर प्रदेश राज्यों के संबंध में था। सन 1960-61, 67-68 के बीच पंजाब में न्यूनतम स्वीकार योग्य सतर के नीचे रहने वाली जनसंख्या में हरित क्रान्ति के परिणामस्वरूप कभी हुई है। सामान्य रूप से प्राय: सभी राज्यो में गरीबों के प्रतिशत में वृद्धि हुई है।

ग्रामीण रोजगार पर हरित क्रान्ति के प्रभाव का उत्तर प्रदेश के उत्तरी एवं पश्चिमी क्षेत्रों में पड़ने वाले प्रभा का अध्ययन शाह और सिंह द्वारा किया। लेखकों का यह निष्कर्ष रहा है कि श्रम का रोजगार (स्थायी एवं आकस्मिक श्रमिकों) प्रगतिशील कृषि क्षेत्रो में कम प्रगतिशील फार्मो की तुलना में अधिक रहा है।[2]

इसी प्रकार अधिक उपज देने वाली फसलों के रोजगार प्रभाव पर अध्ययन गर्ग[3] द्वारा किया गया तथा यह पाया गया कि धान, मक्का तथा गेहूँ के अधिक उपज

---

1. P. Bardhan-Green Revolution and Agricultural Labourers. Economic and Political weekly Vol. V No. 29, 30-31, Special No. July 97.

2. S.L.Shah and L.R.Singh - The Impact of New Agricultural Technology on Rural Employment in North West U.P. - Indian Journal of Agricultural Economics, Vol. 25, No. III, July-Sept. 1970.

3. GARG et.al. Impact of Modern Technology on Rural Unemployment Indian Journal of Agricultural Economics Vol. 27 No. 4, Oct. Dec. 1972.

वाली फसलों द्वारा रोजगार के अवसरों में 19.47, 15.31 और 19.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसी प्रकार सिंह ने सन 1971-72 में नवीन कृषि उत्पादन तकनीक का कृषि श्रमिकों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में नवीनीकरण का श्रम रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव का भी अध्ययन किया उनका निष्कर्ष यह रहा है कि आधुनिक तकनीक द्वारा अधिक कृषि श्रमिकों को रोजगार दिया गया।

साधू और सिंह[4] ने श्रम के प्रति एकड़ आवश्यकता पर विचार किया तथा कुल परिवर्ती लागत में श्रम लागत के हिस्से पर नवीन कृषि रणनीति में विचार किया।

लेखकों ने इस परिकल्पना का परीक्षण किया कि नवीन कृषि रणनीति के कारण कृषि रोजगार के अवसरों में कमी हुई है या नही। उनका निष्कर्ष यह रहा है कि नवीन कृषि रणनीति में कृषि श्रमिकों के मांग में वृद्धि हुई है।

एम. एल. सिंह ने 1970-71 में बिहार के पालामऊ जिले के दो गांवों से संबंधित श्रम के बेरोजगार तथा उपलब्ध बेरोजगार को प्रभावित करने वाले तथा इनकी

4.a) Singh et al, Impact of New Agricultural Technology and Mechanization on Labour Employment. - Indian Journal of Agricultural Economics Vol. 27, No. 4, Oct.-Dec. 1972

b) A.N. Sadhu and A. Singh, Agricultural Growth and Farm Employment - Indian Journal of Agricultural Economics Vol. 21 No. 4 (I) Jan. 1979.

सीमा निर्धारित करने के लिए तथा उन तथ्यों के निर्धारण पर विचार किया जो श्रम उपभोग को प्रभावित करते हैं। उन्होंने यह अनुभव किया कि सिचाई के साधनों का विकास करके अल्प बेरोजगार तथा बेरोजगार को समाप्त किया जा सकता है।[5]

के. सिंह ने 1962-63 तथा 1967-68 के बीच सघन क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम में मजदूरी की दर तथा रोजगार की मात्रा में वृद्धि हुई है या कमी हुई है या स्थिर बना हुआ है। उनका निष्कर्ष यह रहा है वास्तविक मजदूरी में एक समय में कमी हुई है तथा प्रति हेक्टेयर श्रम के रोजगार में वृद्धि हुई है।[6]

उपरोक्त के अतिरिक्त कुछ अध्ययन ऐसे हैं जिनमें श्रम के सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं पर विचार किया गया है। इन अध्ययनों में कुछ विशेष तथ्यों को स्पष्ट किया गया है।

[6(a)]जौहर तथा शर्मा ने पंजाब के अमृतसर जिले में कृषि श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन का परीक्षण किया तथा नीति निर्धारकों का ध्यान उनकी गरीबी की

---

5. M.L. Singh - Unemployment in Rural Areas of Palamau District (Bihar) Indian Journal of Agricultural Economics Vol. 27 No. 4 Oct.-Dec. 1972.

6. A. K. Singh - The Impact of New Technology on Agricultural Wage rates and Employment in IADP District. Indian Journal of Agril. Econ. No. 4, Vol. 27, Oct. - Dec. 1997.

6(a) R.S. Johar and O.P. Sharma Agricultural Labour - A Socio-Economic Survey. Indian Journal of Labour Economic Vol. 21, No. III Oct. 1978.

ओर आकृष्ट किया। लेखकों के अनुसार कृषि श्रमिक अत्यन्त दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहें है।

लक्ष्मी नारायण ने कृषि श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं में एक निश्चित समय में होने वाले परिवर्तनों पर विचार किया है जिसमें उन्होंने पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तीन गांवों का अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि शिक्षा का प्रचार व प्रसार कृषि श्रमिकों के जीवन को बाधित कर रही है। कृषि श्रमिकों के मजदूरी में कृषि क्षेत्र का एक हिस्सा मात्र रह गया है।[7]

इसी पर पानीकर ने कृषि श्रमिकों के रोजगार के स्तर, आय स्तर तथा खाद्य सामग्री पर विचार किया। उनका क्षेत्र केरल का चावल उत्पादक क्षेत्र रहा है। उनका निष्कर्ष यह रहा है कि कृषि श्रमिकों को बड़ी मात्रा में बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है यह कुल श्रम शक्ति का 34 प्रतिशत रहा है। आय स्तर भी न्यून रहा है भले ही मजदूरी स्तर अन्य क्षेत्रो की तुलना में ऊँचा रहा है।[8]

---

7. H. laxmi narayan Changing Conditions of Agril. Labourers Economic and Political Weekly Vol. 12 No. 31-32, 33, Aug. 1978.

8. P.G.K. Panikker - Employment Income and Food Intake among Selected Agril Labourer Households, Economic and Political weekly Vol 12. No. 31, 32, 33 Aug. 1978.

इसी प्रकार चट्टोपाध्याय ने कृषि श्रमिकों के रोजगार के कुछ पक्षों पर विचार किया है। इसके लिए उन्होंने वीर भूमि जिले के कुछ गांवो के कृषि श्रमिकों पर विचार किया जिसमें उन्होंने रहन के स्तर तथा कृषि विकास का उन पर पड़े प्रभाव पर विचार किया। उनका निष्कर्ष यह रहा है कि कृषि श्रमिकों को एक समान वर्ग के रूप में पहचान करना कठिन है। आय स्तर, उपभोग स्तर के आधार पर वे अलग अलग वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं।[9]

ज्ञान सिंह ने 1980-81 में कृषि श्रमिकों के आर्थिक दशाओं का अध्ययन रहन के स्तर, आय के स्रोत तथा उपभोग स्तर पर विचार किया। इनका अध्ययन पंजाब के विकसित जिलो से संबंधित है।[10]

उपरोक्त अध्ययनों से यह स्पष्ट है कि विभिन्न क्षेत्र के कृषि श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया है। कृषि महिला श्रमिकों पर अलग से विचार नही किया गया है।

3. प्रस्तावित शोध समस्या का औचित्य :

किसी भी शोध समस्या द्वारा मुख्यतया दो उद्देश्यों की पूर्ति होना आवश्यक होता है। एक तो इसके द्वारा ज्ञान के क्षेत्र में वृद्धि होनी चाहिए दूसरे यदि

---

9. M. Chatopadhyaya - Agril. Labourers of Birhhdun - Indian Journal of Agril. Economics Vol. 32. No. 3, JulySept. 1970.

10. Gyan Singh - Economic condition of Agril. Labourers and Managerial Farmer, B.R. B. R. Publishing Corporation - Delhi.

शोध समस्या का प्रारूप व्यय धारिक है तो समस्या पर विचार द्वारा ऐसे निष्कर्षो पर पहुँचा जा सके जिसके समाधान के लिए नीति या रणनीति में इसके द्वारा सहायता प्राप्त हो सके। जहां तक प्रथम उद्देश्य का प्रश्न है यह प्रस्तावित अध्ययन एक क्षेत्रीय अध्ययन है अतः इसके माध्यम से एक क्षेत्र विशेष की परिस्थितियों को समझने के लिए ज्ञान प्राप्त किया जा सकेगा। दूसरे, देश में आर्थिक नियोजन द्वारा सभी क्षेत्रों एवं वर्गो का एक रूप या सम रूप विकास नहीं किया जा सका है। बल्कि विभिन्न प्रकार के असन्तुलन विकसित हुआ है। क्षेत्र के अनुरूप क्षेत्रीय असनतुलन तथा समाज के वर्गो के अनुसार वर्गीय असन्तुलन का प्रादुर्भाव हुआ है। इन विभिन्न प्रकार के असन्तुलनों में ग्रामीण क्षेत्र का भूमिहीन वर्ग या कृषि श्रमिक वर्ग अधिक रूप से प्रभावित हुआ है। भूमिहीन कृषि श्रमिक होने के कारण कृषि क्षेत्र में होने वाले विकासों के लाभ से वंचित रहा है। कृषि विकास के स्तर के साथ साथ उसके मजदूरी स्तर में पर्याप्त वृद्धि नही हो सकी है बल्कि कुछ तकनीकी विकास कृषि क्षेत्र में ऐसे हुए हैं जिससे उसके रोजगार के अवसरों में वृद्धि के बजाय कमी हुई है और वह शेष रोजगार के अवसरों में कम मजदूरी के ही आधार पर कार्य करने को विवश हुआ है यही दशा कृषि महिला श्रमिकों की भी रही है। पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं के मजदूरी स्तर के कम होने के कारण कृषि कार्यो में पुरूषों के स्थान पर महिला श्रमिकों को प्रतिस्थापित करने की प्रवृति पाई गयी है।

जहां तक क्षेत्रीय असन्तुलन का प्रश्न है उत्तर प्रदेश का बुन्देलखण्ड क्षेत्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में आर्थिक दृष्टि से अधिक पिछड़ा हुआ है या विकास के दृष्टिकोण से अल्पविकसित है। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों की तुलना में कृषि श्रमिकों

की संख्या अधिक है। इस बात का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रदेश की लगभग 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं जनजाति की जनसंख्या बुन्देलखण्ड क्षेत्र में ही आवास करती है। अतः इस क्षेत्र से संबंधित अध्ययन का महत्व अपने आप स्पष्ट हो जाता है। उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में वर्तमान में सात जनपद (जो पहले छः थे) आते हैं, जो झाँसी, जालौन, हमीरपुर, बाँदा, ललितपुर व महोबा तथा चित्रकूट धाम कर्वी हैं। इन जनपदो में झाँसी जनपद का चुनाव अध्ययन क्षेत्र के रूप में किया गया है। सीमित समय व साधनों के परिवेश में सभी जनपदों पर विचार करना एक शोधार्थी के लिए कठिन है। अतः अध्ययन को झाँसी जनपद तक ही सीमित रखा गया है।

अध्ययन का योगदान :

प्रस्तावित अध्ययन का उद्देश्य एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप कृषि महिला श्रमिकों के आर्थिक एवं सामाजिक जीवनपर पड़ने वाले प्रभाव कृषि विकास में अपनाई गई उत्तम तकनीक, उन्नत बीज, यंत्र एवं अन्य आंकड़ों के परिणामस्वरूप कृषि महिला श्रमिकों के कार्यदशाओं, आय स्तर, रोजगार स्तर, आदि पर पड़ने वाले प्रभावों का मूल्यांकन करना है तथा इस ओर जो भी कमियां और शिथिलताओं के कारण उनके आर्थिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को अवरूद्ध करने वाले तथ्यों को स्पष्ट करना है तथा ग्रामीण महिला कृषि मजदूरों के आर्थिक जीवन में सुधार के लिए उपयुक्त नीति या रणनीति के लिए आवश्यक सुझाव या उपायों को स्पष्ट किया जा सकेगा।

अध्ययन क्षेत्र :

वर्तमान अध्ययन झाँसी जनपद से संबंधित है। यह जनपद चार तहसीलों,

सर्वेक्षण के समय ग्राम पट्टी कुम्हर्रा में 178 कृषि महिला श्रमिक पाई गई तथा एक परिवार से एक महिला का चुनाव किया गया जो कृषि क्षेत्र में मजदूरी अर्जित करती है इसलिए यह भी कहा जासकता है कि इस गांव में कृषि महिला श्रमिकों के 178 परिवार हैं। इसके अतिरिक्त 254 परिवारो में पुरूष भी कृषि श्रमिक पाये गये। कृषि महिला श्रमिको में 21.3 प्रतिशत महिलायें शिक्षित थी, 78.7 प्रतिशत महिलायें अशिक्षित पाई गई। पुरूष कृषि श्रमिकों में 41.7 प्रतिशत शिक्षित तथा 58.3 प्रतिशत पुरूष अशिक्षित पाये गये। जिसे सारणी संख्या-47 में स्पष्ट किया गया है।

यदि कृषि महिला श्रमिको के बच्चों का विवरण दिया जाय तो चन्दवारी गांव में 127 कृषि महिला श्रमिको में 362 बच्चे थे। इस प्रकार प्रति परिवार बच्चों का औसत लगभग 3 आता है। इन विभिन्न परिवारो में बच्चों की संख्या 1 से लेकर 6 तक रही है इन 178 परिवारो में 51 परिवार ऐसे भी थे जिनमें बच्चे नहीं थे इन 127 बच्चों वाले परिवारो में 26 प्रतिशत परिवारो में 1 बच्चा तथा 22 प्रतिशत परिवारो में 4 बच्चे थे। जिन परिवारो में 5 और 6 बच्चे थे वे लगभग 60 प्रतिशत थे। गांव के बच्चों के विवरण के अनुसार श्रमिक परिवारो में बच्चों की संख्या आदर्श परिवार के आकार में नहीं रही है। जिसे सारणी संख्या 48 में स्पष्ट किया गया है।

यदि बच्चों का उम्र के आधार पर वर्गीकरण किया जाय तो कुल बच्चों में 23.8 प्रतिशत बच्चे तीन वर्ष से कम, 21 प्रतिशत बच्चे तीन वर्ष से कम

21 प्रतिशत बच्चे तीन वर्ष से कम 5 वर्ष तक के 29.1 प्रतिशत बच्चे 5 से 10 वर्ष के बीच तथा 26.1 प्रतिशत बच्चे 10 से 15 वर्ष के बीच पाये गये जो सारणी संख्या-49 में स्पष्ट किये गये हैं।

सारणी संख्या-47

तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	कुल बच्चों की संख्या	3 वर्ष से कम उम्र के बच्चे	कुल बच्चों से प्रतिशंत
1	34	11	32.4
2	46	10	21.7
3	63	15	23.8
4	112	28	25.0
5	95	20	21.1
6	12	2	16.7
योग से प्रतिशत	362	86	23.8

सारणी संख्या-48

स्कूल जाने वाले बच्चो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	कुल बच्चे	स्कूल जाने वाले बच्चे	कुल से प्रतिशत
1	34	16	47.1
2	46	24	52.2
3	63	27	42.9
4	112	52	46.4
5	95	40	42.1
6	12	6	50.0
योग से प्रतिशत	362	165	45.6

सारणी संख्या-49

स्कूल जाने योग्य पर स्कूल नही जाने वाले बच्चो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	कुल बच्चे	स्कूल जाने योग्य बच्चे पर स्कूल नहीं जानते	कुल बच्चों से प्रतिशत
1	34	7	20.6.
2	46	12	26.1
3	63	21	33.3
4	112	32	28.6
5	95	35	36.8
6	12	4	33.3
योग से प्रतिशत	362	111	30.7

चन्दगरी गांव में बच्चों वाले कुल परिवार 127 जिनमें 362 कुल बच्चे थे इनमें 86 बच्चे या 23.8 प्रतिशत बच्चे 3 वर्ष से कम उम्र के थे जो 34 परिवारो से सम्बन्धित थे जिसे सारणी संख्या-50 में स्पष्ट किया गया है।

यदि कुल बच्चों में स्कूल जाने वाले बच्चों का प्रतिशत ज्ञात किया जाय तो 45.6 प्रतिशत बच्चे स्कूल जाते हैं। जो 47.2 प्रतिशत परिवारो से सम्बन्धित हैं, स्कूल जाने वाले आयु सीमा से कम स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या का अधिक होना इस बात को स्पष्ट करता है कि स्कूल में मध्यांन के समय स्वल्पाहार

की व्यवस्था का लाभ उठाने के उद्देश्य से 5 वष्र से कम उम्र के बच्चों को स्कूल भेज दिया जाता है। निश्चित आयु सीमा के पश्चात स्व्ल्पाहार की व्यवस्था न होने के कारण ये संख्या क्रमशः कम होती जाती हे। स्कूल जाने वाले बच्चों के विवरण को सारणी संख्या 51 में स्पष्ट किया गया है।

यदि स्कूल न जाने वाले बच्चों का कुल बच्चों में प्रतिशत ज्ञात किया जाय तो कुल बच्चों में 30.7 पतिशत बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं। स्कूल न जाने वाले बच्चों के विवरण को सारणी संख्या 52 में स्पष्ट किया गया है।

यदि 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के परिवारों को वर्गीकरण किया जाय तो कुल बच्चों के परिवारो में 26.8 प्रतिशत बच्चे 3 वष्र से कम उम्र के परिवारो के थे। तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चे उन परिवारो में अधिक पाये गये हैं जिन परिवारो में । बच्चा तथा 4 बच्चे हैं, बच्चों के परिवारो के विवरण को सारणी संख्या-53 में स्पष्ट किया गया है।

यदि कुल बच्चों में स्कूल जाने वाले बच्चो के परिवारो का प्रतिशत किया जाय तो 47.2 प्रतिशत परिवारो के बच्चे स्कूल जाते हैं। ये बच्चे अधिकांश उन परिवारो के हैं जिनमे 2 बच्चे हैं जिसे सारणी संख्या-54 में स्पष्ट किया गया है।

यदि स्कूल न जाने वाले बच्चों के परिवारो का प्रतिशत किया जाय तो 29.1 प्रतिशत परिवारो के बच्चे स्कूल नहीं जाते ये बच्चे उन परिवारो में अधिक है जिनमें उसे 6 बच्चे तक है जिसे सारणी संख्या-55 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-50

3 वर्ष के कम उम्र के बच्चो के परिवारो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	बच्चों वाले कुल परिवार	3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के परिवार	बच्चे वाले कुल परिवारों का प्रतिशत
1	34	11	32.4
2	23	5	21.7
3	21	5	23.8
4	28	7	25.0
5	19	4	21.1
6	2	2	16.7
योग	127	34	26.8

सारणी संख्या-51

स्कूल जाने वाले बच्चो के परिवारो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	बच्चों वाले कुल परिवार	स्कूल जाने वाले बच्चों के परिवार	कुल परिवारो से प्रतिशत.
1	34	16	47.1
2	23	12	52.2
3	21	9	42.9
4	28	13	46.4
5	9	8	42.1
6	2	2	100.0
योग से प्रतिशत	127	60	47.2

सारणी संख्या-52

स्कूल न जाने वाले बच्चो के परिवारो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	बच्चो वाले	स्कूल न जाने वाले बच्चों के परिवार	कुल परिवारो से प्रतिशत
1	34	7	20.6
2	23	6	26.1
3	21	7	33.3
4	28	8	28.6
5	9	7	36.8
6	2	2	100.0
योग	127	37	29.1

ग्राम-पचार

ग्राम पचार में सर्वेक्षण के समय 171 कृषि महिला श्रमिक पाई गई तथा एक परिवार से 1 महिला का चुनाव किया गया जो कृषि क्षेत्र में मजदूरी अर्जित करती है। इसलिए यह भी कहा जा सकता है कि गांव में 171 कृषि महिला श्रमिक परिवार हैं। इनके अतिरिक्त 185 परिवारो में पुरूष कृषि श्रमिक के रूप में कार्य करते हैं। कृषि महिला श्रमिकों में 18.1 प्रतिशत महिलायें शिक्षित तथा 81.9 प्रतिशत महिलाएं अशिक्षित पाई गई। पुरूष कृषि श्रमिको में 45.4 प्रतिशत शिक्षित तथा 54.6 प्रतिशत अशिक्षित पाये गये जिनका विवरण सारणी संख्या-53 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-53

शिक्षित एवं अशिक्षित श्रमिको का प्रतिशत

महिला कृषि श्रमिक		कुल से प्रतिशत	पुरूष कृषि श्रमिक	कुल से प्रतिशत
शिक्षित	31	18.1	84	45.4
अशिक्षित	140	81.9	101	54.6
योग	171	100.0	185	100.00

महिला कृषि श्रमिको के बच्चों के विवरण के अनुसार 38 परिवारो में बच्चे नहीं थे जिसके कारण 153 परिवारो में 337 बच्चे थे इस आधार पर प्रति परिवार बच्चों की संख्या 1 से लेकर 6 तक रही है। गांव के 50 प्रतिशत बच्चे लगभग 6 प्रतिशत परिवारो में पाये गये, श्रमिक परिवारो के बच्चों का विवरण सारणी संख्या-54 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-54
बच्चो वाले श्रमिक परिवारो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	कुल परिवार	बच्चों वाले कुल परिवारों से प्रतिशत	कुल बच्चे	कुल बच्चों में प्रतिशत
0	38	- -	-	-
1	33	24.8	33	9.8.
2	38	28.6	76	22.6
3	38	28.6	76	22.6
4	23	16.2	92	27.3
5	8	6.0	40	11.8
6	1	0.8	6	1.8
योग	171	100.0	337	100.0

यदि बच्चों के उम्र का वर्गीकरण किया जाय तो यह कहा जा सकता है कि कुल बच्चो में 19.7 प्रतिशत बच्चे 3 वर्ष से कम उम्र के 26.4 प्रतिशत बच्चे 3 से 5 वर्ष के बीच 22.3 प्रतिशत 5 से 10 वर्ष के बीच तथा 10 से 15 वर्ष के बीच उम्र वाले लगभग 31 प्रतिशत बच्चे थे जिनका विवरण सारणी संख्या-55 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-55

उम्र के अनुसार बच्चो का वर्गीकरण

उम्र के अनुसार बच्चों का वर्गीकरण	कुल बच्चे	कुल बच्चों का प्रतिशत
3 वर्ष से कम उम्र	66	19.7
3-5	89	26.3
5-10	75	22.3
10-15	107	31.7
कुल बच्चे	337	100.0

इन 133 परिवारो में 337 बच्चें जिनमें लगभग 19 प्रतिशत भाग उन बच्चों का था जिनकी उम्र 3 वर्ष से कम थी। जो 21.8 परिवारो से सम्बन्धित थे जिनका विवरण सारणी संख्या-56 में में स्पष्ट किया गया है।

तालिका संख्या56

कुल बच्चो में से 3 वष्र से कम उम्र के बच्चो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	कुल बच्चे	3 वर्ष से कम उम्र के बच्चे	कुल बच्चों से प्रतिशत
1	33	9	27.3
2	76	16	21.1
3	90	18	20.0
4	92	12	13.0
5	40	10	25.0
6	6	1	16.7
योग से प्रतिशत	337	66	19.6

यदि कुल बच्चों में से स्कूल जाने वाले बच्चों का अनुपात ज्ञात किया जाय तो यह बात ज्ञात होती है कि कुल बच्चो में 52.5 प्रतिशत बच्चे स्कूल जाते हैं जो कुल परिवारो के 71 परिवार या 53.4 प्रतिशत परिवारो से सम्बन्धित है। स्कूल जाने वाले आयु सीमा से कम स्कूल जाने वाले बच्चों का अधिक होना इस स्थिति को स्पष्ट करता है कि इन परिवारो में गरीबी के कारण स्कूलों को मध्यॉंन के समय स्वल्पाहार का लाभ उठाने के दृष्टिकोण से 5 वष्र से कम उम्र के बच्चों को स्कूल भेज दिया जाता है। जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या अधिक हो जाती है। लेकिन एक निश्चित आयु सीमा के पश्चात स्वल्पाहार की व्यवस्था न होने के कारण सकूल न जाने वाले बच्चों की संख्या कम हो जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों के विवरण को सारणी संख्या 57 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-57

स्कूल जाने योग्य बच्चो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	कुल बच्चे	स्कूल जाने वाले बच्चे	कुल बच्चों में प्रतिशत
1	33	18	45.5
2	76	40	52.6
3	90	45	50.0
4	92	52	56.5
5	40	20	50.0
6	6	2	33.3
योग से प्रतिशत	337	177	52.5

यदि स्कूल न जाने वाले बच्चों का कुल बच्चों में प्रतिशत किया जाय तो कुल बच्चो में इनका प्रतिशत 27.9 आता है। इस प्रकार स्कूल न जाने वाले बच्चों का विवरण सारणी संख्या 58 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-58

स्कूल जाने योग्य पर स्कूल नही जाने वाले बच्चो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	कुल बच्चे	स्कूल जाने योग्य बच्चे पर स्कूल नहीं जाते	कुल बच्चों से प्रतिशत
1	33	6	18.2
2	76	20	26.3
3	90	27	30.0
4	92	28	30.4
5	40	10	25.0
6	6	3	50.0
योग से प्रतिशत	337	94	27.9

यदि 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का वर्गीकरण किया जाय तो कुल बच्चों के लगभग 19.6 प्रतिशत 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चे पाये गये हैं। अधिकांश बच्चे उन परिवारों के हैं जिनमें 2 से 5 वष्र के बच्चे हैं जिसे सारणी संख्या 59 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-59

कुल परिवारो मे से 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चो की सख्या का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	बच्चो वाले कुल परिवार	3 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के परिवार	बच्चो वाले कुल परिवारो से प्रतिशत
1	33	9	27.3
2	38	8	21.1
3	30	6	20.0
4	23	3	13.0.
5	8	2	25.0
6	1	1	16.7
योग से प्रतिशत	133	29	21.8

कुल बच्चो में स्कूल जाने वाले बच्चों का प्रतिशत 52.5 है और स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या उन परिवारो में अधिक है जिनमें 4 बच्चे हैं जिसे सारणी संख्या-60 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-60

आयु एवं सं0 के अनुसार स्कूल जाने वाले बच्चो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	बच्चो वाले कुल परिवार	स्कूल जाने वाले बच्चों के परिवार	बच्चो वाले कुल परिवारो से प्रतिशत
1	33	18	54.5
2	38	20	52.6
3	30	15	50.0
4	23	13	56.5
5	8	4	50.0
6	1	1	100.0
योग से प्रतिशत	133	71	53.4

स्कूल न जाने वाले बच्चो में अधिकांश बच्चे उन परिवारो के हैं जिनमें बच्चों की संख्या 3 से 4 है। जिसे सारणी संख्या-61 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-61

3-4 बच्चे वाले परिवारो मे स्कूल न जाने बच्चो का प्रतिशत

बच्चों की संख्या	बच्चों वाले कुल परिवार	स्कूल न जाने वाले बच्चों के परिवार	बच्चो वाले कुल परिवारो से प्रतिशत
1	33	6	18.2
2	38	10	26.3
3	30	9	30.0
4	23	7	30.44
5	8	2	25.0
6	1	1	100.0
योग से प्रतिशत	133	35	26.3

आवासीय मकानों का विवरण

कृषि महिला श्रमिकों से उनके आवासीय मकानो के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई और सभी परिवार की महिलाओं ने यह स्पष्ट किया कि जिस मकान में रहती है। वह स्वयं का है इसके लिए उन्हें किसी प्रकार का किराया नही देना होता है। मकान बनाने के लिए भूमि कहां से प्राप्त किया, इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने

विभिन्न प्रकार के स्रोत स्पष्ट किये हैं। इस सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के स्रोत स्पष्ट किये गये इन स्रोतो को सारणी संख्या 62 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-62

आवासीय मकानो के भूमि प्राप्ति के स्रोत

स्रोत	परिवार की संख्या		कुल में प्रतिशत
पुराना पैतृक	764	521	91.5
न्याय पंचायतु	31	169	3.7
पट्टे की भूमि	38	123	4.8
कच्चा मकान	780		94.5
पक्का मकान	53		5.5

सारणी संख्या-62 से स्पष्ट है कि 91.5 प्रतिशत परिवारो के पास आवासीय मकान पैतृक है, 3.7 परिवारों का मकानो के लिए जमीन न्याय पंचायत की ओर से, 4.8 प्रतिशत परिवारो को भूमि पट्टे पर प्राप्त हुई थी, मकानों के प्रकार पर विचार करने से 94.5 प्रतिशत मकान कच्चे है तथा शेष पक्के हैं।

यदि आवासीय मकानो के भूमि के स्रोत पर विभिन्न स्रोत से विचार किया जाय तो यह बात स्पष्ट होती हे कि अधिकांश कृषि महिला श्रमिकों के

पास मकान उन्हें पैतृक सम्पत्ति के रूप में प्राप्त हुआ है। विभिन्न गांव की स्थिति को सारणी संख्या-63 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-63

आवासीय भूमि के विभिन्न स्रोत

गांव का नाम	पैतृक मकान	न्याय पंचायत	पट्टे की भूमि पर	कुल परिवार
पचार	73	11	13	97
पट्टी कुम्हर्रा	101	19	10	130
चन्दवारी	79	23	18	120
छिरौना	169	43	8	220
अम्बरगढ़	119	73	74	266
योग	521	169	123	

मकानो के प्रकार:

मकानो के प्रकार के अन्तर्गत इस बात की जानकारी की गई कि मकान कच्चे या पक्के हैं। अधिकांश महिला श्रमिको के पास कच्चे मकान है जिन्हें सारणी संख्या-64 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-64 (क)

मकानो के प्रकार

प्रकार	संख्या	कुल में प्रतिशत
1. कच्चे मकान	780	94.5
2. पक्के मकान	53	5.5
	833	100

मकान का क्षेत्रफल:

आवासीय मकानो के सम्बन्ध में यह पूछा कि मकान आपका है या किराये का पर्याप्त नही है और अपना मकान होने पर भी उसके उपर छत का होना अनिवार्य नही होता है। बने मकान के अन्तर्गत कितनी जगह है तथा उस जगह में कितने लोग रहते हैं। इसे ज्ञात करने के पश्चात् कुछ निष्कर्ष निकाला जा सकता है। यह ज्ञात करने के लिए मकान में कितनी जगह है या कितनी वर्ग फिट जगह है। ज्ञात किया जाता है। मकान का क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए रसोई गृह, स्थान गृह और शौचालय को छोड़ दिया गया था। मकान का क्षेत्रफल जितना आता है इसे मकान का अनुमानित क्षेत्र कहा जा सकता है। यद्यपि 82.3 प्रतिशत महिलाओं ने इस बात को स्पष्ट किया था कि उनके पास अपना मकान है। पर इन मकानो में रहने की पर्याप्त जगह नही रही है। सर्वेक्षण के दौरान ऐसा पूछा गया कि उनके मकानो में केवल एक ही कमरा है। उसी कमरे द्वारा परिवारो के सभी आवश्यकताओं की पूत्रि की जाती है। कृषि महिला श्रमिको के परिवार का औसत 2 से 6 व्यक्तियों का रहा है और वह किसी एक कमरे के मकान में गुजर बसर करता है। यह एक सामान्य बात रही है कि इनके घरो में स्थानाभाव के कारण परिवारो के कुछ सदस्य उन कमरो का प्रयोग सोने के लिए करते रहे है जिनमें पशु बांधे जाते हैं। सारणी संख्या-64 द्वारा कृषि महिला श्रमिकों के मकान के क्षेत्र को दर्शाया गया है।

सारणी संख्या-64 (ख)

कृषि महिला श्रमिको के मकानों का क्षेत्र

मकान का क्षेत्र	परिवारो की संख्या	कुल में प्रतिशत
1 वर्ग से कम	18	2.16
1 वर्ग	68	8.16
2-4 वर्ग	344	41.29
5-7 वर्ग	139	16.68
8-10 वर्ग	72	8.64
11 से अधिक वर्ग	181	22.72
मकान नही है।	11	1.32
योग	833	100

सारणी संख्या-64 से यह स्पष्ट है कि 2 से 4 वर्ग के अन्तर्गत क्षेत्रफल के मकानो में कृषि महिला श्रमिकों के 41.29 प्रतिशत परिवार रहते हैं तथा 22.72 परिवारो में से 11 से अधिक वर्ग के मकानो में रहते हैं।

निर्माण का वर्ष:

मकान के निर्माण के सम्बन्ध में जितना समय उत्तर देने वाली महिलाओं से प्राप्त हुआ उसके आधार पर कहा जा सकता है। कुछ ऐसे मकान मिलेगे जो 25 वर्ष से पुराने थे यद्यपि कुछ जवाब देने वाली महिलाआएं अपने निर्माण के वर्ष को स्पष्ट नहीं कर सकी। नियोजित ढंग से बने हुए मकानो की संख्या बहुत कम रही है। मकानों के सम्बन्ध में कृषि महिला श्रमिकों के ज्ञात स्तर के आधार पर सूचनायें प्राप्त की गई थी मकान के स्तर के क्षेत्रफल ज्ञात करने के लिए स्थान घर, रसोई घर और शौचालय को शामिल नहीं किया गया था। लगभग 74 प्रतिशत मकान चार कमरो के थे। लगभग 36.3 प्रतिशत मकानो में केवल एक ही कमरा था जिसे पर्दा लगाकर विभाजित करके काम चलाया जाता है। 14.7 मकानो में 3 कमरे थे। अतिरिक्त स्थान सर्वेक्षण से यह बात ज्ञात हुई कि अधिकांश कृषि महिला श्रमिकों के मकानो में विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की कमी रही है। ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाले परिवारों को उनके मकान के साथ कुछ खुली भूमि की आवश्यकता होती है। जिसमें वे अपने जानवरो को बांधते हैं। तथा कृषि से प्राप्त होने वाले उत्पादो को रखने, जलाने के लिए ईंधन रखे तथा जानवरो के लिए चारा इत्यादि रखने के लिए प्रयोग करते हैं। इसके अतिरिक्त उनके पास जो भी कृषि से प्राप्त होने वाली फसल प्राप्त होती है उसे साफ करने के लिए और मड़ाई के लिए प्रयोग की जाती है। सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि 90 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिको के पास अतिरिक्त भूमि नही रही है। यद्यपि अधिकांश कृषि महिला श्रमिकों के पास अपनी भूमि नही रही है और अधिकांश महिलायें भूमिहीन कृषिहीन महिला वर्ग के अंतर्गत आती है। ऐसी दशा में मकान के साथ अतिरिक्त भूमि के होने का प्रश्न ही नही उठता है। इसी में 74.9 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिको के परिवारो के पास जानवरो को बांधने के लिए अलग

से स्थान नही है। 18.5 प्रतिशत परिवारो के पास पशुओ का बांधने की जगह थी और केवल 5.6 प्रतिशत परिवार ने यह स्पष्ट किया कि वे अपने परिवारो को उसी कमरे मे रखते हैं जहां वे स्वयं रहते हैं।

मकानो में कमरो के आधार पर कृषि महिला परिवार को सारणी संख्या-65 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-65

मकानो में कमरो की संख्या

	परिवारो की संख्या	कुल से प्रतिशत
एक कमरे	277	318.96
दो कमरे	263	32.77
तीन कमरे	177	21.24
पांच कमरे	36	4.32
छः कमरे	23	2.76
सात से अधिक कमरे	22	2.64
लागू नही होता है।	35	4.20
योग	833	100

सारणी संख्या-65 से यह बात स्पष्ट है कि कृषि महिला श्रमिको के सबसे अधिक परिवार 32.77 प्रतिशत दो कमरो में रहते हैं तथा 31.96 प्रतिशत परिवार एक कमरे के मकान में रहते हैं। इस प्रकार दो कमरो में लगभग 63 प्रतिशत परिवार रहते हैं तथा 21 प्रतिशत परिवार तीन कमरो में रहते हैं।

स्नानघर तथा अन्य सुविधायें:

आवासीय मकानो के स्वयं स्नानघर और शौचालय की सुविधाओं को जोड़ा जाता है। इन आवासीय मकानो में इन सुविधाओं का प्राप्त होना कुछ महत्वपूर्ण बाते स्पष्ट करती है। सामान्यतः स्नानघर और शौचालय की सुविधायें घरो के साथ प्राप्त होने वाले जल के आपूर्ति पर निर्भर करती है। लगातार जल आपूर्ति के आधार पर स्वच्छता बनाये रखने की आशा करना इस सम्बन्ध मे बेंकार होता है। ग्रामीण क्षेत्र में स्नान गृह के सम्बन्ध में कुछ कहना आवश्यक हो जाता है। सर्वेक्षण के दौरान ऐसा पाया गया कि अधिकांश मकानो स्थानगृह की सुविधाओं का अभाव है। महिलायें एवं बच्चे घर में खुले स्थान को स्नान घर के रूप में प्रयोग करते हैं। और इसे पर्दा आदि लगाकर महिलायें उसका प्रयोग स्नान घर के लिए किया जाता है। ऐसी स्थिति में स्थान करने वाले स्थान के पास गंदगी बनी रहती है। क्योंकि इस पानी के बहने के लिए उपयुक्त नाली की व्यवस्था नही होती है।

इसके अतिरिक्त अधिकांश लोगो द्वारा गांवो के तालाब को अपने स्थान तथा सफाई, पशुओं को धोने, बर्तन इत्यादि धोने के लिए प्रयोग किया जाता है और जब वे काम करने जाती है तो उन्हें अपनी स्वच्छता के लिए अधिक समय नही मिल पाता है। इसलिए स्नान तथा सफाई का कार्य उनके द्वारा कभी कभी किया जाता है। नियमित रूप से करने के लिए उनके पास समय होता है। ऐसी स्थिति में कृषि महिला श्रमिक परिवारो में अपने स्वास्थ्य के प्रति अज्ञानता और तटस्थता का दृष्टिकोण अपनाया जाता है और स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान नही दिया जाता है। ऐसी स्थिति यदि उन्हें कोई बीमारी लग जाती है तो उसके प्रति विशेष ध्यान नही देते हैं और वे इसे अपने

भाग्य का एक अंग समझकर उसके बीच अपना जीवन यापन करते हैं। सर्वेक्षण के दौरान ऐसा पाया गया कि 91.7 प्रतिशत कृषि महिला परिवारो के मकानो में शौचालय की सुविधायें नहीं प्राप्त थी। सामान्यत: ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो के आवासीय मकानो में शौचालय नही हुआ करते है। यह बात विशेषकर भूमिहीन मजदूरो और सीमान्त कृषको के बारे में लागू होती है। अधिकांशत: लोग खुले मैदानो को शौचालय के रूप में प्रयोग करते हैं। कृषि महिला श्रमिको के अधिकांश परिवार प्राय: इसी वर्ग के अंतर्गत आते हैं। कृषि महिला परिवारो के मकानो में प्राप्त होने वाले विभिन्न सुविधाओं के आधार पर परिवार के वर्गीकरण को सारणी संख्या-66 मे स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-66

कृषि महिला श्रमिक परिवारा जिसके पास विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध है

	परिवारो की संख्या	कुल में प्रतिशत
1. पशुओ को बांधने की जगह है।		
हां	65	7.80
ना	686	82.35
लागू नही होता है	44	5.12
घर के अन्दर	38	4.40
योग	833	100.00
2. स्नानघर की सुविधायें		
अलग (स्वयं का)	321	47.00
सम्मिलित रूप से	68	8.16
स्नानघर नही है	374	45
योग	833	100.00
3. शौचालय की सुविधायें		
अलग (स्वयं का)	231	27.73
सम्मिलित रूप से	71	8.52
शौचालय नहीं है	531	63.74
योग	833	100.00

कृषि महिला श्रमिकों के मकानो में प्राप्त विभिन्न सुविधाओं जैसे पशुओ को रखने की अलग व्यवस्था, स्नान घर की सुविधा और शौचालय की सुविधा को स्पष्ट किया गया है। जहां तक पशुओं के रखने की जगह का प्रश्न है। 82.3 प्रतिशत परिवारो में पशुओं को रखने के लिए अलग जगह नहीं है। इसी प्रकार यदि स्नानघर की सुविधा पर विचार किया जाय तो यह कहा जा सकता है कि 47 प्रतिशत मकानों में स्नानघर की सुविधायें प्राप्त हैं। 63.74 प्रतिशत परिवारो में शौचालय की व्यवस्था नहीं है।

कृषि महिला श्रमिकों द्वारा स्पष्ट किये गये उत्तरों के निष्कर्षो को यदि ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य जनसंख्या से तुलना की जाये तो यह कहा जा सकता है कि सामान्य जनसंख्या के पास जल संसाधनो की प्राप्ति इन महिला श्रमिक परिवारो की तुलना में अधिक अच्छी होती है। जेसा कि इस सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है कि अधिकांश कृषि महिला श्रमिक अनुसूचित जाति वर्ग के अन्तर्गत आती है और इन महिला श्रमिकों को पानी के लिए गांवो में सामान्य रूप से प्राप्त साधनो को प्रयोग करने की स्वतंत्रता नही है। सर्वेक्षण में ऐसे भी परिवार मिले है जिन्हें अपना भोजन बनाने के लिए पानी लगभग आधा किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यह निष्कर्ष रूप में कहना सही होगा कि इनके द्वारा प्रतिदिन स्नान कपड़ों की पूरी तरह सफाई आदि रखने की आशायें इनसे नहीं रखी जा सकती है।

जलापूर्ति के साधन:

टयूमेन्ट ने अपने अध्ययन में इस बात का अध्ययन किया है कि जलापूर्ति

एक ऐसा तथ्य है जिसकी प्राप्ति के लिए गांव के गरीब लोगो को बहुत सी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है जल ही एक ऐसी वस्तु है जो जातिवाद के प्रणाली को अधिक मजबूत करती है। जल ही ग्रामीण क्षेत्र में उच्च और निम्न वर्ग में लोगो को विभाजित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।[1]

यह कहा जा सकता है कि अधिकांश महिला श्रमिक अनुसूचित जाति वर्ग की है और इस वर्ग के समक्ष स्वच्छ जल प्राप्ति एक विकट समस्या है। आवास के लिए मकान और जलापूर्ति दोनो एक साथ एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसलिए घरेलू और अन्य कार्यो के लिए जल प्राप्त होने वाले स्रोतो के सम्बन्ध में उनसे यह प्रश्न पूछा गया कि क्या आपको गांव में जलापूर्ति के जो सामान्य रूप से साधन उपलब्ध है उसे जलापूर्ति होती है या नही। यद्यपि यह समस्या उन कृषि महिला श्रमिकों के साथ नही रही है। जो पिछड़े वर्ग की थी पर अनुसूचित जाति की महिला के साथ छुआछूत की समस्या अब भी जुड़ी है। सभी कृषि महिला श्रमिको में 45.6 प्रतिशत परिवारो ने यह स्पष्ट किया कि उन्हें जल प्राप्ति के लिए अलग से उनके लिए कुछ जिनसे वे अपने घरेलू कार्य के लिए जल प्राप्त करते है तथा 12.3 प्रतिशत परिवारो ने यह स्पष्ट किया कि वे जल प्राप्ति के लिए गांव के पोखरे तथा तालाबो पर निर्भर है। 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति की कृषि महिला श्रमिकों ने यह स्पष्ट किया कि वे गांव में सामान्य रूप से प्राप्त तथा तालाब से जल प्राप्त करती है। सर्वेक्षण में इस बात का अनुभव किया गया कि अनुसूचित जाति परिवारो को केवल उन्हीं गांवो में सामान्य रूप से प्राप्त जलापूर्ति

---

1. ड्मेन्ट लुइस 1966, होमो हाइकारकी, विकास पब्लीकेशन, पेज 141, नई दिल्ली

के साधनो को प्रयोग करने की स्वतंत्रता है। जिन गांवो में अनुसूचित जाति के परिवारो की संख्या बहुतायत रूप मे है। इस स्थिति को सारणी संख्या-67 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-67

गांव में परिवारो के बीच में जलापूर्ति के स्रोतो का विवरण

जलापूर्ति के स्रोत		परिवार की संख्या	कुल में प्रतिशत
(क) घरेलू कार्य के लिए :			
1.	सरकारी कुएं	95	10.21
2.	निजी कुएं	7	0.81
3.	सरकारी नल	97	11.59
4.	निजी नल	97	5.04
5.	अनुसूचित जाति के लिए अलग से कुएं	42	45.65
6.	अनुसूचित जाति के लिए	19	2.28
7.	नदी झरने या नहरे	76	9.07
8.	तालाब तथा पोखर	103	12.34
	योग	833	100.00 प्रतिशत
अन्य कार्यो के लिए:			
1.	सरकारी कुएं	61	7.36
2.	निजी कुएं	23	2.64
3.	सरकारी नल	94	11.20
4.	निजी नल	39	4.68
5.	अनुसूचित जाति के लिए अलग से कुएं	176	20.12
6.	अनुसूचित जाति के लिए अलग से	16	1.92
7.	नदी झरने तथा नहर	207	24.86.
8.	तालाब औरपोखर	213	27.21
	योग	833	100.00

सारणी संख्या 67 से स्पष्ट है कि कुल कृषि महिला श्रमिक के 45.65 प्रतिशत परिवार निजी नलो से घेरलू कार्यो के लिए जल प्राप्त करते हैं। तथा 12.34 प्रतिशत परिवार तालाब और पोखरे से घेरलू जल की आपूर्ति प्राप्त करते हैं। इसी प्रकार घेरलू कार्यो के अतिरिक्त अन्य कार्यो के लिए 27.21 प्रतिशत परिवार तालाब और पोखरो से जल प्राप्त करते हैं और 24.86 प्रतिशत नदी, झरने और नहर पर अन्य कार्यो के लिए जल प्राप्त करने के लिए निर्भर रहते हैं। घेरलू कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य के अन्तर्गत जैसे मकान निर्माण आदि कार्यो को रखा जाता है।

सर्वेक्षण के दौरान यह ज्ञात हुआ कि अधिकांश कृषि महिला श्रमिको ने इस बात को स्पष्ट किया कि घेरलू कार्यो में प्रयोग किये जाने वाले जल के अतिरिक्त अन्य कार्यो के जल प्राप्ति के लिए उन्हें नदियो, झरनो , तालाबों तथा गांव के पोखरो पर निर्भर रहना होता है। इसके अतिरिक्त एक बड़ी संख्या में कृषि महिला श्रमिकों का परिवार इन्हीं साधनो का प्रयोग घेरलू तथा अन्य साधनो के लिए करते हैं। यहां पर यह भी कहा जा सकता है कि अनुसूचित जाति के परिवारो को इस सम्बन्ध में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। लगभग अनुसूचित जाति के 64 प्रतिशत परिवारो को गांव के बाहर जल लेने के लिए जाना पड़ता है। सर्वेक्षण के दौरान यह पाया गया कि अनुसूचित जाति के कृषि महिला परिवारो को गांव के सामान्य कुओं से अभी भी जल लेने के लिए मना किया जाता है और उन्हें इसके लिए समाज की तरह ये यातनायें भुगतनी पड़ती है। सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर अनुसूचित जाति के 56.3 प्रतिशत परिवारो ने यह स्पष्ट किया कि उनहें गांव के सामान्य रूप से प्राप्त कुओं पर जल भरने नहीं दिया जाता है। इसके अतिरिक्त 19.5 प्रतिशत परिवारो ने यह स्पष्ट किया है कि उनके

साथ भेदभाव का व्यवहार किया जाता है। जिस प्रकार उच्च वर्ग के जातियों में विभिन्न जातियां और उपजातियां पाई जाती है उसी प्रकार कृषि महिला श्रमिकों ने इस बात को स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति के अंतर्गत बहुत सी जातियां जिनके साथ भेदभाव किया जाता है उसमें से कुछ ऐसी उपजातियां होती है जिन्हें छुआछूत की दृष्टि से निकृष्ट समझा जाता है और उनसे कार्य लिया जाता है जो निकृष्ट हुआ करते हैं। इस स्थिति को सारणी संख्या 68 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-68

अनुसूचित जाति के कृषि महिला श्रमिक जो सामान्य नलों, कुओं और तालाब तथा पोखरो से जल प्राप्त कर सकती हैं।

सामान्य स्रोत से जल प्राप्त कर सकती हैं।		परिवारो की संख्या	कुल में प्रतिशत
1. हां	127	23.68	
2. नहीं	302	56.34	
3. भेदभाव के आधार पर जल प्राप्त कर सकती हैं।		107	19.97
4. जो भेदभाव के आधार पर भी नही प्राप्त कर सकती हैं।		.85	0.16.
5. अन्य	0.2[illegible]	0.214	0.04
योग		5.37	100.00

सारणी संख्या 68द से यह स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं

.34 प्रतिशत परिवारों को गांव में उपलब्ध सामान्य स्रोतो से जल प्राप्त नहीं होता है। इसके अतिरिक्त 19.97 परिवारों को अनुसूचित जाति में होने के बावजूद भी उन जातियों को निष्कृष्ट जातियों की तुलना में उत्कृष्ट समझा जाता है और उन्हें सामान्य स्रोतो से जल प्राप्त करने की स्वतंत्रता प्राप्त है। केवल 0.16 प्रतिशत परिवार ऐसे हैं जिन्हें किसी भी दशा में सामान्य स्रोतों से जल प्राप्त नहीं होता है।

यहां यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि वर्तमान अध्ययन 833 कृषि महिला श्रमिक परिवारों से सम्बन्धित है। इनमें से 537 या लगभग 65 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिक अनुसूचित जाति के अंतर्गत तथा शेष पिछड़ी जाति के अंतर्गत थी। जल प्राप्ति के सम्बन्ध में पिछड़ी जाति के लोगो के सम्बन्ध में कोई विशेष समस्या नहीं पाई गई।

अध्याय - चार

सम्पत्तियां एवं दायित्व

वर्तमान अध्याय के अंतर्गत कृषि महिला श्रमिकों की आर्थिक स्थिति पर विचार किया जायेगा जिसके अंतर्गत उनके परिवारों की सम्पत्तियां परिवार के आय स्तर तथा परिवार के दायित्व पर विचार किया जायेगा दायित्व के अंतर्गत इन परिवारों के ऋण से सम्बन्धित स्थिति पर विचार करके इनके गरीबी की स्थिति पर विचार किया जायेगा।

कृषि महिला श्रमिकों की आर्थिक दशाओं को स्पष्ट करने के लिए उनके परिवार में प्राप्त सम्पत्तियों एवं दायित्वों को स्पष्ट करना आवश्यक होता है। सम्पत्तियों के अंतर्गत चल और उन चल सम्पत्तियों को स्पष्ट किया जाता है। चल और अचल सम्पत्तियां किसी भी व्यक्तियों परिवार के आर्थिक स्थिति को स्पष्ट करने में सहायक होती है। किसी व्यक्ति या परिवार की आर्थिक सम्पन्नता को उस परिवार में प्राप्त भूमि जोत, विभिन्न सम्पत्तियां जेसे ट्रेक्टर, पम्पिंग सेट, बेलगाड़ी, पशुधन आदि द्वारा स्पष्ट होती है। उन सम्पत्तियों की मात्रा तथा इनका मूल्य जितना ही अधिक होता है उतना ही अधिक एक परिवार या वह परिवार आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न माना जाता है। एक व्यक्ति जिसकी वित्तीय सिथति अच्छी होती है। वह आराम की अधिक से अधिक वस्तुएं प्राप्त करने में सहायक होता है। एक कृषक के पास कृषि करने के विभिन्न ओजार और यंत्रों का होना आवश्यक होता है। जिसके अभाव में वह अपनी कुशलता तथा धन दोनों का उपयोग नहीं कर सकता है इन सम्पत्तियों का स्वामित्व तथा इनका प्रभावी ढंग से उपयोग किये जाने पर ही उसकी आर्थिक सम्पन्नता निर्भर करती है।

यह स्वाभाविक है कि किसी व्यक्ति या परिवार की वित्तीय सम्पन्नता के द्वारा ही उत्पादक तथा अनुत्पादक दोनो प्रकार की सम्पत्तियों तथा सुख-सुविधाओं को प्राप्त कर सकता है जिसके द्वारा उसका समाज में स्तर निर्धारित होता है और उसी के आधार पर उसे समाज में सम्मान प्राप्त होता है।

उपरोक्त सम्पत्तियों के अतिरिक्त किसी परिवार में पशुधन की मात्रा तथा प्रकार जैसे गाय, भैस, बकरी, भेड़, सूअर तथा मुर्गी पालन आदि कृषि अर्थव्यवस्था में सम्पत्तियां मानी जाती है। क्योंकि इन पशुओं द्वारा परिवार के आय में विभिन्न प्रकार से वृद्धि की जाती है। सके अतिरिक्त इन पशुधनों द्वारा आर्थिक तुगी के समय में आय के साधन प्रदान करने का कार्य किया जाता है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में कृषि महिला श्रमिकों के विभिन्न प्रकार की सम्पत्तियों को ज्ञात करने का प्रयास किया गया जिससे उनकी आर्थिक स्थिति एवं दशाओं को निर्धारित किया जा सके। इसके लिए उनकी सम्पत्तियो को तीन वर्गो के अंतर्गत विभक्त किया गया (1) पशुधन (2) विभिन्न प्रकार की वस्तुएं (3) कृषि औजार। इन विभिन्न प्रकार की सम्पत्तियों को सर्वेक्षण में प्राप्त आंकड़ों के आधार पर प्रस्तुत किया गया है।

पशुधन

(क) बैल:

कृषि महिला श्रमिकों के लगभग 80 प्रतिशत परिवारो में बैल नहीं पाये गये, शेष में से 14.9 परिवारो के पास प्रत्येक परिवार में एक जोड़ी बैल इसके अतिरिक्त प्रत्येक परिवार में केवल एक बैल पाया गया। जिन परिवारो में एक बैल रहने की

सूचना थी उनका दूसरा बैल मर चुका था या उसे परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बेच दिया गया था केवल 1.8 प्रतिशत परिवारो में दो जोड़ी बैल पाये गये। इन परिवार के पास बैलो की संख्या कम होने का कारण इनके पास कृषि योग्य भूमि का कम होना है। कुछ परिवार ऐसे भी पाये गये जिनके पास कृषि योग्य भूमि थी पर बैल नही थी, यद्यपि भूमि के साथ बैल का रखनाएक आवश्यक आवश्यकता है। इस प्रकार कुछ ऐसे भी परिवार पाये गये जिनके पास बैल है पर भूमि नही रही है। ऐसे परिवारो में जिनके पास बैल है पर भूमि वे अपने बैलो को किराये पर देकर आय प्राप्त करते हैं। इस स्थिति को सारणी संख्या-1 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-1

कृषि महिला श्रमिको के परिवार जिनके पास बैल हैं।

जिनके पास बैल हैं	परिवारो की संख्या	कुल में प्रतिशत
केवल एक बैल वाले परिवार	18	2.22
एक जोडी वाले परिवार	125	14.98
दो जोडी बैल वाले परिवार	15	1.80
तीन जोडी बैल वाले परिवार	2	0.18
चार से छः जोडी बैल/या अधिक जोड़ी	1	0.12
लागू नही होता	672	80.69
योग	833	100

सारणी संख्या-1 से स्पष्ट है कि कृषि महिला श्रमिकों के 80.69 प्रतिशत ऐसे है जिनके पास कोई भी बैल नहीं है। शेष में 15.98 प्रतिशत परिवार ऐसे हैं

जिनके पास एक जोड़ी बैल पाये गये। 2.2 प्रतिशत परिवार ऐसे हैं जिनके पास केवल एक बैल पाया गया।

(ख) अन्य पशु धन:

बैल के अतिरिक्त अन्य पशुओं का भी आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि इनके द्वारा दिये जाने वाला दूध और अन्य उपायो का परिवार में उपयोग के अतिरिक्त इसे बेचकर आय प्राप्त की जाती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विभिन्न वर्ग के परिवारो के लिए पशुओं का अलग महत्व है। किसान परिवारो द्वारा बेलगाड़ी खोलने के लिए दूध प्राप्ति के लिए कृषि कार्यो के लिए इनका प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त इन जानवरो के गोबर से कृषि हेतु खाद्य तेयार की जाती है तथा इसे घरेलू ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार कृषक परिवारो द्वारा पशुओं का उपयोग विभिन्न कार्यो के लिए किया जाता है।

विश्व के अन्य देशों की तुलना में भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुओं की संख्या सबसे अधिक है पर गुणात्मक दृष्टिकोण से भारत अन्य देशों की तुलना में बहुत पीछे है। गाय और बैल इनमें से सबसे पवित्र माने जाते है तथा इनके गोश्त का प्रयोग करना हिन्दू परिवारो में अच्छा नही समझा जाता है और न ही इन परिवारो को बिना समय मार डालना ही धार्मिक दृष्टिकोण से उचित नही माना जाता है। ऐसी स्थिति में पशुओ के खिलाने वाले चारे का एक बड़ा भाग वृद्ध और अनुत्पादक पशुओं को खिलाने में बर्बाद हो जाता है। बैलो के अतिरिक्त कृषि महिला श्रमिक परिवारो में अन्य पशुओं को पाया गया लगभग 8.95 प्रतिशत परिवारो में प्रत्येक परिवारो में दो गाये पाई गई। और 7.75 प्रतिशत परिवारो में एक गाय पाई गई। और 67.3 प्रतिशत परिवारो में

या तो एक भी गाय नही थी या उन पर यह लागू नही होता है। इस स्थिति को सारणी संख्या-2 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-2

कृषि महिला श्रमिक परिवारो में गायो का विवरण

गायो की संख्या	परिवारो की संख्या	कुल में प्रतिशत
अन्य पशु:		
एक पशु	65	7.75
दो	75	8.95
तीन	20	2.40
चार	18	2.13
पांच	7	0.81
छ:	5	0.63
7 या सात से अधिक	7	0.96
लागू नही होता है	636	76.37
योग	833	100.00

सारणी संख्या-2 से यह स्पष्ट है कि 76.37 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिकों के पास गाय नही थी, 8.95 प्रतिशत परिवारो के पास दूध देने वाले दो पशु या गाय थे। 7.75 प्रतिशत परिवारो के पास एक गाय थी। तथा 2.4 प्रतिशत परिवारो के पास तीन गाय तथा शेष के पास तीन गाय से अधिक थी।

भेड़ व बकरियां :

विभिन्न प्रकार के पशुओं को विभिन्न परिवारो में रखना या पालना जाति के साथ सम्बन्धित है। भेड़ और बकरी पालन कुछ विशेष जाति के द्वारा ही किया जाता है भेड़ और बकरियां मुख्यतया गड़ेरिया जाति के परिवारो द्वारा किया जाता है पर बकरी पालन अन्य जाति के द्वारा भी किया जाता है। जो आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर होते हैं। भेड़ बकरिया पालन का कार्य पिछड़ी जाति की कृषि महिला श्रमिको के परिवारो में पाया गया पर पालन का कार्य एक निश्चित मात्रा में महिला कृषि श्रमिक के परिवार में पाया गया है। लगभग 76 प्रतिशत अनुसूचित जाति की कृषि महिला श्रमिको के परिवार में न तो भेड़ और न ही बकरिया पालन का कार्य किया जाता है। शेष परिवारो में बकरी पालन का कार्य मुख्य रूप से पाया गया है इसे सारणी संख्या-3 में स्पष्ट किया गया है :-

सारणी संख्या-3
पिछड़ी जाति की कृषि महिला श्रमिक परिवारो में भेड़ बकरिया

पशुओ की संख्या	परिवार	कुल में प्रतिशत
भेड़ व बकरियां :-		
एक	6	1.4
दो	13	3.2
तीन	16	4.1
चार	21	5.3
पांच	29	7.4
छः	46	11.7
सात	84	21.3
आठ	14.7	37.2
नौ से अधिक	34	8.58.
योग	396	100

सारणी संख्या 3 में पिछड़ी जाति के कृषि महिला श्रमिकों के परिवारो के पास प्राप्त होने वाले पशुओं का विवरण दिया गया है। सपरिवारो में 45.7 प्रतिशत ऐसे है जिनके पास पशुओं की संख्या 9 या उससे अधिक रही है। इसके अतिरिक्त 21.3 प्रतिशत परिवारो के पास 8 पशु हैं। 11.7 प्रतिशत परिवारो के पास सात पशु है तथा 7.4 प्रतिशत परिवार के पास 6 पशु है। इसके अतिरिक्त केवल 1.4 प्रतिशत परिवार ऐसे थे जिनके पास एक पशु था।

इसी प्रकार अनुसूचित जाति की कृषि महिला परिवारो में भेड़ व बकरी पालने को सारणी संख्या-4 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-4

अनुसूचित जाति की कृषि महिला श्रमिक परिवारो में भेड़ व बकरी की स्थिति

संख्या		परिवारो की संख्या	कुल में प्रतिशत
भेड़-बकरी	एक	11	3.6
	दो	14	3.60
	तीन	58	11.37
	चार	39	8.18
	पांच	19	4.08
	छः	37	7.52
	सात	8	2.48
	लागू नही होता है।	351	67.3
	योग	537	100

सारणी संख्या - 4 में अनुसूचित जाति के कृषि महिला श्रमिको के पास भेड़ बकरियों की संख्या को स्पष्ट किया गया है। इन परिवारो में 67 प्रतिशत परिवार है जिनके पास न ही भेड़ थी और न ही बकरी थी जिन परिवारो के पास भेड़ बकरी थी उनमें 11.37 प्रतिशत परिवारो के पास 3 बकरिया थी, 2.48 प्रतिशत परिवारो के पास सात या उससे अधिक बकरियां थी तथा 3.06 प्रतिशत परिवारो के पास एक बकरी पाई गई।

कृषि सम्बन्धी सम्पत्तिया

(क) भूमि :

किसी भी वर्ग या परिवार की वित्तीय स्थिति ज्ञात करने का एक तरीका उस परिवार के पास स्वामित्व ज्ञात करना है। वर्तमान अध्ययन में भूमि की मात्रा का अध्ययन उस मात्रा से लगाया हे जो कृषि कार्य में लगायी जाती है। भूमि की मात्रा ज्ञात करने में इसे दो भागो में बांटा गया है। (1) ऐसी भूमि की मात्रा जिसपर किसी परिवार के मुखिया का स्वामित्व है। (2) ऐसी भूमि जो दूसरो से लीज के आधार पर या किराये के आधार पर प्राप्त की जाती है या बटाई के आधार पर भूमि प्राप्त करके कृषि की जाती है। इस विभाजन के अतिरिक्त कृषि में योग्य भूमि को पुनः तीन वर्गो में बांटा गया है। (1) सिंचित, असिंचित, बागो में प्रयुक्त भूमि, सिंचित भूमि का अर्थ उस भूमि से जिसमें सिचाई की सुविधायं वर्ष भर प्राप्त होती है। इसी प्रकार सूखी भूमि का अर्थ ऐसे भूमि से है जिसपर की जाने वाली कृषि वर्षा के जल पर निर्भर है। बाको में प्रयुक्त भूमि के लिए पूरे वर्ष भर जल की आवश्यकता होती है।

यद्यपि कृषि महिला श्रमिकों से इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नही प्राप्त की जा सकी है। फिर भी उनसे इस बात की जानकारी प्राप्त हुई है कि उनके पास खेती की भूमि है अथवा नही तथा खेती के कार्य के लिए सिंचाई की सुविधायें प्राप्त है या नहीं, इसी आधार पर कृषि महिला श्रमिकों में भूमि की मात्रा को ज्ञात किया गया है।

भारत वर्ष एक कृषि प्रधान देश है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भू-सम्पत्ति एक ऐसी सम्पत्ति है जो किसी परिवार के आर्थिक सम्पन्नता को स्पष्ट करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। सामान्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रो में जिन परिवारो के पास बचत होती है वे अपने बचत का विनियोग भूमि क्रय पर करते हैं। भूमि का आर्थिक तथा सामाजिक दोनो दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण स्थान है। भूमि को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इतना अधिक महत्व देने के कारण बहुत सामाजिक बुराईयां उत्पन्न हुई है। भूमि या कृषि योग्य भूमि सभी कृषि करने वाले के पास समान मात्रा में नही हो सकती है। भूमि के साथ सामाजिक महत्व लगा होने के कारण सामाजिक व्यवस्था परम्परा आदि द्वारा लोगो का सामाजिक जीवन प्रभावित होता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अंतर्गत कुछ विशेष वर्ग के पास भू-स्वामित्व न होने के कारण ही अपने सभी आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समाज के उस वर्ग पर आश्रित है।

कभी कभी भूसम्पत्ति से संचित वर्ग या परिवारों जिन मकानो में निवास किया जाता है। वह भी उस व्यक्ति का होता है जिसके भूमि पर कृषि का कार्य करते हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में जाति के आधार पर समाज में विभाजित वर्ग में व्यक्तिगत गतिशीलता का अभाव पाया गया है। ऐसी बहुत से प्रमाण जिनके अंतर्गत एक जाति

या वर्ग में गतिशीलता पाई गई है। जबकि एक वर्ग या जाति द्वारा एक उत्तम सामाजिक स्तर को प्राप्त करने के लिए एक स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान को जाया जाता है। ऐसी गतिशीलता का उदाहरण वर्तमान अध्ययन में छोटे पैमाने पर पाया गया है। जहां पर विशेष कर अनुसूचित जाति के लोग आसपास के गांव से आकर गांव के एक विशेष क्षेत्र में मकान बनाने की भूमि प्राप्त करके निवास करने लगे हैं। जहां तक भूमि के प्रकार सम्बन्धी वितरण का सम्बनध है 87 प्रतिशत परिवारो के पास कृषि की ऐसी भूमि है जिसपर सुविधायें नहीं प्राप्त है। तथा 13 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिको के पास जो कृषि योग्य भूमि है वह सिंचित थी। जिन लोगो के पास सिंचित भूमि है उसमें से 5.5 प्रतिशत लोगो के एक एकड़ से कम की भूमि है और अन्य 3.9 प्रतिशत परिवारो के पास 2 एकड की भूमि थी। सूखी भूमि के सम्बन्ध में स्थिति कुछ अधिक अच्छी है। 35 प्रतिशत कृषि महिला परिवारो के पास सूखी भूमि थी। जिसमें अधिकांश 17.4 प्रतिशत परिवारो के पास 2 एकड़ से कम भूमि थी। 9.8 प्रतिशत परिवारो के 3-4 एकड़ तक की भूमि थी। जहां तक बकान कृषि के अंतर्गत प्रयोग की जाने वाली भूमि का सम्बन्ध है। केवल 3 प्रतिशत परिवारो ने स्पष्ट किया कि उनके पास बगीचे हैं। पर इन बागो का आकार 1 एकड़ से कम कारण है।

कृषि महिला श्रमिकों द्वारा मजदूरी किये जाने का मुख्य कारण परिवार के उन सदस्यों की आय का कम होना स्पष्ट किया गया। अतः अधिकांश परिवारो ने अपने पति या अन्य सदस्यों की आय में वृद्धि के लिए मजदूरी का कार्य किया जाता है। इसके अतिरिक्त कुछ कृषि महिलाएं श्रमिक परिवार में से परिवार प्राप्त हुए है। ऐसे परिवारो में पुरूष सदस्य नहीं है। इन कृषि महिला श्रमिको के परिवार में अधिकांश परिवार भूमिहीन परिवार पाये गये। कुछ ऐसे परिवार ऐसे मिले जिनके पास कुछ मात्रा में भूमि पाई गई जिसपर वे कृषि का कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त कृषि का कार्य

करते हुए अन्य लोगो के घरो पर श्रम का कार्य कर अपने परिवार के पुरूष वर्ग के आय में वृद्धि करके या अपना जीवन यापन किया जाता है। सर्वेक्षण के लिए क्षेत्र में विभिन्न गांव में 833 कृषि महिला श्रमिक के परिवार है। इन परिवारो में कृषि योग्य भूमि या तो नही है और है भी तो बहुत कम मात्रा में है।

सारणी संख्या-6 में कृषि महिला श्रमिकों के परिवारो में भूमि की मात्रा को स्पष्ट किया गया है। भूमि में यदि सिंचित भूमि पर विचार किया जाय तो केवल 13 प्रतिशत परिवार ऐसे है जिनके पास सिंचित भूमि है और इन परिवारो में 9.13 परिवारो के पास 2 एकड़ भूमि है। सिंचित भूमि की तुलना में सूखी भूमि की मात्रा अधिक परिवारो में है। सूखी भूमि लगभग 34.17 प्रतिशत परिवारो के पास है। जिसमें से 16.42 प्रतिशत परिवारो के पास 2 एकड़ भूमि रही है।

कृषि महिला परिवारो के भूमि सम्बन्धी विवरण को सारणी संख्या-पांच में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-5

कृषि महिला श्रमिक परिवारो में भूमि का विवरण

भूमि की मात्रा एकड़ में	सिंचित भूमि		असिंचित भूमि		बाग/बगीचे	
	परिवारों की सं0	प्रतिशत	परिवारो की सं0	प्रतिशत	परिवारों की सं0	प्रतिशत
एक एकड़ या कम	45	5.35	60	7.54	19	2.43
दो एकड़	34	3.96	80	9.88	2	0.39
तीन एकड़	110	1.32	70	5.32	1	0.18
चार एकड़	6	0.63	30	3.84	1	0.15
पांच एकड़	5	0.54	14	1.89	1	0.03
छः एकड़	2	0.21	14	1.89	0	-
सात एकड़	2	0.15	7	0.84	0	-
आठ या इससे अधिक एकड़ भूमि	6	0.63	26	3.39	1	0.03
लागू नही होता है। (जिनके पास भूमि नहीं है)	722	87	560	65.38	806	96.79
योग	833	100	833	100	833	100

कि कृषि महिला श्रमिकों के सर्वेक्षण के दौरान लीज पर कृषि योग्य भूमि प्राप्त कर उस पर खेती करने का एक भी उदाहरण सामने नही आया। जिन परिवारो द्वारा भूमि कार्य किया जाता है। उनमें 97 प्रतिशत परिवारों ने यह जवाब

दिया था कि उनके द्वारा लीज या किराये पर भूमि प्राप्त करके कृषि नही की जाती है। यही बात बटाई प्रथा पर प्राप्त होने वाली भूमि पर भी है । कोई भी ऐसा परिवार नही मिला जिनके द्वारा बटाई प्रथा के आधार पर कृषि कार्य किया जाता है।

कृषि महिला श्रमिक परिवारो में सर्वेक्षण के लिए चुने गये गांवो की स्थिति अलग अलग रही है। सम्पूर्ण दृष्टिकोण से विचार करने के अतिरिक्त यदि विभिन्न गांवो पर वयक्तिगत रूप से विचार किया जाय तो यह बात स्पष्ट होती है कि अधिकांश कृषि महिला परिवार कृषिहीन भूमि परिवार रही है। यद्यपि सम्पूर्ण दृष्टिकोण से ऐसे परिवार जिनके पास भूमि नही है। सिंचित भूमि के दृष्टिकोण से 87 प्रतिशत और सूखी भूमि की दृष्टिकोण से 65.38 प्रतिशत रहे। पर विभिन्न गांवो में यह प्रतिशत अलग अलग रहा है जिसे सारणी संख्या-6 में विभिन्न गांव में सिचिंत भूमि के वितरण को स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-6 से यह स्पष्ट है कि पट्टी कुम्हर्रा गांव में 11 प्रतिशत परिवारों के पास सिंचित भूमि है, छिरौना में 22 प्रतिशत परिवारो अम्बरगढ़ में 22 प्रतिशत पचार में भी 22 प्रतिशत तथा चदवारी गांव में 14 प्रतिशत कृषि महिलाओं के पास सिंचित भूमि है।

सारणी संख्या-6

सर्वेक्षण के लिए चुने गये गांव में सिंचित भूमि का वितरण

भूमि की मात्रा एकड़ मे	[illegible]टी कुम्हर्रा		छिरोना		अम्बरगढ़		पनार		चंदवारी	
	परिवार की सं0	प्रतिशत	परिवार की सं0	प्रतिशत	परिवार की सं0	प्रतिशत	परिवार की सं0	प्रतिशत	परिवार की सं0	प्रतिशत
एक एकड़ या कम	6	5.35	18	5.35	14	5.35	4	5.35	6	5.35
दो एकड़	4	3.96	13	3.96	10	2.96	3	3.96	4	3.96
तीन एकड़	2	1.32	5	1.32	3	1.32	2	1.32	2	1.32
चार एकड़	1	0.63	3	0.63	0.01	0.63	1	0.63	1	0.63
पांच एकड़	1	0.54	3	0.54	0.01	0.54	1	0.54	1	0.54
छः एकड़	1	0.21	2	0.21	0.01	0.21	1	0.21	1	0.21
सात एकड़	1	0.15	1	0.15	1	0.15	1	0.15	1	0.15
आठ एकड़ या इससे अधिक	1	0.63	3	0.63	0.01	0.63	1	0.63	1	0.63
लागू नही होता है (जिनके पास भूमि नही है)	113	89	172	78	234	88	83.0	88	103	0.86
योग	130	100	220	100	266	100	97	100	120	100

कृषि महिला श्रमिक के ऐसे परिवार जो किराये की भूमि प्राप्त करके कृषि करते हैं वह दूसरे जातियों से प्राप्त हुई है ऐसे उदाहरण नही प्राप्त हुए है जिसमें किराये की भूमि अपने ही जाति के लोगो से प्राप्त की गई हो इसका कारण स्पष्ट है कि इन परिवारो के पास किसी भी परिवार में इतनी अधिक भूमि की मात्रा नही रही है कि वे अपनी भूमि को किराये पर कृषि के लिए दे सके।

बहुत से अर्थशास्त्रियों ने इस बात को स्पष्ट किया है कि कृषि भूमि का विभाजन उपविभाजन और उपखण्डन की प्रक्रिया प्रत्येक पीढ़ी में कार्य कर रही है। जिसके परिणामस्वरूप किसी परिवार की भूमि उसके उत्तराधिकारियों में बढ़ती जाती है और परिणामस्वरूप कृषि की जोत अनार्थिक हो जाती हे और यही देश में कृषि के पिछड़े होने का एक प्रमुख कारण है। इसके अतिरिक्त उत्तराधिकार का नियम भी दोषपूर्ण रहा है क्योंकि इस नियम के अंतर्गत किसी परिवार के सदस्य को उस परिवार में हिस्सा प्राप्त होने की गारंटी देता है और पिता की सम्पत्ति में लड़कियों का भी हिस्सा होने के कारण यह स्थिति और भी ख़राब हो जाती है इसके अतिरिक्त देश में बढता हुआ औद्योगिकीकरण, नगरीकरण, पश्चिमी देशों की शिक्षा एक सभ्यता के कारण व्यक्तिवाद को बढ़ावा मिला है। जिसके परिणामस्वरूप संयुक्त कृषि प्रणाली समाप्त हो गई है। जिसके परिणामस्वरूप देश की परम्परा पर आधारित संयुक्त परिवार प्रणाली में परिवर्तन हुआ है। परिणामस्वरूप भूमि छोटी छोटी टुकड़ो में बढ़ती गई है। और जोत का आकार अनार्थिक होता गया है।

अध्ययन के लिए चुनी गई कृषि महिला श्रमिक परिवार इस समस्या से अछूते रहे हैं। क्योंकि इनके पास कृषि कार्य के लिए या तो भूमि ही नही है या यदि है भी तो वह उतनी पर्याप्त नही है कि उसे और छोटे टुकड़ो में विभाजित किया जा

सके तथा बहुत कम प्रतिशत परिवार केवल 3 प्रतिशत परिवार किराये की भूमि प्राप्त करके खेती का कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त जिनके पास भूमि है वह मात्र 2 या 3 एकड़ तक सीमित है। इतनी छोटी जोत की मात्रा होने पर यह नही कहा जा सकता है कि उनकी भूमि छोटे छोटे टुकड़ो में कई स्थानो में बंटी हुई है। जिनके पास भूमि है उनमें से 36.9 प्रतिशत परिवारो की भूमि एक ही स्थान पर थी।

5.1 प्रतिशत परिवारो की भूमि दो स्थानो पर पाई गई थी। भूमि के प्रकारो के सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जा चुका है कि अधिकांश परिवार के पास सूखी भूमि है तथा 13 प्रतिशत परिवारो के पास सिंचित भूमि है। ऐसी दशा में यह स्वभाविक है कि जिनके पास कृषि के लिए भूमि है उसमें 32.2 प्रतिशत परिवार कृषि कार्य के लिए प्रकृति की वर्षा पर निर्भर है। और कृषि के लिए जल की आपूर्त्ति के लिए वर्षा ही उनका प्रमुख स्रोत है। शेष भूमि जो बाग बगीचो में लगी है उनमें से 5 प्रतिशत परिवार इसकी सिंचाई के लिए नहरों द्वारा जल प्राप्त करते हैं, 4.4 प्रतिशत परिवार अपने बगान कृषि की सिंचाई तालाब तथा पोखरो से तथा 1.8 प्रतिशत परिवार सिंचाई के लिए कुओं पर निर्भर है। जिसे सारणी संख्या-7 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-7
कृषि के लिए जल आपूर्ति के स्रोत

स्रोत	परिवार की संख्या	कुल में प्रतिशत
प्राकृतिक वर्षा	269	32.28
तालाब	37	4.41
नदिया	1	0.12
सोते	4	0.48
कुएं	15	1.83
नहरे	42	5.02
अन्य	1	0.03
लागू नही होता है	464	55.82
योग	833	100.0

सारणी संख्या-7 से यह स्पष्ट है कि 32.28 प्रतिशत परिवारो के पास सिंचाई का कोई भी साधन नही है। वे अपनी कृषि के लिए वर्षा पर निर्भर करते हैं।

उपरोक्त विवरण के आधार पर कृषि महिला श्रमिक परिवारो के कृषि की पिछड़ी हुई और निकृष्ट स्थिति को स्पष्ट किया जा सकता है। अतः यह कहा जा सकता है कि देश के विभिन्न भागो में कृषि क्षेत्र में चल रहे "हरि क्रान्ति" का प्रभाव कृषि महिला श्रमिक परिवारो के कृषि कार्य पर बिलकुल नही पड़ा है। उसका कारण स्पष्ट है कुल परिवारो में 45 प्रतिशत परिवारो के कुछ मात्रा में भूमि है जिसमें से 32 प्रतिशत परिवार के पास सूखी भूमि है जो वर्षा पर निर्भर है और वर्षा की मात्रा पर आधारित है। इसके विपरीत इन परिवारो के स्त्री और पुरूष भूमिहीन कृषि मजदूरी के रूप में कृषि क्षेत्र और गैर कृषि क्षेत्र दोनो में कार्यरत है और कृषि क्षेत्र में कार्य करके हरित क्रान्ति के विचार को सार्थक बनाने में अपना योगदान कर रहे हैं।

:: निष्कर्ष ::

सम्पत्तियों के दृष्टिकोण के आधार पर यह कहा जा सकता है कृषि महिला के श्रमिक के परिवार बहुत ही गरीब है इनमें से बहुत ही बड़ी संख्या में परिवार भूमिहीन कृषि श्रमिक परिवार है। जिसके परिणाम स्वरूप कृषि कार्य में प्रयोग किये जाने वाले यंत्र और औजारों तथा ऐसे यंत्र और औजार जिनका प्रयोग कृषि के लिए होता है, रखने का प्रशन ही नही होता है। इसके अतिरिक्त उनके पास ऐसे पालतू पशुओं की संख्या अधिक नही जिनके द्वारा परिवार की आय में वृद्धि की जा सके। ऐसी स्थिति में कृषि महिला श्रमिकों का गरीबी के स्तर में रहना स्वाभाविक हो जाता है। ऐसी स्थिति में उनके पास आरामदायक और विलासिता की वस्तु पाना असम्भव है। लगभग 95 प्रतिशत

महिला श्रमिक परिवारो के पास साईकिल, घड़ी और स्कूटर, रेड़ियो, ट्रांजिस्टर, टी. वी. सेट कार तथा घरो में फर्नीचर इत्यादि नही पाये गये।

इसी प्रकार इन परिवारो में अधिकांश परिवार भूमिहीन परिवार थे। केवल 13 प्रतिशत परिवारो के पास सिंचित भूमि थी और 32 प्रतिशत परिवारो के पास सूखी भूमि थी। इनकी आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि वो दूसरो से बटाई प्रथा या लीज के आधार पर भूमि प्राप्त कर सके। ऐसे व्यक्तियों की संख्या भी इस अध्ययन में बहुत ही कम पाई गई । गांव के कृषि भूमि अधिकांश गांव के प्रभावशाली व्यक्तियों के पास होती है।

उपरोक्त तथ्य इन परिवारों की कृषि श्रमिक आकस्मिक श्रमिक बने रहने के लिए बाध्य करते है। यहां तक कि परिवार के महिला सदस्यों को भी मजदूरी करने के लिए बाध्य करते हैं।

वित्तीय स्थिति

आय स्तर:

वर्तमान अध्याय में कृषि महिला श्रमिको के आय स्तर तथा आय स्त्रोतों की व्याख्या करना है इसके अंतर्गत विशेषकर (1) कृषि महिला श्रमिको की कुल आय तथा प्रति व्यक्ति आय को ज्ञात करना है। (2) कुल आय के आधार पर उन्हें विभिन्न आय गुण के अंतर्गत विभंजित करना है। (3) प्राप्त आय स्तर के आधार पर इन परिवारो के गरीबी स्तर का अनुमान लगाना है।

आय का स्तर एवं आय का ढांचा :

सर्वेक्षण से प्राप्त आंकडो के आधार पर विभिन्न परिवारो के औसत आय ज्ञात किया गया है। सारणी संख्या-8 से यह स्पष्ट है कि कृषि महिला श्रमिक परिवारो द्वारा प्रतिवर्ष औसत आय 5817 रूपये की आय अर्जित की जाती है। यद्यपि विभिन्न परिवारो द्वारा अर्जित की जाने वाली आय अलग अलग रही है। तथा इन परिवारो की स्तर में महत्वपूर्ण अन्तर रहा है। सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ो के आधार पर इन 833 कृषि महिला श्रमिक परिवारो को 3 वर्ग के अंतर्गत बांटकर अलग अलग औसत ज्ञात किये गये है। जिसे सारणी संख्या-8 मे स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-8

कृषि महिला श्रमिको के आय स्तर

आय वर्ग	वार्षिक औसत आय (रू में)	परिवारो की संख्या	कुल परिवारो से प्रतिशत
4000 रू से कम	3224	379	47.0
4000 से 8000 रू तक	5743	405	49.7
8000 से ऊपर	10277	49	3.3
सभी वर्ग	5817	833	100

सारणी संख्या-8 से यह स्पष्ट है कि 40 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिकों के पास वार्षिक औसत आय 3224 रू आती है जिसे पहले वर्ग या 4000 रू. से कम वार्षिक आय प्राप्त करने वाले परिवारो के अंतर्गत रखा गया है। 4000 से 8000 रू आय वर्ग के अंतर्गत 49.7 प्रतिशत परिवार आते है। जिनकी वार्षिक आय 5743 के करीब आती है और केवल 3.3 प्रतिशत परिवार ऐसे है जिनकी वार्षिक आय 8000 रूपये से अधिक आय वर्ग के अंतर्गत आती है। जिसका औसत 10277 आता है। यदि सम्पूर्ण दृष्टिकोण से विचार किया जाय तो सभी परिवारो की वार्षिक आय का औसत 5817 आता है।

वार्षिक औसत आय ज्ञात करने के लिए मासिक आय को आधार बनाया गया है और मासिक औसत आय ज्ञात करने के लिए कुल कृषि महिला श्रमिक परिवारो में से विभिन्न गांव में इन परिवारो के 20 प्रतिशत परिवारो के कैण्डम सैम्पलिंग के आधार पर चुनाव करके इन परिवारों में प्रत्येक 15 दिन में एक बार जाकर पिछले 75 दिनो में उनके द्वारा किये गये कार्य और उससे प्राप्त होने वाली आय को ज्ञात करने का प्रयास किया गया है। 20 प्रतिशत के आधार पर यह संख्या 210 आती है। पर इन चुने हुए परिवारो में से केवल 200 परिवारो में केवल एक वर्ष तक प्रत्येक 15वें दिन या महीने में दो बार जाकर उनको प्राप्त होने वाली आय एवं किये गये रोजगार के सम्बन्ध में सूचनायें एकत्र की गई।

इस प्रकार 5 सैम्पुल में चुने गये 200 परिवारो के मासिक आय ज्ञात करने का प्रयास किया गया है। वर्तमान अध्ययन के अंतर्गत कृषि महिला श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इसलिए आय ज्ञात करने

के सम्बन्ध में कोई विशेष विधि का प्रयोग नही किया गया है। बल्कि प्रश्नों का उत्तर देने वाली कृषि महिला श्रमिको से पिछले 15 दिनो में लगभग प्राप्त होने वाली आय के बारे में पूछा गया। इस सम्बन्ध में नगद और वस्तु के रूप में प्राप्त होने वाली दोनो आमदनी को पूछा गया इस सम्बन्ध में उनके द्वारा प्राप्त होने वाली अय की सत्यता को किसी भी तरीके से ज्ञात करने का प्रयास नही किया गया अतः उन्होंने जो स्पष्ट किया। उसी को सही मानकर उसी के आधार पर व्याख्या की गई है। आय की व्याख्या करने के लिए आय सम्बन्धी प्राप्त आंकड़ों को आवश्यकतानुसार मासिक आय में परिवर्तित कर दिया गया। इस सम्बन्ध में उनके द्वारा किये गये कार्यो के प्रकृति पर विचार नही किया गया। इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जा सकता है कि आय के सम्बन्ध में महिला श्रमिको द्वारा स्वैच्छिक रूप से जो रकम बताई गई उसी को आधार माना गया। इस सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जा सकता है कि कृषि महिला श्रमिको द्वारा आय के सम्बन्ध कोई विशेष रिकार्ड नहीं रखा जाता है और वे आय के सम्बन्ध में कोई विस्तृत जानकारी ही न दे सकी है। इस सम्बन्ध में जब वे आय के सम्बन्ध में नही बता सकी तो उनके द्वारा किये गये व्यय के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया।

"फील्ड सर्वेक्षण के दौरान ऐसा अनुभव किया गया कि परिवार की आय सम्बन्धी प्रश्नों का उत्तर देने में आय को कम स्पष्ट करने की प्रवृति पाई गई। क्योंकि मस्तिष्क में विभिन्न प्रकार का डर बना हुआ था कि आय स्पष्ट करने पर सरकार द्वारा उनकी आय पर कर लगाया जा सकता है या सरकार से मिलने वाली सहायता कम हो जायेगी या बन्द हो जायेगी। जैसा कि यह स्पष्ट किया जा चुका है कि एक बड़ी संख्या में कृषि महिला श्रमिक भूमिहीन परिवार से सम्बन्धित है। इसलिए वे दूसरो

के खेतो पर मजदूरी करके आय प्राप्त करती है और ऐसा भी पाया गया कि उन्हें कृषि में वर्ष भर रोजगार प्राप्त नही होता है जो महिला श्रमिक कृषि आकस्मिक श्रमिक के रूप में कार्य करती है उसमें लगभग 80 प्रतिशत महिला के वर्षभर कार्य नही मिल पाता है। इसके अतिरिक्त इन महिला श्रमिको को प्राप्त होने वाली मजदूरी कार्य की प्रकृति, मौसम, लिंग तथा आयु वर्ग पर निर्भर है। इन तथ्यों को ध्यान में रखकर मासिक आय ज्ञात की गई। सैम्पुल परिवारो के मासिक आय को विभिन्न वर्गो में बांटा गया लगभग 73 प्रतिशत परिवारो की मासिक आय 2000 या उससे कम रही है2 27.9 प्रतिशत परिवारो की मासिक आय 1000 से 1500 रू मासिक आय प्राप्त करने वाले वर्ग में थे। इसके अतिरिक्त 5 प्रतिशत परिवार 500 से 1000 रूपये के बीच के वर्ग में आते है। लगभग 9.2 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिक के परिवार 500 रूपये से कम आय वर्ग में आती है। इन परिवारो के आय वर्ग में बांटकर इनकी संख्या को सारणी संख्या-9 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-9
आय वर्ग के अनुसार परिवारो का विभाजन

आय वर्ग	परिवारो की संख्या	कुल में प्रतिशत
500 से कम	18	9.21
501-1000	41	20.54
1001-1500	56	27.92
1501-2000	32	16.07
2001-2500	16	7.69
2501-3000	9	4.60
3001-3500	9	4.60
3501-4000	4	2.10
4001-4500	11	5.50
4501 से अधिक	4	1.87
योग	200	100

कृषि श्रमिकों द्वारा कृषि क्षेत्र में विभिन्न रूपो में कार्य किया जाता है। इनके द्वारा प्राप्त की जाने वाली आय लगभग 33 प्रतिशत आय कृषि में स्थायी रूप से कार्य करने में प्राप्त होती है। तथा 41 प्रतिशत आय कृषि क्षेत्र के रूप में आकस्मिक श्रमिक के रूप में कार्य करने को प्राप्त होती है। यदि विभिन्न आय समूह के परिवारो पर अलग अलग विचार किया जाय तो यह स्थिति अलग अलग स्पष्ट होती है। निम्न आय वर्ग जिसे ए.बी.सी. में बांटा गया है। ए और बी वर्ग के परिवार अपनी अपनी अधिक आय कृषि क्षेत्र में आकस्मिक रूप से आय प्राप्त करते हैं। सी आय वर्ग में परिवारअपने आय का बड़ा भाग स्थाई रूप से कार्य करके प्राप्त करते हैं।

इस अध्याय में कृषि महिला श्रमिक परिवारो को तीन आय वर्ग के अंतर्गत बांटागया है। (1) 4000 रूपये से कम आय वर्ग के परिवार (2) 4000 से 80000 के बीच के परिवार (3) 80000 रूपये से अधिक आय के परिवार। इन्हें व्याख्या में क्रमशः ए. बी. सी. के नाम से स्पष्ट किया गया है।

ए तथा बी वर्ग के परिवारो द्वारा क्रमशः 69 और 5.7 प्रतिशत आय आकस्मिक श्रमिक के रूप में कार्य करके प्राप्त की जाती है जबकि दूसरी ओर सी वर्ग आय के परिवारो द्वारा कृषि क्षेत्र में आकस्मिक श्रमिक रूप में कार्य करके। 44 प्रतिशत आय प्राप्त की जाती है। जबकि दूसरी ओर स्थाई रूप से कृषि क्षेत्र में कार्य करनक के सम्बन्ध में स्थिति बिल्कुल उल्टी है। ए और बी आय वर्ग के परिवारो के द्वारा कृषि क्षेत्र में स्थाई श्रमिक के रूप में कार्य करके कुल आय का क्रमशः 31 प्रतिशत तथा 43 प्रतिशत आय प्राप्त की गई थी। जबकि सी आय वर्ग के परिवारो द्वारा कृषि

क्षेत्र में स्थाई श्रमिक के रूप में कार्य करके कुल आय का 56 प्रतिशत भाग प्राप्त किया गया था। औसत के रूप में यह कहा जा सकता है कि कृषि महिला श्रमिकों द्वारा अपनी आय का 44 प्रतिशत आय कृषि क्षेत्र में कार्य करके प्राप्त की गई थी।

आय की संरचना पर विचार करने का एक दूसरा तरीका नगर और वस्तु के रूप में प्राप्त होने वाली मात्रा को आधार बनाकर उस पर विचार किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि कृषि क्षेत्र में कार्य करने पर लगभग 61 प्रतिशत आय नगद रूप में प्राप्त हुई है। यही स्थिति विभिन्न वर्ग (ए बी सी) के सम्बन्ध में रही है। ए आय वर्ग के परिवारो को प्राप्त कुल आय का 63.77 प्रतिशत भाग नगद के रूप में प्राप्त हुआ था। जबकि बी आय वर्ग के परिवारो द्वारा उनकी कुल आय का 59.39 / 3 प्रतिशत तथा सी आय वर्ग के कुल आय का 61.80 प्रतिशत भाग नगद रूप प्राप्त हुआ था। कृषि क्षेत्र के स्थाई तथा आकस्मिक आय के ढांचे में कोई गुणात्मक अंतर नहीं है। क्योंकि सभी आय वर्ग के परिवारों द्वारा चाहे स्थाई श्रमिक के रूप में आकस्मिक श्रमिक के रूप मे कार्य किये हुए है। उनके द्वारा आय का अधिक भाग नगद रूप में प्राप्त किया गया था। इसे सारणी संख्या-10 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-10

कृषि महिला श्रमिको की मजदूरी से प्राप्त

आय की संरचना

(मजदूरी आय प्रतिशत के रूप में)

आय के स्रोत	ए	बी	सी	सम्पूर्ण आय वर्ग
1. कृषि में स्थाई श्रमिक के रूप में कार्य करने से प्राप्त आय।				
अ) नगद	19.53	23.83	32.40	25.60
ब) वस्तु के रूप में (अनाज)	11.25	18.85	23.26	18.76
	30.78	**42.68**	**55.66**	**44.36**
खरीफ फसल				
2. आकस्मिक श्रमिक के रूप में प्राप्त आय (प्रतिशत में)				
अ) नगद रूप में	19.62	14.93	12.34	15.06
ब) वस्तुओ के रूप में	16.14	13.57	9.75	13.03
	35.76	**28.82**	**22.09**	**28.09**
3. रबी फसल				
अ) नगद	24.62	20.58	17.06	20.28
ब) वस्तुओ के रूप में	8.84	7.92	5.19	7.27
	33.46	**28.50**	**22.25**	**27.55**
योग	100	100	100	100
नगद	63.77	59.39	61.80	60.94
वस्तु	36.23	40.61	38.20	39.06

सारणी संख्या दस से यह बात स्पष्ट है कि विभिन्न आय वर्ग की महिला श्रमिकों की आय की संरचना में समानता है। कृषि महिला श्रमिको के श्रमिक होने के कारण उनकी आय का मुख्य स्रोत श्रम द्वारा मजदूरी प्राप्त करना है। विभिन्न आय वर्ग की कृषि महिला श्रमिको की आय संरचना में गुणात्मक अंतर है। सी आय वर्ग की कृषि महिला श्रमिकों द्वारा मजदूरी के रूप में स्थाई श्रमिक के रूप में कार्य करके अधिक आय प्राप्त करने में समर्थ है। क्योंकि उन्हें एक तरह से रोजगार की गारन्टी प्राप्त होती है। कृषि श्रमिक परिवारो को मजदूरी के रूप में प्राप्त होने वाली आय कई तथ्यों पर आधारित है। उदाहरण के लिए मजदूरी की दर रोजगार की समय अवधि तथा परिवार में कमाने वालो की संख्या आदि सी आय वर्ग की कृषि महिला श्रमिको की आय दूसरे आय वर्ग महिला श्रमिको की तुलना में अधिक इसलिए है क्योंकि उन्हें कृषि में स्थाई श्रमिक के रूप में एक लम्बे समय तक रोजगार प्राप्त होता है। विभिन्न आय वर्ग की कृषि महिला श्रमिको के मजदूरी दर में नाममात्र का अंतर है जो निम्न आय वर्ग की महिलाओ के प्रतिकूल नहीं है। उच्चत्तम आय वर्ग की महिला श्रमिक परिवारो में आय अर्जित करने वाले श्रमिकों की संख्या तथा उनपर आश्रित रहने वाली व्यक्तियों की संख्या निम्न आय वर्ग की महिला श्रमिकों की तुलना में अधिक है। अतः मजदूरी की मात्रा आय अर्जित करने वाले की संख्या तथा रोजगार की अवधि दोनो के अधिक होने के कारण उच्च आय वर्ग में अधिक और निम्न आय वर्ग में कम होती है।

:: प्रति व्यक्ति आय ::

कृषि महिला श्रमिकों की कुल आय तथा आय संभावना की व्याख्या करने के पश्चात प्रति व्यक्ति आय पर विचार किया जा सकता है। सैम्पुल में चुनी गई कृषि महिला श्रमिक परिवारों का औसत आकार छः सदस्यों का आता है। विभिन्न आय वर्ग

में विभाजित कृषि महिला श्रमिकों के परिवार अलग अलग रही है। सी आय वर्ग की कृषि महिला परिवारो का आकार 8 सदस्यों का आता है। बी और ए आय वर्ग के महिला श्रमिकों के परिवारों का आकार छः और 5 क्रमशः आता है। विभिन्न आय वर्ग के परिवार में भिन्नता होने के कारण इन परिवारो के प्रति व्यक्ति आय पर विचार करना आवश्यक होता है। सारणी संख्या-।। में विभिन्न आय वर्ग की कृषि महिला श्रमिक के परिवारो के औसत प्रति व्यक्ति आय को स्पष्ट किया गया है। कृषि महिला श्रमिको के परिवारो की औसत प्रति व्यक्ति आय 989 रू आती है पर विभिन्न आय वर्ग के परिवारो पर अलग अलग विचार करने पर यह अलग अलग आती है। सी आय वर्ग या उच्चतम आय वर्ग की कृषि महिला श्रमिक परिवारों की प्रति वयक्ति आय 1313.34 रू है जबकि बी या मध्यम आय वर्ग और ए या निम्न आय वर्ग के परिवारो की औसत प्रति व्यक्ति आय क्रमशः 976.72 रूपये तथा 684.58 रूपये औसत प्रति व्यक्ति आय थी। प्रति व्यक्ति आय के ढांचे की संरचना औसत प्रति व्यक्ति आय के ही समान है। पर जब इसपर तुलनात्मक रूप से विचार किया जाता है तब औसत प्रति व्यक्ति आय तथा विभिन्न आय वर्ग के औसत परिवार की आय में अंतर पाया गया। उच्चतम आय वर्ग की प्रति व्यक्ति आय । न्यूनतम आय वर्ग के आय वर्ग की तुलना में 1.92 गुना अधिक रही है। जबकि दूसरी ओर अधिकतम आय वर्ग के परिवार की औसत आय निम्न आय वर्ग के परिवार के औसत आय की तुलना में 3.17 गुना अधिक रही है। विभिन्न आय वर्ग के व्यक्ति आय के स्रोतो में भी महत्वपूर्ण अंतर रहा है। यद्यपि परिवार की आय में वृद्धि परिवार के आकार में वृद्धि के कारण होती है। इसके साथ प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि स्पष्ट होती है। कृषि महिला श्रमिक परिवारो द्वारा अर्जित की जाने वाली आय को सारणी संख्या-।। में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-11

कृषि महिला श्रमिक परिवारो की प्रति व्यक्ति आय (रूपये में)

आय के स्रोत	ए	बी	सी	सभी आय वर्ग के लिए
1. कृषि में स्थाई श्रमिक के रूप में कार्य करने पर प्राप्त आय				
अ) नगद	115.78	169.42	302.17	188.58
ब) वस्तु	66.70	134.05	216.83	138.16
	182.48	303.47	519.00	326.74
2. रबी फसल कृषि में आकस्मिक श्रमिक के रूप में कार्य करने से प्राप्त आय:				
अ) नगद	116.34	106.55	115.00	110.90
ब) वस्तु	95.67	98.36	90.9	96.00
	212.01	204.91	206.90	206.90
3. खरीफ फसल आकस्मिक श्रमिक के रूप में कार्य करने से प्राप्त आय				
अ) नगद	145.95	146.42	159.10	149.38
ब) वस्तु	52.47	56.27	48.39	53.54
	198.42	202.69	207.49	202.92

कृषि महिला श्रमिको की गरीबी का प्रारूप

गरीबी शब्द का अर्थ किसी व्यक्ति द्वारा एक वांछनीय रहन सहन के स्तर के लिए न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताओं को पूरा करने के असमर्थता से लगाया जा सकता है। दूसरे शब्दो में यह कहा जा संकता है कि एक वांछनीय रहन सहन के स्तर पर कोई परिवार या व्यक्ति उस रहन सहन के स्तर को आय के अभावम े पूरा करने में असमर्थ रहता है या उसके आवश्यक न्यूनतम आवश्यकता को पूरा नही कर पाता है तो उस व्यक्ति या परिवार को गरीब कहा जा सकता है। इस वांछनीय न्यूनतम रहन सहन के स्तर के नीचे जो व्यक्ति या परिवार रहते है उन्हें गरीबी के रेखा के नीचे रहने वाले परिवार कहा जाता है। डाडेकर और राठ ने गरीबी की रेखा को व्यय के रूप में 180 रूपया प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष व्यय को 1960-61 के कीमतों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निश्चित किया था।[1] सन 1980-81 वर्ष के लिए गरीबी की रेखा को सामान्य उपभोक्ता सूचकांक के आधार पर रेखा 736.20 पैसे प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष आती है। इस आय का जिन कृषि श्रमिक परिवारों की आय 736.20 पैसे से कम रही है उन्हें गरीबी की रेखा के नीचे माना गया है। इसके अतिरिक्त समय समय पर गरीबी की रेखा के लिए निश्चित की गई धनराशि में परिवर्तन होता रहा है। सातवीं पंचवर्षीय योजनाओं में 6000 रू से कम आय के ग्रामीण क्षेत्र के परिवारो को गरीबी के रेखा पर माना गया था इसी प्रकार आठवीं पंचवर्षीय योजना में 11400 रूपये प्रतिवर्ष

---

1. V.M. Dandokar and N. Rath, Poverty in India, Indian School of Political Economy (Pune 1971).

2. Reserve Bank of India, Reserve Bank of India Bulletin (Bombay 1982).

आय वाले परिवारों को गरीबी की रेखा पर माना गया है। वर्तमान अध्ययन में सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अध्ययन के लिए चुनी गई कृषि महिला श्रमिक परिवारो की आय सातवीं पंचवर्षीय योजना में निर्धारित मानदण्ड को आंशिक रूप से पूरा करती है। पर इस अध्ययन में कृषि महिला श्रमिकों को निम्न मध्यम और उच्च आय वर्ग की श्रेणी में विभाजित करने के लिए 4000 रू तक वार्षिक आय के परिवारों को निम्न आय वर्ग (ए), 4000 से 8000 रूपये प्राप्त करने वाले को मध्यम वर्ग (बी) और 8000 रू से अधिक वार्षिक आय वाले परिवार को उच्च आय वर्ग (सी) में रखा गया है। इस दृष्टिकोण से इन विभिन्न आय वर्ग के परिवारो में बहुत अंतर है। न्यूनतम आय वर्ग के अंतर्गत 53.16 प्रतिशत परिवार तथा मध्यम आय वर्ग के 14.88 प्रतिशत परिवार इस न्यूनतम आय स्तर के नीचे आय प्राप्त करने वाले थे और उच्च आय स्तर वर्ग के अंतर्गत कोई भी परिवार गरीबी की रेखा के नीचे सांतवी पंचवर्षीय योजना के मानदण्डो के नीचे नही है। गरीबी के रेखा के नीचे रहने वाले सभी परिवार को समान रूप से गरीब नही माना जाता है। क्योंकि प्रतिशत के आधार पर ज्ञात करने की प्रणाली सामान्य प्रमुख काउन्टिंग विधि पर आधारित है क्योंकि इसके अंतर्गत किसी परिवार के आय के कम होने पर विचार नही किया जाता है। जिसके कारण वह परिवार गरीबी की रेखा के नीचे आ जाता है। गरीबी रेखा को ज्ञात करने की यह प्रणाली सेन द्वारा स्पष्ट की गई है।[3] अतः सेन की इस विचारधारा पर संक्षेप में विचार करना आवश्यक हो जाता है।

---

3. A'Sen - "Poverty An ordinal approachto measurement Econonoctrica Vol. 44 No. 2, March 1976.

सेन की गरीबी मापने की प्रणाली

सेन की गरीबी मापने की प्रणाली गिनी के मापक से बहुत कुछ मिलती जुलती है। गिनी प्रणाली के अंतर्गत कोटि अंतर भार (रैंक आर्डर वेट्स) का प्रयोग गरीबी मापने के लिए किया गया है। जिसके अंतर्गत किसी परिवार के गरीबी की रेखा के नीचे के आय गरीबी की रेखा के स्तर के बीच अंतर को स्पष्ट किया जाता है। अतः इसके अंतर्गत प्रति इकाई आय को अधिक महत्व प्रदान किया जाता है। जो गरीबी की रेखा के नीचे होती है। गरीबी की रेखा के नीचे के परिवारो के संख्या कमी जाती है जैसे जैसे यह अंतर कम होता जाता है। पर जब उच्च आय वर्ग से निम्न आय वर्ग के परिवारों को आय का हस्तान्तरण होता है। तो इस प्रकार के हस्तांतरण को इसके अंतर्गत शामिल नहीं किया जाता है। क्योंकि इसके अंतर्गत केवल उन्ही स्थितियों पर विचार किया जाता है। क्योंकि इसके अंतर्गत केवल उन्हीं स्थितियों पर विचार किया जाता है। जिसके अंतर्गत गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले कुछ परिवार कल्याणकारी योजनाओं के कारण गरीबी की रेखा के ऊपर उठ जाते हैं। सेन द्वारा इस प्रणाली में भारप्रणाली अपनाने के कारण इस समस्या से छुटकारा मिल जाता है। सेन के गरीबी मापने के प्रणाली के अंतर्गत केवल गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले व्यक्ति की संख्या पर ही विचार किया जाता है। बल्कि इन परिवारों की आय गरीबी की रेखा की आय से कितनी कम है। इस पर भी विचार किया जाता है। इसके अंतर्गत जिस परिवार की आय गरीबी की रेखा के स्तर के आय से जितनी ही अधिक कम होती है उसे उतना ही अधिक भार प्रदान किया जाता है। इस प्रकार सेन के गरीबी मापने के प्रणाली गिनी के विधि से दो रूपो में अलग हो जाती है। (ए) ऐसे लोगो की संख्या से सेन की प्रणाली सम्बन्धित है। जो गरीबी की रेखा के नीचे होते हैं। (बी) गरीबी की रेखा के स्तर

और परिवार के आय के स्तर के बीच के अंतर को उसने की विधि के अंतर्गत ज्ञात किया जाता है। जबकि गिनी की प्रणाली के अंतर्गत केवल विवरण के औसत आय पर विचार किया जाता है।

सेन के गरीबी के मापक को निम्न सूत्र द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है।

$$P = \frac{(Z)}{(q+1)\ nz} \quad \sum_{S=1}^{P} (Z-yi) \quad (q + 1-S)$$

P गरीबी की माप है।

n जनसंख्या का आकार

Y s उन व्यक्तियों के आय स्तर को स्पष्ट करता है जिन्हें आय स्तर के आधार पर बढ़ते हुए क्रम में लगाया गया है।

q गरीबी के रेखा के नीचे रहने वाले व्यक्तियों की संख्या

Z गरीबी का स्तर

डा. ज्ञान सिंह ने अपने अध्ययन के पंजाब के कृषि श्रमिकों के गरीबी स्तर को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्पष्ट किये गये 736.20 रूपये के स्तर पर सेन द्वारा दिये सूत्र के आधार पर मापा है।[4]

यदि सेन के ही मापक का प्रयोग इस अध्ययन में किया जाय तो सातवीं पंचवर्षीय योजना में दिये गये मापक के गरीबी के मापदण्ड के आधारपर कृषि महिला श्रमिकों के 47 प्रतिशत निश्चित रूप से गरीबी की रेखा के नीचे आते हैं। क्योंकि इन परिवारों की आय 4000 रू प्रतिवर्ष से कम रही है। इसके अतिरिक्त 4000 से 8000 आय स्तर के बीच 49.7 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिक परिवार वर्गीकृत किये गये हैं जबकि सातवीं योजना में गरीबी के रेखा का स्तर 6000 रूपये माना गया था। अतः इनमें से आधे परिवार को यदि 6000 रू. के स्तर के नीचे मान लिया जाय तो लगभग 70 प्रतिशत कृषि महिला श्रमिक के परिवार गरीबी की रेखा के नीचे आते हैं।

सर्वेक्षण में प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विभिन्न आय वर्ग की कृषि महिला श्रमिकों की गरीबी के प्रारूप को सारणी संख्या ग्यारह (ए) में सपष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-11(ए)

सेन के गरीबी मापक के आधार पर प्रति व्यक्ति आय स्तर

विवरण	ए	बी	सी	सभी वर्ग
1. गरीबी की रेखा के नीचे के व्यक्तियों का अनुपात	53.16	14.48	-	23.08
2. गरीबी की रेखा के नीचे के व्यक्तियों की प्रति व्यक्ति आय	537.82	627.02	-	567.57
3. गरीबी मापक. (सेन का गरीबी मापक)	0.236	0.048	0.056	

सारणी संख्या-11(ए) से स्पष्ट है कि गरीब व्यक्तियों का अनुपात-ए आय वर्ग में सबसे अधिक है। जो 53.16 प्रतिशत है जो कि बी आय वग्र में 14.48 है लेकिन गरीबी की रेखा के नीचे वाले व्यक्तियों में प्रति व्यक्ति औसत आय बी आय वर्ग में ए आय वर्ग की तुलना में अधिक है। जिसके परिणामस्वरूप सेन द्वारा दिया गरीबी मापक गरीबी गुणांक ए आय वर्ग के लिए 0.236 तथा बी आय वर्ग के लिए 0.048 है तथा सभी परिवारो पर एक साथ विचार करने के बाद सम्पूर्ण रूप से कोष महिला श्रमिक परिवारों के लिए सेन का गरीबी गुणांक 0.056 आता है।

ऋण ग्राहृता

कृषि महिला श्रमिकों से उनके तथा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा लिए गये ऋण के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। अधिकांश महिलाओं ने इस बात को स्पष्ट किया कि वे अधिकांशतः उन्हीं महाजनों से या गांव के भूस्वामियों जिनके यहां वे या उनके घर के अन्य सदस्य कार्य करते हैं। ऐसे परिवारों की संख्या कुल संख्या का 38.7 प्रतिशत रहा है। बैंक और सहकारी समितियों से ऋण प्राप्त करने की बात केवल 6 प्रतिशत महिला परिवारों द्वारा स्पष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त 2.5 प्रतिशत लोगो का विचार था कि आपसी लेनदेन, दोस्तों से ऋण लेना रिश्तेदारों से ऋण लेने की तुलना में अधिक उपयुक्त समझे गये। 2.5 प्रतिशत महिला परिवारों का जवाब यह था कि वे किसी भी स्रोत से ऋण प्राप्त कर सकती हैं जहां से समय पर प्राप्त हो जाय। सर्वेक्षण में यह पाया गया कि 45.9 प्रतिशत कृषि महिला परिवारों में यह स्पष्ट किया गया कि उनके परिवार द्वारा किसी से भी ऋण नहीं लिया गया पर इसका अर्थ यह नही है

है कि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रही है बल्कि कारण यह रहा है कि उनमें से अधिकांश परिवारों द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि उनके द्वारा किसी भी स्त्रोत से ऋण नहीं प्राप्त किया जा सका है। क्योंकि उनके पास कुछ भी नहीं था जिसे सुरक्षा देकर ऋण प्राप्त किया जा सके तथा न ही वे इसके लिए अपने रिश्तेदारों से व दोस्तों पर निर्भर हो सकते थे। इस स्थिति को सारणी संख्या - 12 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-12

ऋण के स्त्रोत

क्र0सं0	स्त्रोत	परिवारो की संख्या	प्रतिशंत
1.	बैंक	36	4.4
2.	सहकारी समिति	34	34.1
3.	महाजन	310	37.00
4.	सगे सम्बन्धी	5	0.7
5.	दोस्त	12	1.9
6.	अन्य	4	0.5.
7.	लागू नही होता या कोई ऋण नही लिया	361	46.1
8.	भूस्वामी	25	3.1
9.	बैंक/सहकारी समिति/ व महाजन	30	3.6
	योग	833	100.00

लगभग आधे परिवार या 25 प्रतिशत परिवार जिन्होंने ऋण लिया था उनपर प्रतिवार ऋण 2500.00 रूपये से अधिक रकम नहीं थी। बहुत से परिवारों द्वारा बहुत अधिक मात्रा में ऋण नहीं लिया गया पर ऋण पर ली जाने वाली ब्याज की दर के अधिक होने के कारण ऋण में ली जाने वाली रकम क्रमशः बढ़कर कई गुनी हो जाती है। एक बार जो ऋण के जाल में फँस जाते हैं उनका बाहर निकलना कठिन होता है। अधिकतर नये ऋण पुराने ऋणों का भुगतान करने के लिए लिया जाता है। इन परिवारों का लेनदेन अधिकांशतः महाजनों के साथ रहता है। जिसके ऋण के ब्याज की दर प्रायः बहुत अधिक होती है ऐसी स्थिति में ऋण के पूरी अदायगी हमेशा कठिन या स्वप्न मात्र रह जाता है। ऐसे भी उदाहरण मिले हैं जिसमें इन परिवारों द्वारा अपनी भूमि पर कृषि की जाती है उसका स्वामित्व भी महाजन के हाथ होता है। कुछ परिवारों द्वारा जो भूमि सरकार द्वारा इन्हें दी गई थी उसे भी या तो गिरवी रख दिया गया है या बेच दिया गया है। इस स्थिति को सारणी संख्या-13 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-13

कृषि महिला परिवारों द्वारा
ली गई ऋण की रकम

रकम (रूपये में)	परिवार	प्रतिशत
100-500 238	238	28.6
500-1000 112	112	13.4
1000-2500 383	383	10.8
2500-5000 10	10	1.2
लागू नहीं होता है कोई ऋण नही है	90	46.0
योग	833	100.00

ऋण प्रायः विश्वास पर ही प्राप्त किया जाता है। विश्वास के आधार पर ऋण 33.3 प्रतिशत परिवारों ने ऋण प्राप्त किया था इसके अतिरिक्त 10.9 प्रतिशत परिवारों ने अपनी भूमि ऋण प्राप्त करने के लिए सुरक्षा के रूप में रखा था। इसके अतिरिक्त 2.4 प्रतिशत परिवारों ने प्रतिज्ञापत्र (प्रोमेशरी नोट) के आधार पर ऋण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मकान, घरेलू वस्तुओं जैसे जेवरात आदि को सुरक्षा के रूप में रखना बहुत ही कम रहा है। विश्वास के आधार पर अधिक लोगों द्वारा ऋण प्राप्त करना उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति को स्पष्ट करता है। ऋण की रकम तथा उसके लिए सुरक्षा देना दोनो एक दूसरे से आपस में सम्बन्धित है। जिन परिवारों द्वारा थोड़ी रकम ऋण के रूप में प्राप्त की गई थी उनकी संख्या लगभग आधी थी इसके अतिरिक्त जिन लोगों ने कोई सुरक्षा नहीं दी उनकी भी संख्या अधिक रही है। लगभग 10 प्रतिशत परिवारों ने अपनी भूमि को सुरक्षा के आधार पर 2500 रूपये से अधिक का ऋण प्राप्त किया था।

इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जब इन परिवारों को केवल विश्वास के आधार पर ऋण दिया जाता है तो उनकी स्थिति का शोषण होना स्वाभाविक है। यद्यपि इनके द्वारा ली गई ऋण की मात्रा थोड़ी है पर यह ऋण अदायगी नहीं हो पाता है। इसका मुख्य कारण यह हे कि वे जो अपना श्रम अपने महाजन के यहां मजदूरी के आधार पर किया जाता है उसकी कीमत बहुत कम निश्चित की जाती है। इस स्थिति को सारणी संख्या-14 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-14

ऋण के लिए दी गई सुरक्षा

क्र0सं0	सुरक्षा के प्रकार	परिवार की संख्या	प्रतिशत
1.	भूमि	91	10.9
2.	मकान	5	0.7
3.	जेवरात	1	0.12
4.	विश्वास	278	33.4
5.	प्रोनोट	20	12.5
6.	मजदूरी/श्रम	5	0.5
7.	घरेलू वस्तुएं	1	0.1
8.	लागू नहीं होता/कोई ऋण नही है	383	45.9
9.	भूमि/जमीन/विश्वास/ प्रोनोट	49	5.8
	योग	833	100.00

यदि ऋण प्राप्त करने के उद्देश्यों पर विचार किया जाय तो यह बात स्पष्ट होती है कि सामाजिक धार्मिक कारण मुख्य रूप से महत्वपूर्ण रहा है। लगभग 43.2 प्रतिशत परिवारों ने सामाजिक कार्यों जैसे विवाह और मृत्यु के कार्यों के लिए ऋण लिया था इससे यह स्पष्ट होता है कि इन परिवारो में अभी भी परम्परागत विचारों की प्रधानता है। अतः यह कहा जा सकता है कि समाज के निम्न जाति वर्णों का

झुकाव अभी भी परम्परागत विचारों एवं रूढ़िवादियों के प्रति अधिक है। दूसरी ओर इन्हें सभी सामाजिक दायित्वों को पूरा करना आवश्यक होता है जिसके लिए व्यय करना आवश्यक तथा अनिवार्य हो जाता है जिसके लिए उन्हें महाजनों के पास जाना उनकी बाध्यता होती है। केवल 4.5 प्रतिशत परिवारों ने अपनी भूमि को सुधारने के लिए ऋण लिया है तथा 1.5 प्रतिशत परिवारो में बैल तथा कृषि के लिए आवश्यक यंत्रों की खरीद के लिए ऋण लिया था। 2.6 प्रतिशत परिवारों ने मकान निर्माण या मकान के लिए भूमि खरीदने के लिए भूमि खरीदने के लिए ऋण लिया गया था तथा 0.3 प्रतिशत परिवारों ने अपने बच्चों की शिक्षा के लिए ऋण लिया था। लगभग 0.7 प्रतिशत परिवारों ने अपने परिवार के सदस्यों के बीमारी का इलाज कराने के लिए ऋण लिया था जिसे सारणी संख्या-15 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-15

ऋण के उद्देश्य

क्रमांक	उद्देश्य	परिवारों की संख्या	प्रतिशत
1.	भूमि सुधार/कुआं खोदना	38	4.6
2.	व्यवसाय	2	0.2
3.	बैंल/यंत्र खरीदना	13	1.6
4.	विवाह/मृत्यु/घरेलू परेशानियां	361	43.3
5.	बीमारी	6	0.7
6.	मकान बनाना/भूमि खरीदना	21	2.6
7.	बच्चों की शिक्षा	3	0.3
8.	अन्य	2	0.2
9.	लागू नही होता	383	45.9
10.	कोई ऋण नही है।	5	0.6
	योग	833	100.0

उपरोक्त से यह स्पश्ट है कि कृषि महिला श्रमिकों के परिवारों द्वारा मुख्यतया सामाजिक-धार्मिक कार्यो के लिए ऋण लिया गया है और ऐसे अवसरों पद प्रायः थोड़ी रकम की आवशयकता होती है। उनके पास उनके श्रम के अतिरिक्त अन्य कोई भी संसाधन नहीं है ऋणों का वापस करना कठिन हो जाता है। इनमें से अधिकांश परिवार प्रायः अर्ध भुखमरी की स्थिति में है अतः वे ऋण के ब्याज का ही भुगतान कठिनाई से कर पाते हैं और ऋण देने वाले भूसवामी/महाजन उनसे केवल ब्याज के भुगतान की बात करते हैं। समय के दृष्टिकोण से विचार करने पर यह ज्ञात होता है कि 31.0 प्रतिशत परिवारों ने गत तीन वर्षो के पूर्व ऋण लिया था। इसके अतिरिक्त 13.6 प्रतिशत परिवारों ने 4 से 6 वर्ष पूर्व ऋण लिया था तथा 6 प्रतिशत परिवारों ने 7 या उससे अधिक वर्षो पहले ऋण लिया था। सामान्तया महाजन बहुत अधिक समय तक ऋणों को चलने नही देते हैं। ऐसा कहा जाता है कि इन परिवारों द्वारा तुलनात्मक रूप से थोड़ी रकम का ऋण लिया जाता है। जिन परिवारों द्वारा 7 वर्ष पहले ऋण लिया गया था उनके द्वारा अपनी भूमि सुरक्षा के रूप में रखा गया था पर वे ऋण की अदायगी नही कर पा रहे हैं।

इसी प्रकार यदि ब्याज की दर पर विचार किया जाय तो यह कहा जा सकता है कि इन परिवारों द्वारा आयी ब्याज की दर देना पड़ता है यहां तक कि ऋण प्राप्तकर्ता परिवारों में लगभग आधे परिवारों को 19 प्रतिशत तक ब्याज देना पड़ता है। अन्य 12 प्रतिशत परिवारों द्वारा 10 से 18 प्रतिशत तक ब्याज की दर का भुगतान किया है तथा 1.1 प्रतिशत परिवारों को 1 से 5 प्रतिशत ब्याज की दर देना पड़ता है। 4.9 प्रतिशत परिवारों द्वारा 6 से 9 प्रतिशत ब्याज की दर दी है तथा 6.4 प्रतिशत परिवारों द्वारा कोइ्र भी ब्याज की दर का भुगतान नहीं किया था। यह एक लाभदायक स्थिति

नही है बल्कि उन्होंने यह स्पष्ट किया था कि इस ऋण के बदले उन्हें ऋणदाता के यहां बिना कोई मजदूरी प्राप्त किये ही काम करना पड़ता है जिसे सारणी संख्या-16 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-16

ऋणों पर दी जाने वाली ब्याज की दर

क्र.सं.	ब्याज की दर	परिवार की संख्या	प्रतिशत
1.	कोई ब्याज की दर नही	53	6.4
2	1 से 3 प्रतिशत	3	0.4
3.	3 से 5 प्रतिशत	8	0.9
4.	6 से 9 प्रतिशत	42	5.0
5.	10 से 14 प्रतिशत	69	8.3
6.	15 से 18 प्रतिशत	32	3.9
7.	19 प्रतिशत से अधिक	202	24.2
8.	लागू नही होता या कोई ऋण नही लिया है।	382	45.9
9.	वस्तुओ के रूप में	42	5.0
	योग	833	100.0

ऋणों पर ऊँची ब्याज की दर का देना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है क्योंकि इन परिवारों द्वारा अधिकांशतः महाजनों द्वारा ऋण लिया जाता है जिसमें उन्हें

कोई भी वस्तु सुरक्षा के रूप में नही रखना पड़ता है। ऐसी स्थिति में यह स्वाभाविक है कि ऐसे ऋणों पर ऊँची ब्याज की दर देनी पड़ सकती है।

कृषि श्रमिक महिला परिवारों की गरीबी की स्थिति को ऋणों के अदायगी के प्रारूप पर विचार करके स्पष्ट किया जा सकता है। 55 प्रतिशत ऋणी परिवारों से 42.0 प्रतिशत परिवारों ने यह स्पष्ट किया कि ऋणों की कोई भी रकम वापस नहीं कर सके हैं। केवल 4.3 प्रतिशत परिवारों द्वारा लिए गये ऋण का चौथाइ हिस्से की अदायगी की जा सकी है। जबकि 2.3 प्रतिशत ऋणी परिवारों ने प्राप्त किये गये ऋणों के आधे भाग का भुगतान कर चुके थे तथा 1.4 प्रतिशत परिवारों ने प्राप्त किये ऋण के तीन चौथाई भाग की अदायगी कर सके थे। ऊँची ब्याज की दर, तथा दयनीय तरलता की स्थिति तथा भुगतान की प्रतिकूल दशायें इन परिवारों को लगान पर ऋणी की स्थिति में रहने के लिए बाध्य किया है।

ऋण प्राप्ति के स्त्रोत:

सर्वेक्षण के दौरान ऐसा अनुभव किया गया कि यद्यपि कृषि महिला श्रमिक बैंको के कार्य प्रणाली से परिचित नहीं है फिर भी उन्होंने यह विचार स्पष्ट किया कि बैंको से ऋण प्राप्त करना अधिक अच्छा है। यही बात सहकारी समितियों के सम्बन्ध में भी स्पष्ट की गई कि महाजनों के अलावा अन्य स्त्रोतो से बैंक एवं सहकारी समितियों से ऋण प्राप्त करना आसान नही है। केवल 19.3 प्रतिशत परिवारों ने यह स्पष्ट किया कि बैंको से ऋण लेना सरलता एवं लाभदायक है। 2.9 प्रतिशत परिवारों ने सहकारी समिति से ऋण लेना सरल एवं लाभदायक सपष्ट किया। तथा 11.6 प्रतिशत परिवारों ने महाजनों से ऋण लेना सरल एवं लाभदायक स्पष्ट किया। एक बड़ी संख्या

में लोगों का महाजनों के पक्ष में विचार स्पष्ट करने की व्याख्या स्पष्ट है। आसन शर्तो पर ऋण प्राप्ति, सरलता से आवश्यकतानुसार ऋण प्राप्त करना, तुरन्त प्राप्ति तथा सुविधानुसार भुगतान की सुविधा के कारण इन लोगों ने महाजन को अन्य संस्था की तुलना में सरल बताया है। केवल महाजन द्वारा ऊँची ब्याज दर प्राप्त करना ही एक ऐसा तथ्य है जिससे इन परिवारों में असंतोष की भावना बनी हुई है। इन सब बातों के होते हुए कृषि महिला परिवारों की स्थिति ग्रामीण अर्थव्यवस्था में ऐसी बनी हुई है जिसके कारण उन्हें ऋण लेने के लिए मजदूर होना पड़ता है। मित्रों एवं रिश्तेदारों से ऋण लेना अधिकांश परिवारों ने अच्छा नहीं सपष्ट किया है भले ही उनसे ऋण लेना लाभदायक सिद्ध हो सकता है। ऋण के विभिन्न स्रोतो के सम्बन्ध में महिला श्रमिकों के विचारों को सारणी संख्या-17 में स्पष्ट किया गया है।

क्रमशः अगले पृष्ठ पर

सारणी संख्या-17
ऋण प्राप्ति के स्रोतों के सम्बन्ध में विचार

क्र.सं.	विचार	बैंक	प्रतिशत	सहकारी ऋण	प्रतिशत	महाजन से ऋण	प्रतिशत	रिश्तेदार से ऋण	प्रतिशत	दोस्त से ऋण	प्रतिशत
1.	सरल	6	0.8	11	1.3	3.33	39.9	63	7.6	4	4.8
2.	लाभदायक	280	33.9	179	21.5	18.32	2.2	7	0.8	8	0.9
3.	सरल एवं लाभदायक	160	19.4	107	12.9	97.62	11.6	74	8.9	69	8.3
4.	सरल नहीं है।	7	0.09	1	0.03	9.1	1.1	-	-	-	-
5.	लाभदायक नही है।	1	0.03	0	-	-	-	-	-	-	-
6.	कठिन एवं हानिकारक	226.4	27.3	382.0	45.8	223	26.7	536	64.3	562	67.4
7.	कुंछ नही कहा जा सकता।	4	0.5	4	0.5	4	0.5	4	0.5	4	0.5
8.	नही मालूम	149	17.9	149	17.9	149	17.9	149	17.9	149	17.9
	योग	833	100.0	833	100	833	100	833	100	833	100

रोजगार की अवधि

आय स्तर रोजगार स्तर पर निर्भर है। आय स्तर पर विचार करते समय यह पाया गया कि कृषि महिला श्रमिकों के अधिकांश परिवार गरीबी के रेखा के नीचे और गरीबी के रेखा पर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। किसी परिवार में पुरूषों के अतिरिक्त महिलाओं का भी मजदूरी के आधार पर कार्य करना इस बात को स्पष्ट करता है कि उस परिवार के पुरूष सदस्यों द्वारा अर्जित की जाने वाली आय इतनी अपर्याप्त है कि परिवार में महिला सदस्यों को भी मजदूरी के आधार पर कार्य करने के लिए विवश करती है। कि यदि इन परिवारों की महिला सदस्य मजदूरी के आधार पर कार्य करना बंद कर दें तो ये परिवार भुखमरी के स्थिति को पहुँच जायेंगे, ऐसी स्थिति में इस बात पर विचार करना आवश्यक हो जाता है कि कृषि महिला श्रमिकों को ग्रामीण क्षेत्र में कृषि एवं गैर कृषि कार्यो को करने के लिए कितने समय तक कार्य मिल पाता है। सर्वेक्षण के दौरान ऐसा पाया गया कि इन कृषि महिला श्रमिकों द्वारा कृषि सम्बन्धी कार्य किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त जिन परिवारों के पास थोड़ी बहुत कृषि योग्ये भूमि है उसपर कृषि कार्य भी करती हैं। भूमि के स्वामित्व पर विचार करते समय यह पाया गया था कि इन परिवारों के पास अधिकांशतः कृषि योग्य ऐसी भूमि है जिसपर कृषि वर्षा के सहारे की जाती है। जिसे सूखी भूमि की संज्ञा दी गई है। इन दोनों तथ्यों द्वारा इस बात का संकेत मिलता है। कि कृषि महिला श्रमिकों को वर्ष में कितनी अवधि के लिए मजदूरी के आधार पर रोजगार प्राप्त होता है। भारत में कृषि एक मौसमी व्यवसाय है जिन क्षेत्रो में सिंचाई की सुविधा का अभाव है उनमें कृषि कार्य के लिए श्रमिकों को पूरे वर्ष मजदूरी के आधार पर रोजगार नहीं प्राप्त होता है। क्योंकि इन क्षेत्रो में बड़े किसान कार्य के अभाव में श्रमिकों को लगाने में असमर्थ होते हैं।

झांसी जनपद एक ऐसा जनपद है जो पहाड़ी और पठारी दोनो है इसमें विशेषकर नहरों का विकास किया है और इनका क्षेत्र सीमित है। अध्ययन के लिए चुना गया विकासखण्ड (चिरगांव) एक ऐसा गांव हे जिसमें पूर्णतः नहरों द्वारा सिंचाई किया जाता है। पर नहरों से प्राप्त जल इतना पर्याप्त नहीं होता है कि कृषि की या कृषि योग्य भूमि की पूरी क्षेत्र की सिंचाई पर्याप्त मात्रा में की जा सके। यदि क्षेत्र में उपलब्ध अन्य सिंचाई के साधनों का उपयोग कर लिया जाय तो कृषि महिला श्रमिकों को पूरे वर्ष भर रोजगार नहीं दिया जा सकता है। ऐसी महिला श्रमिक जिन्हें वर्ष भर रोजगार प्राप्त होती है। उनकी मात्रा अध्ययन में 43 प्रतिशत आती है। इसके अन्तर्गत उन महिलाओं को भी शामिल किया गया है जो किसी सरकारी और निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान में नौकरी करती हैं। या गांव में चलने वाले किसी उद्योग या व्यवसाय में लगी हैं। यह बात स्थाई एवं आकस्मिक दोनों प्रकार के महिला श्रमिकों पर लागू होती है। कृषि महिला श्रमिक परिवारो में एक बहुत बड़े भाग या 48 प्रतिशत महिलाओं को 9 महीने तक कार्य मिलता है। इसके अतिरिक्त 33 प्रतिशत महिलाओं के परिवार ने स्पष्ट किया कि उन्हें वर्ष में 6 महीने कार्य मिल पाता है। तथा 9 प्रतिशत परिवार की महिला ने यह स्पष्ट किया कि उन्हें वर्ष में तीन महीने रोजगार मिल पाता है। अध्ययन में जिन परिवारों ने 3 और 6 महीने रोजगार प्राप्त करने के लिए कही है वे मुख्यतः महिलाओं और बच्चों पर लागू होती हैं।

रोजगार की अवधि का अधिक से अधिक निश्चित रूप से निर्धारण करने के लिए सामान्य सर्वेक्षण के अतिरिक्त चुने हुए विभिन्न गांवो से लगभग 25 प्रतिशत परिवारों को रैण्डम सैम्पलिग के आधार पर चुनकर उनका सघन अध्ययन किया गया है। जिसके लिए इन परिवारों में प्रत्येक पन्द्रह दिन पर इन गांवो में जाकर इन

परिवारों से पिछड़े 15 दिनों के रोजगार का ब्यौरा प्राप्त करने का प्रयास किया अतः उपरोक्त स्थिति का सम्बन्ध सैम्पुल परिवारों से जिसका सघन अध्ययन किया गया है। इन परिवारों मे वर्ष भर नियमित रूप से जाकर रोजगार सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गई है जिसे सारणी संख्या-18 में स्पष्ट किया गया है।

सारणी संख्या-18

कृषि महिला श्रमिकों की रोजगार अवधि

महिला श्रमिकों की संख्या	वर्ष भर रोजगार		नौ माह		छः माह		3 माह	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
एक	52	25.98	30	15.20	28	14.68	10	5.26
दो	22	11.38	32	16.04	20	10.06	3	1.83
तीन	6	3.36	15	7.51	7	3.69	2	0.84
चार	2	1.14	9	4.71	4	2.19	1	0.45
पांच	1	0.45	4	2.04	2	0.81	1	0.12
छः	1	0.12	2	0.9	1	0.36	0	-
सात	1	0.03	1	0.33	1	0.18	1	0.03
आठ से अधिक	0	-	1	0.33	0	-	1	0.3
लागू नही होता है।	114	57.48	105	52.79	135	67.96	180	91.35
कोई जानकारी है/ कोई जवाब नही दिया	1	0.06	1	0.06	1	0.06	1	0.09
योग	200	100	200	100	200	100	200	100

यद्यपि कृषि श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए नियोजन काल के लगभग 50 वर्षों के समय में इनकी दशा सुधारने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को बनाया गया है जिससे सम्बन्धित कानून भी पास किये गये हैं। इन विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत मजदूरी के दरों का नियमन जिसके न्यूनतम मजदूरी एक्ट 1948, पुरूष और महिलाओं के समान मजदूरी दरों की व्यवस्था, बंधुआ मजदरों की समाप्ति, बाल श्रमिकों पर नियंत्रण, सामाजिक सुरक्षा के उपाय, आदि मुख्य रहे हैं। जहां तक इन प्रयासों के प्रभावी होने का प्रश्न है। इस सम्बन्ध में किये गये विभिन्न अध्ययनों एवं समय समय पर सरकार द्वारा नियुक्त श्रम जांच कमेटियों ने इस बात को स्पष्ट किया गया है। इन प्रयासों के लाभ ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों को नही प्राप्त हो सके हैं। इस बात का अनुभव किया जाने लगा कि आर्थिक विकास के सामाजिक लाभ ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिको या कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को उसी समय प्राप्त हो सकते हैं। जबकि उन्हें उपयुक्त रूप से संगठित और शिक्षित किया जाय। ग्रामीण श्रमिकों को संगठित करने के लिए भारत सरकार द्वारा एक योजना बनाई गई है जिसके अंतर्गत अवैतनिक ग्रामीण संगठनों की नियुक्ति की जाती है। विकास खण्ड स्तर पर नियुक्ति की जाती है। जो ग्रामीण श्रमिकों को संगठित करने का कार्य करते हैं। इन अवैतनिक संगठन का मुख्य कार्य ग्रमीण क्षेत्र के श्रमिको को संगठित करने की योजना बनाना तथा उनके कल्याण के लिए बनाये गये कानून की जानकारी देना है।

यह योजना राज्य सरकारों द्वारा चलाई जाती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार यह देशभर के सभी राज्यों में चालू की गई[5] पर वर्तमान अध्ययन के समय अध्ययन के लिए चुने गये विकासखण्ड में ऐसे कोई भी संगठन कार्यरत नहीं पाये गये और न ही जनपद स्तर पर इस प्रकार के संगठन की जानकारी प्राप्त हो सकी है।

---

5. इण्डिया 91 पेज नं. 768

रोजगार के अवधि को चार भागो में बांटना किसी सिद्धान्त पर आधारित नहीं है। बल्कि इस अध्ययन के व्याख्या के लिए ऐसा किया गया है। इसके पीछे केवल यही तर्क दिया जा सकता है कि कृषि कार्य मौसमी होता है। और अलग फसलो के तैयार होना भी अलग होता है। जिस क्षेत्र जैसे फसल उगाई जाती है। उसी के अनुसार रोजगार का निर्धारण किया जाता है क्योंकि कृषि महिला श्रमिको द्वारा कृषि सम्बन्धित विभिन्न कार्यो को अलग फसलों के लिए अलग अलग समय पर किये जाते हैं। उदाहरण के लिए कुछ फसलों की बुआई कुछ की चिराई कुछ की कटाई और कुछ की दवाई का कार्य किया जाता है।

यद्यपि कृषि श्रमिकों से सम्बन्धित विभिन्न कार्यो एवं अंगो के लिए कानून पिछले दशक से ही बनाये गये हैं। और उत्तर प्रदेश में बहुत से कानूनों को लागू भी किया गया है। पर कृषि रमिकों का कार्य ऐसा है जिसके कारण वे असंगठित बने रहते हैं। और अधिकांश कानूनों का सम्बन्ध पुरूष श्रमिकों से है। महिला श्रमिकों के लिए अलग से कोई कानून नहीं बनाये गये बल्कि इन्हीं कानूनों में महिलाओं से सम्बन्धित कुछ प्रावधान रखे गये पर इन प्रावधानों पर व्यवहार में अमल किया जाता है या नही। इस पर विशेष ध्यान नही दिया जाता है। कृषि महिला श्रमिकों के प्रति दिन कार्य करने के घण्टे नहीं निर्धारित किये गये हैं। पर वे सामान्यतः सुबह से शाम तक कार्य करती हैं। जबकि कृषि में व्यस्त समय होता है ऐसे समय में यह समय और भी बडा हो जाता है। इस कार्यकाल में थोड़ा समय दोपहर में भोजन करने के लिए दिया जाता है। कृषि सम्बन्धी कार्यो के मौसमी होने के कारण कृषि श्रमिक भी मौसमी होते हैं। वे एक ही कृषक के यहां रोजगार नहीं करते हैं यह बात पुरूष और महिला दोनों पर लागू होती है। इसके अतिरिक्त अधिकांश कृषि महिला श्रमिक अशिक्षित है। कृषि

का कार्य माननीय श्रम प्रधान होने कारण इन्हें पुरूषों की अपेक्षा अधिक परिश्रम से कार्य करना पड़ता है। अतः कार्य के पश्चात इनका थका होना स्वाभाविक होता है। अतः अगले दिन पुनः कार्य करने के लिए पर्याप्त आराम आवश्यक होता है। ऐसी स्थिति में उनके पास संगठित होने या सामान्य समस्याओं पर अन्य श्रमिकों के साथ विचार विमर्श करने के लिए समय नहीं मिल पाता है। कार्य के साथ विचार विमर्श करने के लिए समय नही मिल पाता है। कार्य के साथ किसी दिन आराम करने के लिए छुटटी और इस छुटटी के समय के भुगतान की बात किसी के द्वारा सर्वेक्षण में नहीं सुनी गई बल्कि कार्य नहीं तो दाम नहीं की बात, प्रत्येक महिला श्रमिकों ने सर्वेक्षण के दौरान प्रत्येक महिला श्रमिकों ने स्पष्ट किया। इस प्रकार इनके कार्यो में आराम का कोई वक्त नहीं पाया गया है। इसके अतिरिक्त यदि कार्य के बीच कोई बीमार पड़ जाता है तो उस दिन की मजदूरी उसे नही दी जाती है।

कृषि महिला श्रमिकों से कृषि के अतिरिक्त अन्य कार्य किये जाने का विवरण ज्ञात करने का प्रयास किया गया है। इन महिलाओं ने यह स्पष्ट किया कि कृषि कार्यो के अतिरिक्त गांव में उपलब्ध अन्य घरेलू कार्य भी समय समय पर उनके द्वारा किये जाते है पर ऐसे कार्य नियमित रूप से न मिलकर बल्कि समय समय पर मिला करते हैं।

अध्याय-पांच

रहन-सहन की दशायें

कृषि महिला श्रमिकों की वित्तीय स्थिति पर विचार करने के पश्चात उनके तथा उनके परिवारों के उपभोग स्तर एवं उसके दावे पर विचार करना आवश्यक हो जाता है। वर्तमान अध्याय का मुख्य उद्देश्य कृषि महिला श्रमिकों के विभिन्न आय वर्ग के अनुसार उपभोग ढांचे तथा उसके वर्तमान स्वरूप पर विचार करना है। जिसके अंतर्गत (1) प्रति परिवार तथा प्रति व्यक्ति के उपभोग के स्तर पर विचार (2) उपभोग ढांचे के अंतर्गत विभिन्न वस्तुओं के उपभोग की मात्रा और उसके स्वरूप पर विचार और (3) इन महिला श्रमिकों के बीच व्याप्त गरीबी के स्तर परविचार करना है।

कृषि महिला श्रमिकों के प्रति परिवार एवं प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में विभिन्न परिवारों के बीच अंतर को स्पष्ट करने के लिए विभिन्न आय वर्गो में विभिन्न वस्तुओं के व्यय के अनुपात को स्पष्ट करके उसकी कुल उपभोग विभिन्न वस्तुओं के उपभोग के सापेक्ष महत्व के अनुसार विभिन्न आय वर्गो के उपभोग के ढांचे को स्पष्ट किया गया है। साथ ही कृषि महिला श्रमिक के परिवारों के गरीबी का भी अनुमान लगाया गया है।

विभिन्न आय वर्गो के औसत उपभों को सारणी संख्या-1 में स्पष्ट किया गया है। सारणी से यह स्पष्ट है कि औसत कृषि महिला श्रमिक परिवार का वार्षिक उपभोग 6583 रू है।

---

1. इसके अंतर्गत वस्तु के रूप में प्राप्त मजदूरी जिसके अंतर्गत अनाज तथा अन्य वस्तुएं शामिल हैं। उन्हें उनके मूल्य के अनुसार शामिल किया गया है।

सारणी संख्या-1

कृषि महिला श्रमिकों के परिवारों का उपभोग स्तर (औसत मूल्य रू. में)

उपभोग के मद		ए	बी	सी	सभी आर्य वर्ग
1		2	3	4	5
(क)	चालू उपभोग वस्तुएं				
1.	खाद्यान्न				
अ)	खाद्य पदार्थ				
	गेहूँ	539	750	1186.11	767.70
	चावल	25.44	29.60	40.84	30.42
	मक्का	107.93	144.35	139.81	133.00
	बाजरा	38.29	40.73	25.96	37.38
ब)	दालें	98.70	149.33	201.22	144.00
स)	वस्तु के रूप में प्राप्त मजदूरी	498.04	900.03	1581.29	905.98
		1307.63	2014.87	3175.23	2018.48
2.	मसाले एवं मसाले दार वस्तुएं	81.06	102.32	128.43	100.86
3.	फल एवं सब्जियां				
अ)	फल	35.95	54.69	97.12	56.88
ब)	सब्जी	104.98	133.69	207.74	138.67
		140.93	188.38	304.86	195.55
4.	दूध एवं दूध से बनी वस्तुएं :				
अ)	घर में प्राप्त	213.99	894.62	1568.98	818.70.
ब)	खरीदी कर प्राप्त	247.75	125.03	67.35	150.19
स)	मजदूरी के रूप में प्राप्त	194.97	324.94	582.82	333.62
	योग	656.71	1344.59	2219.15	1302.51

सारणी संख्या एक का शेष

1	2	3	4	5	6
5.	खाद्य तेल	167.58	259.06	379.29	254.17
6.	चीनी खण्डसारी गुण और शक्कर	479.07	685.80	1035.60	688.76
7.	मांस एवं अण्डे	15.71	36.05	74.04	36.99
8.	चाय	108.53	166.25	216.61	158.51
9.	अचार	21.53	33.04	52.59	33.23
10.	बिस्कुट, पावरोटी और मिष्ठान	31.57	48.47	61.98	46.00
11.	नशीले पदार्थ				
अ)	तम्बाके	371.43	127.52	181.39	120.96
ब)	पेय पदार्थ	49.62	64.01	120.00	69.90
स)	अफीम एवं गांजा	11.34	31.90	20.41	23.88
		132.39	223.43	321.80	214.74
12.	ईधन एवं प्रकाश	46.68	64.96	92.80	64.67
13.	कपड़े	431.14	674.21	1178.57	694.40
14.	जूते एवं चप्पल	91.60	119.14	185.92	123.15
15.	कपड़े धोने के साबुन इत्यादि	79.66	117.94	180.45	118.08
	योग	3791.84	6078.51	9606.87	6050.10

सारणी संख्या-एक का शेष भाग

1		2	3	4	5
(ख)	टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं:				
1.	भवन निर्माण, अतिरिक्त नए कमरे का निर्माण तथा मरम्मत का कार्य	56.96	96.55	55.10	77.66
2.	रेडियो/ट्रांजिस्टर टेप/रिकार्डरस	0.63	0.48	-	0.44
3.	घड़िया	-	0.72	3.06	0.93
4.	विद्युत पंखे	1.01	4.43	-	2.65
5.	सिलाई मशीन	-	1.72	-	0.92
6.	चारपाईयां	4.56	0.84	12.25	3.96
7.	गड्ढ़ा एवं बिछावन	2.60	3.52	7.76	4.01
8.	बर्तन	3.89	9.58	36.94	12.84
9.	साइकिल	2.79	7.05	2.04	4.91
	योग	**72.44**	**124.89**	**117.15**	**108.32**

सारणी संख्या-एक का शेष भाग

1		2	3	4	5
(स)	सेंवायें :				
1.	शिक्षा सम्बन्धी	34.11	31.18	35.31	32.77
2.	स्वास्थ्य सम्बन्धी	124.43	170.68	247.54	171.09
3.	सवारिया	58.06	78.86	152.23	86.06
4.	मनोरंजन	1.01	0.41	3.88	1.21
	योग	217.61	281.13	439.23	291.13
(द)	विवाह एवं अन्य सामाजिक उत्सव	98.86	122.59	223.27	133.79
	कुल उपभोग	4180.75	6607.12	10386.52	6583.34
	कुल उपभोग व्यय विवाह एवं उत्सव व्ययों को छोड़कर	4081.89	6484.53	10163.25	6449.55

यदि विभिन्न आय वर्ग के उपभोग स्तर पर विचार किया जाय तो उनमें एक बड़ी मात्रा में अंतर स्पष्ट होता है। उच्चत्तम आय वर्ग (सी) में एक औसत कृषि श्रमिक वर्ग पर 10386.52 रूपया उपभोग व्यय हो रहा है। जो न्यूनतम आय वर्ग (ए) द्वारा किये गये व्यय का दुगने से भी अधिक है। न्यूनतम आय वर्ग का उपभोग व्यय 4180.75 रहा है। सामान्य रूप से यह कहा जा सकता है कि आय अधिक होने पर उपभोग अधिक रहा है। और कम होने पर कम रहा है। सारणी से यह भी स्पष्ट है कि विभिन्न वस्तुओं पर विभिन्न आय वर्ग के परिवारों पर किस अनुपात में व्यय किया गया है। प्रत्येक वस्तु पर किया औसत व्यय आय स्तर बढ़ने के साथ बढ़ता गया है। कुछ वस्तुओं के सम्बनध में आय स्तर के अधिक होने पर इनपर किया गया व्यय निम्न आय वर्ग की तुलना में कम रहा है। इन वस्तुओं में मोटे अनाज (मक्का व बाजरा) यही बात टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के सम्बन्ध में लागू होती है। विशेष कर गृह निर्माण के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि उच्च आय वर्ग के द्वारा गृह निर्माण पर किया गया व्यय मध्य आय वर्ग (बी) की तुलना में कम रहा है। औसत कृषि महिला श्रमिक परिवारों के उपभोग की औसत प्रवृत्ति (ए बी सी) 1.13 आता है जिसे सारणी संख्या-2 में सपष्ट किया गया है। उपभेग की औसत प्रवृत्ति न्यूनतम आय वर्ग (ए) में सबसे अधिक रही है जो 1.30 रही है। और यह क्रमशः जैसे जैसे उच्च आय वर्ग की ओर बढ़ते हैं। कम होती गई है। विभिन्न आय वर्ग के परिवारों में उपभोग की औसत प्रवृत्ति का 1 से अधिक होने के कारण इन परिवारों में आय तब व्यय के बीच संतुलन नही रहा है। बल्कि आय कम और व्यय अधिक रहा है। ऐसी स्थिति में औसत कृषि महिला कृषि श्रमिक परिवार में आय और उपभोग के बीच का अंतर 765.94 पैसा रहा है। यह अंतर निम्न आय वर्ग के परिवारों में सबसे अधिक

रहा है। जिसे वर्तमान अध्ययन में 400 रू से कम या ए आय वर्ग कहागया है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि इन कृषि परिवारो द्वारा एक न्यूनतम उपभोग स्तर को बनाये रखने का प्रयास किया जाता है चाहे उनकी आय उनके लिए पर्याप्त है या नही।

सारणी संख्या-2

कृषि महिला श्रमिक परिवारों की औसत उपभोग प्रवृत्ति

आय वर्ग	औसत उपयोग स	औसत आय रूपये में प	उपभोग की औसत प्रवृत्ति ह/प
ए	4180.75	3224.37	1.30
बी	6607.12	5743.12	1.15
सी	10386.52	10217.81	0.02
सभी आय वर्ग	9583.34	5817.40	1.13

उपभोग का ढांचा

कृषि महिला श्रमिक परिवारों को विभिन्न आय वर्गो में विभाजित करके उनके उपभोग व्यय पर विचार करने के पश्चात उपभोग के विभिन्न मदों पर विचार करके उनका तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है। कृषि महिला श्रमिक परिवारों की आय अलग अलग रही है। इसी के आधार पर उन्हें ए, बी, सी तीन वर्गो में बांटा गया है। आय में अंतर होने के कारण उपभोग स्तर में अंतर होना आवश्यक है इन विभिन्न आय वर्गो के उपभोग ढपंचों पर विचार करने के लिए उपभोग के विभिन्न मदों पर विचार करके उसका तुलनात्मक अध्ययन किया जा सकता है।

विभिन्न आय वर्गो के उपभोग के ढांचे में विभिन्न वस्तुतओं के उपभोग के अनुपात को संख्या तीन में स्पष्ट किया गया है। सारणी संख्या-3 से यह बात स्पष्ट है कि सभी आय वर्ग के परिवारों द्वारा चार उपभोक्ता वस्तुओं पर अन्य मदों की तुलना में अधिक व्यय किया जाता है। जहां तक उपभोक्ता वस्तुओं के क्रम में लगाने का सवाल है यह क्रम व्यक्तिगत दृष्टिकोण से सभी आय वर्गो के लिए एक सा रहा है। विभिन्न आय वर्गो में भी कुछ अपवादों को छोड़कर उपभोग व्यय प्रायः समान रहा है। केवल मध्यम आय वर्ग (बी) में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में व्यय तथा विवाह एवं अन्य उत्सव पर किया व्यय तीसरे और चौथे स्थान पर आता है। चार उपभोक्ता वस्तुओं में खाद्यान्नों पर किया गया व्यय सबसे अधिक रहा है। इसके पश्चात दूध तथा उससे बने पदार्थो का नंबर आता है। वस्त्रों पर किया गया व्यय तीसरे स्थान पर है। अगले क्रम पर चीनी और खण्डसारी का तथा खाद्य तेलों का स्थान रहा है। एक औसत कृषि श्रमिक परिवार द्वारा खाद्यान्नों पर अपनी आय का 31 प्रतिशत भाग व्यय किया जाता है। सभी आय वर्गो पर एक साथ विचार करने से यह बात स्पष्ट होती है कि खाद्यान्नों पर लगभग यही प्रतिशत में व्यय किया जाता है। दूध और दूध से बने पदार्थो पर व्यय आय के बढ़ने के साथ साथ बढ़ता गया है। सभी आय वर्गो द्वारा औसतन अपनी आय का लगभग 20 प्रतिशत भाग दूध और दूध से प्राप्त पदार्थो पर व्यय किया जाता है।[2] उच्च आय वर्ग द्वारा सबसे अधिक या 21.37 प्रतिशत इसके पश्चात मध्यम आय वर्ग द्वारा 20.35 प्रतिशत तथा निम्न आय वर्ग (ए) द्वारा 15.71 प्रतिशत व्यय किया जाता है। औसत कृषि श्रमिक परिवारों द्वारा वस्त्रों पर अपनी आय का 10.55 प्रतिशत व्यय किया जाता है। उच्चतम आय वर्ग द्वारा 11.35 प्रतिशत मध्यम आय वर्ग द्वारा 10.20 प्रतिशत तथा निम्न आय वर्ग द्वारा 10.30 प्रतिशत वस्त्रों पर व्यय किया जाता है। औसतन कृषि श्रमिक परिवारों द्वारा गुड़ खांडसारी पर 10.46 प्रतिशत व्यय किया जाता है। न्यूनतम आय वर्ग द्वारा आय का 11.46 प्रतिशत व्यय किया जाता है।

---

2. दुध और दूध से बनी पदार्थो के अंतर्गत अधिकांशतः घर पर प्राप्त होने वाले पदाथहै।

सारणी संख्या-3
कृषि महिला श्रमिक परिवारों के उपभोग का ढांचा
(व्यय विभिन्न मदों पर किया गया प्रतिशत में)

उपभोग की मदें	ए	बी	सी	सभी आय वर्ग
1	2	3	4	5
(क) चालू उपभोग की वस्तुएं:				
1. खाद्यान्न				
(अ) अनाज				
गेहूँ	12.90	11.36	11.42	11.66
चावल	0.61	0.46	0.39	0.46
मक्का	2.58	2.18	1.35	2.02
बाजरा	0.92	0.62	0.25	0.57
(ब) दालें	2.36	2.26	1.94	2.19
(स) वस्तु के रूप में प्राप्त मजदूरी (खाद्यान्न)	11.91	13.62	15.22	13.76
योग	31.28	30.50	30.57	30.66
2. मसालेदार वस्तुएं एवं मसाले	1.93	1.55	1.24	1.53
3. फल एवं सब्जियां				
(अ) फल	0.86	0.83	0.94	0.86
(ब) सब्जी	2.51	2.02	2.00	2.11
योग	3.37	2.85	2.94	2.97
4. दूध एवे दूध से बने उत्पाद				
अ) घर से प्राप्त	5.12	13.54	15.11	12.44
ब) बाहर से खरीदी	5.93	1.89	0.65	2.28
स) मजदूरी के रूप में प्राप्त	4.66	4.92	5.61	5.07
	15.71	20.35	21.37	19.79

सारणी संख्या-तीन का शेष भाग

1		2	3	4	5
5.	खाद्य तेल	4.01	3.92	3.65	3.86
6.	चीनी, खण्डसारी गुड़ और शक्कर	1.46	10.38	9.97	10.46
7.	मांस एवं अण्डे	0.38	0.55	0.71	0.56
8.	चाय	2.60	2.52	2.07	2.41
9.	अचार	0.52	0.50	0.51	0.51
10.	बिस्कुट ब्रेड और मिष्ठान	0.75	0.73	0.60	0.70
11.	मादक पदार्थ				
अ)	तम्बाके	1.71	1.93	1.75	1.84
ब)	शराब	1.19	0.97	1.15	1.06
स)	अफीम और गांजा	0.27	0.48	0.20	0.36
		3.17	3.38	3.10	3.26
12.	ईंधन एवं प्रकाश	1.12	0.98	0.88	0.98
13.	कपड़े	10.30	10.20	11.35	10.55
14.	चप्पल, जूते	2.19	1.80	1.79	1.87
15.	नहारे और हाथ धोने. का सामान	1.91	1.79	1.74	1.79
	योग	90.70	92.00	92.49	91.90

सारणी संख्या-3 का शेष

1		2	3	4	5
ब)	टिकाऊ उपभेक्ता वस्तुएं				
1.	भवन निर्माण, नये कमरें का निर्माण, मरम्मत का कार्य	1.36	1.46	0.53	1.19
2.	रेडियो ट्रांसजीस्टर टेप रिकार्डर	0.02	0.01	-	0.01
3.	घड़ियां	-	0.01	0.03	0.02
4.	विद्युत पंखे	0.02	0.07	-	0.04
5.	सिलाई मशीन	-	0.03	-	0.01
6.	चारपाईयां	0.11	0.01	0.12	0.06
7.	गड्ढा एवं बिछौना	0.06	0.05	0.07	0.06
8.	बर्तन	0.09	0.14	0.36	0.20
9.	साईकिल	0.07	0.11	0.02	0.07
	योग	1.73	1.89	1.13	1.65

1	2	3	4	5
(स) सेवायें :				
1. शिक्षा संबंधी	0.82	0.47	0.34	0.50
2. स्वास्थ्य सम्बन्धी	2.98	2.58	2.38	12.60
3. सवारियां	1.39	1.19	1.47	1.30
4. मनोरंजन	6.02	0.01	0.04	0.04
	5.21	4.25	4.23	4.42
(द) विवाह एवं अन्य सामाजिक उत्सव	2.36	1.86	2.15	2.03
योग	100.00	100.00	100.00	100.00.
कुल उपभोग विवाह और अन्य सामाजिक उत्सव के अतिरिक्त	9.764	98.14	97.85	97.97

उपरोक्त उपभोग व्यय की व्याख्या से यह बात स्पष्ट होती है कि इन परिवारों द्वारा शिक्षा पर बहुत कम व्यय किया जाता है। यही बात मनोरंजन पर किये गये व्यय पर भी लागू होती है। कृषि महिला श्रमिकों के उपरोक्त उपभोग के ढांचे से यह स्पष्ट होती है कि उनके उपभोग में समानता है। सभी परिवारों द्वारा अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा खाद्यान्नों पर और दूध और दूध से बने पदार्थो, वस्त्रों पर, चीनी एवं खण्डसारी पर व्यय किया जाता है। इन परिवारों द्वारा सेवाओं पर विवाह एवं सामाजिक उत्सव पर तथा टिकाऊ वस्तुओं पर आय का बहुत कम भाग व्यय किया जाता है। अपनी आय का एक बहुत कम हिस्सा बच्चों की शिक्षा और मनोरंजन पर व्यय किया जाता है।

प्रति व्यक्ति उपभोग

कृषि महिला श्रमिक परिवारों के उपभोग व्यय एवं उपभोग के अंतर्गत विभिन्न वस्तुओं के व्यय के महत्व को प्रतिशत के रूप में स्पष्ट करके परिवारों के उपभोग व्यय पर विचार किया गया है। विभिन्न आय वर्गो में परिवार का आकार अलग अलग होने के कारण ऐसी स्थिति में विभिन्न आय वर्गो में विभाजित परिवारों के प्रति व्यक्ति उपभोग पर विचार करना आवश्यक हो जाता है।[3] विभिन्न आय वर्गो में विभाजित कृषि महिला परिवारों के प्रति व्यक्ति उपभोग को सारणी संख्या-4 में स्पष्ट किया गया है। औसत कृषि महिला परिवार में प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय ।12 रू मात्र है।

---

3. परिवार का आकार विभिन्न आय वर्गो में 5 से 8 के बीच रहा है।

पर विभिन्न आय वर्गो के प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में अंतर है। उच्च आय स्तर (सी) आय वर्ग में प्रति व्यक्ति उपभोग सबसे अधिक रहा है। जो 1135 य है और मध्यम आय वर्ग (बी) के परिवारों का व्यय इससे कम है जो 1123.66 रू आता है और न्यूनतम आय वर्ग (ए) का उपभोग व्यय 887.33 पैसे मात्र आता है। सारणी संख्या-4 से यह बात स्पष्ट होती है कि विभिन्न आय वर्गो के उपभोग व्यय में विभिन्न आय वर्गो के अनुसार समानता है। जैसे जैसे आय स्तर के बदलते क्रम पर विचार किया जाता है। प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय बढ़ता जाता है। पर विभिन्न आय वर्गो के प्रति व्यक्ति उपभोग के ढांचे में कुछ महत्वपूर्ण अंतर पाये जाते हैं। इन मदो में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं पर व्यय विवाह और अन्य सामाजिक उत्सव के सम्बन्ध में किये गये व्यय आदि एक कृषि महिला श्रमिक परिवार का टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं पर किया जाने वाला व्यय 18.42 पैसे मात्र है। यह मध्यम आय वर्ग के परिवारो में सबसे अधिक है जो 21.24 पैसे है इसके पश्चात् सबसे कम 15.38 पैसे आता है। इसी प्रकार विवाह एवं अन्य उत्सवों पर किया जाने वाला व्यय उच्चतम आय वर्ग (सी) मात्र 28.70 रू है। जबकि मध्यम आय वर्ग (बी) का यह व्यय सबसे कम जो 20.85 रू है।[4] प्रति व्यक्ति उपभोग की व्याख्या से यह बात स्पष्ट होती है कि कृषि महिला श्रमिक परिवारों के प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय परिवार के उपभोग व्यय के साथ बहुत अधिक मात्रा में सम्बन्धित है यद्यपि विभिन्न आय वर्गो के परिवार का आकार अलग अलग है। पर इन विभिन्न आय वर्गो के प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में बहुत कम अंतर है। यह स्पष्ट है कि उच्चतम आय वर्ग (सी) का प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय न्यूनतम आय वर्ग (ए) की तुलना में 1.5 गुना अधिक है। जबकि प्रति परिवार के व्यय के बीच यह अंतर 2.48 का है। इस प्रकार आय के बढ़ने के साथ साथ परिवार के आकार में भी वृद्धि होती जाती है। पर प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय तुलनात्मक रूप में उच्च आय वर्ग में अधिक रहता है।

---

4. सैम्पुल में चुने गये परिवारों में से बहुत कम लोगो ने विवाह तथा अन्य उत्सवों पर किये गये व्यय के सम्बन्ध में बताया है। इसलिए इन व्ययों के सम्बन्ध में निकाली गई औसत रकम बहुत अधिक महत्वपूर्ण नही है।

सारणी संख्या-4

कृषि महिला श्रमिक परिवारो में प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (औसत मूल्य रू. में)

उपभोग की मदें	ए	बी	सी	डी
1	2	3	4	5
(क) उपभोक्ता वस्तुएं:				
1. खाद्यान्न:				
(अ) अनाज:				
गेहूं	106.93	156.10	107.29	130.56
चावल	6.30	3.82	6.71	5.17
मक्का	43.00	0.94	39.60	22.62
बाजरा	-	13.33	-	6.36
(ब) दाल	26.24	26.04	19.90	26.49
(ख) खाद्यान्न वस्तुओं के रूप में प्राप्त	180.43	148.46	82.33	155.08
	362.90	346.69	255.83	343.28
2. मसालेदार वस्तुएं एवं मसाले	16.34	17.80	17.15	17.15
3. फल एवं सब्जियां				
(अ) फल	8.69	11.37	6.04	9.68
(ब) सब्जी	23.92	26.01	12.15	23.58
	32.61	37.38	18.19	33.26
4. दूध और दूध से बने उत्पादित वस्तुएं:				
(अ) घर से प्राप्त	161.24	133.27	84.40	139.24
(ब) बाहर से प्राप्त	27.30	23.00	29.50	25.54
(स) मजदूरी के रूप में प्राप्त	61.12	58.59	32.97	56.74
योग	249.6	6214.86	146.87	221.52

सारणी संख्या-4 का शेष भाग

1		2	3	4	5
5.	खाद्य तेल	47.41	42.02	32.89	43.23
6.	चीनी खण्डसारी गुड़ और शक्कर	121.31	116.62	103.09	117.14
7.	मांस और अण्डे	4.03	9.38	1.48	6.20
8.	चाय	26.29	28.26	23.26	26.96
9.	अचार	6.00	6.41	1.24	5.65
10.	बिस्कुट ब्रेड और मिष्ठान	6.60	9.15	6.29	7.82
11.	मादक				
	(अ) तम्बाकू	23.97	19.33	13.43	20.57
	(ब) शराब	6.90	17.55	6.07	11.89
	(स) अफीम और गांजा	2.27	6.57	-	4.06
		13.73	10.62	2.78	11.00
12.	ईंधन और प्रकाश	13.73	10.62	2.78	11.00
13.	कपड़े	116.96	123.57	98.11	118.10
14.	जूते चप्पल	21.49	21.59	16.12	20.94
15.	कपड़े और हाथ धोने का साबुन	22.90	13.46	16.55	20.08
	योग	1081.55	1046.26	759.35	1028.93

सारणी संख्या-4 का शेष भाग

1		2	3	4	5
(ब)	टिकाऊ उपभोग वस्तुएः				
1.	गृह निर्माण, अतिरिक्त कमरे और मरम्मत	13.10	16.47	-	13.21
2.	रेडियो/ट्रान्सजिस्टर टेप रिकार्डर	0.18	-	-	0.07
3.	घड़ियां	0.39	-	-	0.16
4.	विद्युत पंखे	1.10	-	-	0.45
5.	सिलाई मशीन	0.38	-	-	0.16
6.	चारपाई	0.76	0.58	0.75	0.67
7.	गददा एवं बिछौना	0.66	0.46	1.64	0.68
8.	बर्तन	1.89	2.90	0.24	2.18
9.	साईकिल	1.03	0.88	-	0.84
	योग	19.49	21.29	2.63	18.42
(स)	सेवायें :				
1.	शिक्षा से सम्बन्धी	8.03	2.55	9.26	5.57
2.	स्वास्थ्य सम्बन्धी	30.84	28.98	23.05	29.10
3.	यातायात संबंधी	12.96	17.62	9.03	14.64
4.	मनोरंजन सम्बन्धी	0.11	0.34	-	0.21
	योग	51.67	49.49	41.34	49.52

सारणी संख्या-4 का शेष भाग

1	2	3	4	5
(द) विवाह और सामाजिक उत्सव	23.84	21.842	22.40	22.75
कुल उपभोग	1176.55	1138.86	825.81	1119.62
कुल उपभोग विवाह और सामाजिक उत्सव के अतिरिक्त	1152.71	1117.04	803.32	1096.87

स्वास्थ्य सम्बन्धी

आर्थिक पिछड़ापन लोगो को एक अच्छा और आरामदायक जीवन व्यतीत करने में एक बाधा उपस्थित करना है और इसी के परिणाम स्वरूप लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। कृषि महिला श्रमिक परिवारों की आवासीय दशायें भोजन, वस्त्र रोजगार तथा शिक्षा आदि का भी प्रभाव किसी परिवार के स्वास्थ्य पर पड़ता है। उपरोक्त तथ्यों का स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को अनदेखा नही किया जा सकता।

आवश्यकतायें इन परिवारों को कठिन परिस्थितियों के बीच कार्य करने के लिए बाध्य करती हैं। कभी कभी इन परिवारां को निकृष्ट कार्य करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। जिसका प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ता है। कुछ कृषि महिला श्रमिक परिवारों की रहन सहन की दशायें अत्यन्त दयनीय है।

अशिक्षा और अज्ञानता उनके इस विपत्ति को और अधिक कष्टदायक बनाने में सहायक होती है। यद्यपि 90प्रतिशत कृषि महिला श्रमिकों ने इस बात को स्पष्ट किया कि उनके घरो में कोई भी सदस्य एक लम्बे अरसे से बीमार नहीं है। सर्वेक्षण के दौरान यह पाया गया कि इन परिवारों के सामान्य स्वास्थ्य की दशायें अच्छी नहीं है। इनकी जनसंख्या सम्बन्धी विशेषताओं पर विचार करते समय यह स्पष्ट किया था कि ऐसी कृषि महिला श्रमिक जो निकृष्ट जाति वर्ग की है उनमें शिशु मृत्यु दर अधिक रही है। इसी प्रकार 55 वर्ष से अधिक प्रौढ़ व्यक्ति बहुत कम संख्या में जीवित रहते हैं। जो शिशु जीवित रह जाते हैं उनमें से थोड़ा भाग स्कूलों में जाने का अवसर प्राप्त करते हैं स्कूल जाने योग्य बच्चों के स्कूल न जाने से परिवार के दयनीय दशाओं के शिकार बने रहते हैं। ऐसा अनुभव किया गया है कि इन परिवारों को चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाओं को न प्राप्त होने के कारण इनका स्वास्थ्य हमेशा खराब रहता है। सरकारी नीति के दोषपूर्ण होने के कारण अधिकतर अच्छे डाक्टर शहरी क्षेत्रो में ही रह जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इनकी इनकी सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। और ग्रामीण क्षेत्र में कम पढ़े लिखे तथा कम अनुभवी चिकित्सकों की सुविधायें ही प्राप्त कर पाते हैं। जिनके परिणामस्वरूप साधारण बीमारियों तो ठीक हो जाती है पर जटिल रोगो का इलाज सम्भव नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त लोगो का दृष्टिकोण भी जटिल बीमारियों को दूर करने के मार्ग में बाधक बनता है। अधिकतर बीमारियों में लोगो को देशी दवाई का प्रयोग करते देखा गया है। इस सम्बन्ध में उस क्षेत्र के कुछ अच्छे चिकित्सकों से बात की गई और उनका विचार यह था कि लोग उनके पास किसी बीमारी के अन्तिम इलाज के लिए लोगो को लेकर आते हैं जिसमें सफलता के अवसरब हुत कम होते हैं जिसके परिणामस्वरूप उनका ग्रामीण क्षेत्रो में लोगो की चिकित्सा करना और दवाघर चलाना कठित

होता है। जन स्वास्थ्य संबंधी योजनायें, जैसे सेनेटरी की उत्तम व्यवस्था और सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था जो सामुदायिक विकास केन्द्रों तथा राष्ट्रीय प्रसार सेवाओं के अंतर्गत प्रदान की जाती है उनका प्रसान अधिक उपयुक्त नहीं है। क्योंकि इस प्रकार के कार्यक्रमों को ग्रामीणों के सहयोग द्वारा चलाया जाता है। जिसके अभाव में ऐसी बहुत सी योजनायें निष्क्रिय पड़ी रह जाती हैं। कृषि महिला श्रमिक के परिवार भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के एक अंग होते हैं पर इनके अंतर्गत इन योजनाओं को चलाने के लिए अपना सहयोग विभिन्न परिस्थितियो के कारण नहीं दे पाते हैं। इन परिवारों के सर्वेक्षण द्वारा ऐसे परिवारों में जिनमें बहुत लम्बे समय से बीमार व्यक्ति पाये गये उनमें स 5 प्रतिशत व्यक्ति तथा 4 प्रतिशत महिलाये थी। सामान्य लम्बी बीमारी वाले व्यक्तियों में 63 प्रतिशत प्रौढ़ व्यक्ति पाये गये बच्चों में इनका प्रतिशत केवल 2 रहा हे । जिन परिवारों में लम्बे समय से लोग बीमार थे उनमें से अधिकांश परिवार में एक व्यक्ति इस बीमारी का शिकार था। इनमें से एक वर्ष से कम अवधि के बीमार व्यक्ति 4.8 प्रतिशत थे। ऐसे लोग जो एक वर्ष से अधिक 2 या 3 वर्ष से अधिक से अधिक पांच वर्ष थे उनकी संख्या 1.2 प्रतिशत रही है। वे लोग जो लम्बे समय से बीमार थे उसमें से 6.6 प्रतिशत लोगों का ईलाज या तो अस्पताल में या प्राईवेट चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा था। सर्वेक्षण में ऐसी भी महिलायें पायी गई जिन्होंने यह जवाब दिया कि उनके घर में बीमार व्यक्ति को किसी अस्पताल या चिकित्सक के पास नहीं ले जाया गया है। इसका कारण पूछे जाने पर अधिकांश लोगों ने आर्थिक तंगी सपष्ट किया। ऐसा प्रायः अधिकाश महिलाओं द्वारा स्पष्ट किया गया जब एक बार कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाता है तो उसके जीवित होने की कम सम्भावना रहती है। जिन परिवारों में बीमार व्यक्ति थे उनमें से 2.6 प्रतिशत परिवारों द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि वे बीमार व्यक्ति पर केवल 100.00 रू प्रतिमाह

दवा के ऊपर व्यय कर सकते हैं। अधिकांश परिवारों जिनका प्रतिशत 4.6 रहा है। उन्होंने बीमार व्यक्ति की चिकित्सा की व्यवस्था ऋण लेकर की थी। केवल 1.5 प्रतिशत परिवारों ने यह स्पष्ट किया था कि उन्होंने बीमार व्यक्तियों का ईलाज अपनी बचत द्वारा किया गया है। इसके अतिरिक्त 1.2 प्रतिशत परिवारों ने यह स्पष्ट किया था कि उन्होंने अपने परिवार के बीमार व्यक्ति का ईलाज आंशिक रूप से ऋण लेकर तथा आंशिक रूप से अपनी बचत द्वारा किया था। यदि दशाओं में सुधार करना है तो इसके लिए बड़ी मात्रा में बच्चों के कुपोषण तथा उनकी माताओं के कुपोषण को रोकना होगा जिसके लिए उचित भोजन की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही इन परिवारों के लिए पर्याप्त मात्रा में चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाओं का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रो में करना होगा। चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाओं से जुड़े व्यक्तियों को उपयुक्त प्रशिक्षण देकर चिकित्सक के अभाव को पूरा किया जा सकता है। स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न क्षेत्रो में दिया जाना आवश्यक है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो में बच्चों की शिक्षा में उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा देकर उनकी दशाओं में सुधार किया जा सकता है।

वस्त्र :

भोजन और आवास के साथ वस्त्र को मानव जीवन की एक आवश्यक आवश्यकता कहा जा सकता है। यद्यपि अलग अलग क्षेत्रो में वस्त्रों का पहनावा अलग अलग होता है पर किसी परिवार के आर्थिक स्थिति द्वारा ही उस परिवार के वस्त्रों को निर्धारित किया जाता है। ऐसे परिवारों में जहां दो समय के भोजन का प्रबन्ध करने में कठिनाई होती है। उन परिवारो में अच्छे वस्त्र पहनना एक तर्कहीन बात मालूम होती है। कृषि महिला श्रमिक परिवारों की आय बहुत कम होने के कारण उन्हें या उनके परिवारों

को सभी आवश्यकताओं को पूरा करना एक स्वाभाविक स्तर तक पूरा करना कठिन होता है। कृषि महिला श्रमिक परिवारों के सर्वेक्षण के समय ऐसा पाया गया कि उनके शरीरों पर मुहिया किस्म के वस्त्र पाये गये और वे उनके पासऐसे वस्त्र नहीं थे वे जिनके द्वारा गर्मी और सर्दी में अपनी रक्षा कर सके। परिणाम स्वरूप वे मौसम के अनुसार विभिन्न प्रकार की बीमारियों का शिकार होते हैं। जिसके परिणामस्वरूप उनका स्वास्थ्य खराब बना रहता है। यह एक दुर्भाग्य की बात है कि ग्रामीण क्षेत्र की एक बड़ी जनसंख्या जिसे कृषि श्रमिक के श्रेणी के अंतर्गत रखा जाता है उसके पास अपनी रक्षा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में उपयुक्त मात्रा में वस्त्र न हो। इसके अतिरिक्त उन्हें उपर्युक्त जल आपूर्ति तथा आवास सम्बन्धी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिसके लिए उन्हें गन्दे रहने के लिए व गन्दे कपड़े पहनने के लिए बाध्य रहना पड़ता है। जिसके कारण वे विभिन्न बीमारियों के शिकार होते हैं और अंत में उनकी मृत्यु हो जाती है। अक्सर गुणात्मक वस्त्र इन कमजोर वर्ग के लिए पहनना कठिन होता हे जो सामान्य स्तर के वस्त्र होते हैं। इन्ही के सहारे ये परिवार गुजर बसर करते हैं। साथ ही निम्न कोटि के वस्त्र इतने टिकाऊ नहीं होते है जितना उच्च श्रेणी के वस्त्र हुआ करते हैं। इस प्रकार एक समय तक इन परिवारों द्वारा उच्च श्रेणी के गुण वाले वस्त्रों को खरीदना कठिन होता है दूसरी ओर निम्न श्रेणी के वस्त्र अधिक टिकाऊ नहीं रहते हैं। अतः इन परिवारों को एक ओर लागत और दूसरी ओर सस्ते और कम टिकाऊ वस्त्रों के बीच जूझना पड़ता है। परिणामस्वरूप वे फटेहाल बने रहते हैं। अधिकांश महिलाओं ने इस बात को स्पष्ट किया कि उनके पास बदलने के लिए दूसरे वस्त्र नहीं है। और न ही उनके परिवार के सदस्यों के पास उपयुक्त वस्त्र पहने के लिए नही है। इनमें अधिकांश महिलाओं ने स्पष्ट किया कि उनके परिवारों में परिवार के वस्त्र के क्रय करने के लिए बहुत

थोड़ी रकम व्यय की जाती है। इसके अतिरिक्त इन्हें सुबह से शाम तक दूसरे के खेतों पर कार्य करना होता है। इनके साथ इनके बच्चे भी लगते रहते हैं। अतः उन्हें अपने वस्त्रों को साफ करने के लिए समय नही मिल पाता है। इन परिवारों द्वारा कठिन मानवीय श्रम किया जाता है। अतः उन्हें उपयुक्त प्रकार के वस्त्र पहनना आवश्यक है। जिनकी इन परिवारों के पास कमी है। कुछ केसेस में इन महिलाओं ने स्पष्ट किया कि अच्छे गुणों एवं कीमती वस्त्र का पहनना गांव के उच्च वर्ग के महिलाओं को अच्छा नहीं लगता है जिसके कारण वे निम्न कोटि के वस्त्र पहना करती हैं। यह बात बहुत कम महिलाओं ने स्पष्ट की है। इन परिवारो के दयनीय रहन-सहन की दशायें इसी बात से स्पष्ट हो जाती है कि अध्ययन के लिए चुने गये परिवारों में से 83 प्रतिशत परिवारों ने यह स्पष्ट किया कि उनके परिवार में सदस्यों के वस्त्रों पर 400 रू व्यय किये जाते है तथा।5 प्रतिशत महिलाओं ने इस बात को स्पष्ट किया कि उनके परिवार में वस्त्रों पर केवल 100 रू. व्यय किया जाता है तथा 37 प्रतिशत परिवारों में वस्त्रों पर 100 से 200 रू व्यय किया जाता है। तथा इनमें से कुछ महिलाओं ने इस बात को स्पष्ट किया कि वे जिनके घर काम करती हैं उनके द्वारा पुरानी वस्त्रों को लेकर गुजारा करती है इन परिवारों द्वारा वस्त्रों पर किये गये व्यय को सारणी संख्या-- 5 में स्पष्ट किया गया है।

क्रमशः...

सारणी संख्या-5

कृषि महिला श्रमिक परिवारों द्वारा वस्त्रों पर किया गया व्यय

व्यय की गई रकम रूपये में	परिवार की संख्या	कुल में प्रतिशत
100 रू तक 31.6	15.80	
101 से 200 रू तक	75.8	37.07
201 से 400 तक	61	30.42
401 से 600 तक	19	9.64
601 से 800 रू तक	4	2.10
801 से 1000 रू तक	4	2.25
1000 से अधिक	2	1.29
लागू नही होता	1	0.75
रकम स्पष्ट नही कर सकती है	1	0.66
योग	200	100

परम्परायें विचार एवं विश्वास :

वर्तमान अध्यक्ष कृषि महिला श्रमिक परिवारों के आर्थिक दशाओं के साथ साथ उनकी सामाजिक दशाओं से भी संबंधित है। इसलिए विभिन्न आर्थिक पक्षों पर विचार करने के साथ विभिन्न सामाजिक पहलुओं पर विचार करने का प्रयास किया गया है। किसी वर्ग के सामाजिक जीवन को प्रभावित करने में दो महत्वपूर्ण तथ्य धर्म विचार और लोगों के विश्वास आदि का महत्वपूर्ण स्थान है। धर्म सामाजिक जीवन का एक

महत्वपूर्ण निर्धारक है। जिसके द्वारा लोगों की आर्थिक दशायें लोगो के व्यवहार तथा उनके क्रियाकलाप धर्म द्वारा प्रभावित होते हैं। मानव समाज द्वारा अभी भी सामाजिक नियंत्रण निर्धारित करने के लिए धर्म विचार एवं विश्वास के अतिरिक्त अन्य किसी तथ्य की खोज नही की जा सकी है। धर्म का आर्थिक दशाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को मैक्स वेवर द्वारापूंजीवाद के विचार के रूप में स्पष्ट किया गया है। वेवर ने स्पष्ट रूप से अपनी रचनाओं में पश्चिमी देशों के आर्थिक समृद्धि के लिए इसाई धर्म की भूमिका को सपष्ट किया है।[5] हिन्दू धर्म के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि यह एक विस्तृत वाला शब्द है। जिसके अंतर्गत कुछ जातियों के धार्मिक विचारों द्वारा उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। और उत्पादन प्रक्रिया भी प्रभावित हुई है जिसका अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। धर्म से सम्बन्धित विश्वास और विचार किसी परिवार तक ही सीमित नही हुआ करते हैं। बल्कि वे विभिन्न सामाजिक संस्थाओं पर भी अपना प्रभाव डालते हैं। ग्रामीण समाज इन धार्मिक विचारों एवं परम्पराओं से अभी भी अधिक प्रभावित है जिसे समाप्त करने के लिए सामुदायिक विकास योजनायें तथा राष्ट्रीय विस्तार सेवाओं के कार्यक्रम चालू किये गये हैं। जिसकी व्याख्या एस.सी. दूबे द्वारा की गई है।[6] इस सम्बन्ध में अभी भी कोई विशेष परिवर्तन नही हुआ है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में अभी भी बहुत कम किसान कृषि में आधुनिक तकनीक अपनाने में विश्वास करते हैं।

---

5. Weber max (Tr. by Talcott Parsons, 1956 'Protestant Ethic and spirit of Capitalism', London George Allen and Unwin P. 35.

6. Dube S.C. (1958) 'Indias Changing Villages' Routledge and Kegam Paul Ltd. London, PP. 132-146.

अभी भी लोग बरसात के समय के अनुसार कृषि का कार्य करते हैं। किसानों के अशिक्षा और अन्धविश्वासी होने की बात सर्वेक्षण में उस समय पाई गई जबकि उनके द्वारा रासायनिक खादों की तुलना में प्राकृतिक एवं गोबर की खादों को अधिक प्रभावशाली होने का विचार स्पष्ट किया गया है भले ही रासायनिक खाद उन्हें सरलता से प्राप्त होती है। जब समाज का पूरा ढांचा धर्म अन्धविश्वासों और परम्पराओं में विश्वास करता है। ऐसी स्थिति में कृषि महिला श्रमिक परिवारों की इससे दूर नही रखा जा सकता है। इन परिवारों में इनके अधिकांशतः हिन्दु होने कारण जन्म से मृत्यु तक धार्मिक विचारधाराओं से सम्बन्धित कार्य सम्पादित किये जाते हैं। अध्ययन में 80 प्रतिशत महिलाओं ने यह स्पष्ट किया कि विवाह शादी व अन्य सामाजिक उत्सव पर व्यय करना अनिवार्य है। अध्ययन में अधिकांश कृषि महिला श्रमिक अनुसूचित जाति वर्ग की थी यहां तक पिछड़ी जाति वर्ग की महिला श्रमिकों में समाज के उच्च जाति वर्ग के लोगों के प्रति असंतोषजनक विचार व्यक्त करने के अतिरिक्त पिछड़ी और अन्य अनुसूचित जातियों में यह पाया गया कि इन वर्गो में कुछ ऐसी अन्य जातियों के वर्ग है जिनमें आपस में छुआछूत व सामाजिक भेदभाव रखा जाता है। इन जातियों में भी उनके द्वारा किये जाने वाले व्यवसाय या कार्य के आधार पर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा निर्धारित की जाती है। सर्वेक्षण के दौरान ऐसा पाया गया कि प्रत्येक महिला श्रमिक परिवारो में किसी विशेष देवी देवता का पूजन किया जाता है। क्योंकि अधिकांश महिला कृषि श्रमिक हिन्दु जाति वर्ग की है। लगभग 96.5 प्रतिशत महिलाओं ने यह स्पष्ट किया कि उनके परिवार में एवं एक विशेष देवी या देवता है। जिनकी पूजा उनके घरो पर होती है। यद्यपि इनके आवास के मकानों की स्थिति ऐसी नही है। जिनमें वे अलग से पूजा के लिए कोई स्थान निर्धारित करके बल्कि उन्होंने यह स्पष्ट कि जिन घरो में वे रहती है उन्हीं की दीवारों में पूजा करने के व्यवस्था उनके द्वारा की गई है।

अध्याय - छः

कृषि महिला श्रमिकों की आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु अपनाये गये कार्यक्रम:

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पुरूषों महिलाओं एवं बच्चों के सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं में सुधार के लिए छवी पंचवर्षीय योजना से अलग अलग कार्यक्रम चालू किये गये हैं। इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत गरीबी की रेखा के नीचे आवास करने वाले परिवारों को गरीबी की रेखा के ऊपर उठाने के लिए परिवार के पुरूष सदस्यों को आप सृजित सम्पत्तियां प्रदान की जाती है। जिनके द्वारा इन परिवारों की आय बढ़ सके और ये परिवार गरीबी की रेखा के ऊपर उठ सके। इसी प्रकार 18 से वर्ष से 35 वर्ष के उम्र के बीच के ग्रामीण युवकों को रोजगार के अवसर व स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना प्रदान की गई है। बाद में ऐसा अनुभव किया जाने लगा कि गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों में केवल पुरूषों को आर्थिक सहायता देना ही पर्याप्त नही बल्कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों में महिलाओं को भी स्वावलम्बी बनाना आवश्यक है। जिससे उनका और बच्चों का आर्थिक तथा सामाजिक विकास हो सके। इस सम्बन्ध में ग्रामीण क्षेत्रो में जो कार्यक्रम अपनाया गया है। उसे ग्रामीण महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम (ड्वाकरा) कहते हैं।

वर्तमान अध्याय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाऐं एवं बालकों के विकास के लिए अपनाये गये कार्यक्रम का अध्ययन के लिऐ चुने गये गांव की कृषि महिला श्रमिक परिवारों पर क्या प्रभाव पड़ा है। या इन महिलाओं को इस कार्यक्रम से किस सीमा तक लाभ पहुँचा है। इसे सर्वेक्षण के आधार पर एकत्र सूचनाओं के आधार पर स्पष्ट करने का प्रयास किया जायेगा। इसे स्पष्ट करने से पहले इस कार्यक्रम के विभिन्न अंगो पर संक्षेप में विचार करना आवश्यक है।

ग्रामीण महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम

महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम की आवश्यकता :

हमारे प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों की स्थिति बहुत ही दयनीय थी। महिलाओं और बच्चों के सामने सबसे प्रमुख तीन समस्यायें थी ‡1‡ पौष्टिक भोजन ‡2‡ अच्छा स्वास्थ्य व उचित शिक्षा।

इनके अभाव के कारण महिलाओं की मृत्यु दर अधिक थी और अशिक्षित होने के कारण वह अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में सक्षम नही थी। धन व साधनों के अभाव के कारण वह अपने बच्चों का उचित पालन पोषण करने में असमर्थ थी।

अतः इन सभी कारणों को देखते हुये प्रदेश सरकार ने बच्चों व महिलाओं के लिए ड्वाकरा योजना प्रारम्भ की। जिसमें महिलाओं को प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गयी थी और जो स्त्रियां अशिक्षित है उनके लिऐ भी आय वृद्धि के अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये हैं। जिससे वे स्वयं धनोपार्जन करके अपने परिवार की आय में वृद्धि कर सके और अपने बच्चों को उचित शिक्षा प्रदान कर देश का भावी नागरिक बना सकें।

इस कार्यक्रम को प्रारम्भ करने का एक और कारण था वह यह कि जब मां शिंक्षित होगी तभी वह अपने भावी बच्चों को उचित शिक्षा प्रदान कर सकेगी। क्योंकि मां अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य प्रदान करने में सक्षम होगी। यह कहा जाता है कि :-

"स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क निवास करता है।"

ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिए सरकार ने प्रौढ़ शिक्षा के कार्यक्रम प्रारम्भ किया है। इसके अंतर्गत कामकाजी महिलाएं रात्रि के समय शिक्षा प्राप्त कर सकतो हैं। शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त देश की सबसे बड़ी समस्या जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने में योगदान कर सकती हैं।

यह समस्या अजगर के रूप में हमारे बीच विद्यमान है और यही कारण है कि सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं और कार्यक्रम कभी पूर्ण नहीं हो पाते हैं। यह जितना खाद्यान्न उत्पन्न करते हैं उससे कई गुना खाने वाले लोग उत्पन्न हो जाते हैं। और जितनों के लिए रोजगार जुटाती है उससे कई गुना बेरोजगार और उत्पन्न हो जाते हैं।

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

भारत सरकार ने 8वीं पंचवर्षीय योजना में यह निर्धारित किया था कि जिन परिवारो की वार्षिक आय 11,000.00 रूपये है वे परिवार गरीबी की रेखा के नीचे आयेंगे। एकीकृत ग्राम्य विकास कार्यक्रम अप्रैल 1981 से प्रारम्भ किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लघु कृषक सीमान्त कृषक, कृषि श्रमिक, गैर कृषि श्रमिक, ग्रामीण दस्तकार एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के विकलांग व्यक्ति और ऐसे शिक्षित बेरोजगार ग्रामीण युवक जिन्होंने कक्षा 8 तक की पढ़ाई की है। उन सभी को रोजगार उपलब्ध कराये जायेंगे।

एकीकृत ग्राम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों की श्रेणी के अनुसार निम्नवत् अनुदान अनुमान्य किया गया :-

क्र0सं0		कुल योजना लागत का अनुमन्य प्रतिशत अनुदान।	अनुदान की धनराशि का अधिकतम अनुमन्य सीमा
1.	लघु कृषक	25 प्रतिशत	सामान्य क्षेत्रो में 4000 रूपये सूखा उन्मुख क्षेत्रो में 5000 रूपये प्रति परिवार।
2.	सीमान्त कृषक श्रमिक तथा ग्रामीण शिल्पकार	33 1/2 प्रतिशत	तदैव
3.	उपरोक्त में से अनु.जनजाति विकलांग	50 प्रतिशत	समस्त क्षेत्रो में से रूपये 6000 प्रति परिवार।
4.	गरीबी की रेखा के नीचें 8वीं कक्षा तक पढ़े ग्रामीण बेरोजगार युवक	50 प्रतिशत	समस्त क्षेत्रो में से 75000 प्रति परिवार

डवाकरा कार्यक्रम

अर्थः एकीकृत ग्राम विकास कार्यक्रम के उप-कार्यक्रम के रूप में सन् 1983-84 से यह योजना प्रारम्भ की गयी है। जिसका अर्थ है ग्रामीण महिला एवं बालोत्थान योजना डी.डब्ल्यू.सी.आर.ए. इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के विकास

के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये गये हैं। जैसे बच्चों की देखभाल सम्बन्धी कार्य (चाइल्ड केयर एक्टीविटीज) सूचना शिक्षा एवं संचार के लिए (आई.ई.सी.) आदि कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये हैं ।

उद्देश्य :

डवाकरा कार्यक्रम के अनेक उद्देश्य हैं जो निम्नवत् है :-

(1) महिलाओं के लिए अधिक आय सृजन करने के अवसर सुनिश्चित कराना।

(2) महिलाओं में शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाना।

(3) महिलाओं की आय में वृद्धि कराने के लिए कार्यकलाप मुहैया कराने के साथ-साथ इन्हें संगठनात्मक ढांचा देकर क्षेत्र में उपलब्ध माल और सेवाओं को मुहैया कराने की कारगर भूमिका अदा करना।

(4) महिलाओं को वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराना तथा उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं को उचित बाजार प्रदान करना।

(5) ग्रामीण महिलाओं को उच्च सामाजिक एवं आर्थिक स्तर प्रदान करना।

(6) डी. डब्ल्यू. सी. आर. ए. समूहों की समस्याओं को अपना रोजगार प्रारम्भ करने के सरकार से प्राप्त होने वाली ऋण सुविधा में आयु की छूट दी गयी। वैसे ट्राइसेम के मार्ग-निर्देशों के अनुसार सरकार से प्राप्त करने वाले लाभान्वितों की आयु 18 से 35 वर्ष रखी गयी थी। परन्तु इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की आयु 18 से 45 वर्ष रखी गयी।

(7) ड्वाकरा कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के अन्दर लोकतन्त्र की भावना का विकास करना।

(8) इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के अन्दर बचत की भावना को जागरूक करना है। जिससे उन्हें आर्थिक संबल प्राप्त हो सके और इसके लिए 'थ्रिष्ट एण्ड क्रेडिट" सोसायटीज का गठन किया गया। उदाहरण के लिए 10 से 15 महिलाओं का समूह गठित किया जायेगा और इसके अंतर्गत प्रत्येक महिला 10 से 15 रूपये जमा कर सकती है। जिसके फलस्वरूप उसे उसके द्वारा जमा की गयी कुल धनराशि मैचिंग शेयर के रूप में आई.आर.डी.पी. अवस्थापना मद से मैचिंग शेयर के रूप में प्रदान की जायेगी और यह मैचिंग ग्रान्ट 15,000.00 रूपये तक ही होगा।

(9) डवाकरा कार्यक्रम का उद्देश्य महिला समस्याओं को उनके द्वारा चालित लघु उद्योग को सफल बनाने के लिए उचित प्रशिक्षण देना तथा उनके द्वारा उत्पादित सामान का उचित मूल्य दिलाना।

(10) ड्वाकरा समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री हेतु शोरूमों की व्यवस्था करना। इसी प्रकार का शोरूम वर्ष 1995-96 में विश्व युवक केन्द्र, चाण्क्यपुरी नई दिल्ली में खोला गया है।

(11) डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत चलाई जा रही (चाइल्ड केयर एक्टीविटीज) और आई.इ.सी. योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के बच्चों की देखभाल करना उन्हें उचित शिक्षा व स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराना।

(12) लड़कियों को शिक्षित करने के लिए साक्षरता केन्द्रों की व्यवस्था करना। महिला शिशु व पुरूष शिशु की देखरेख में व्याप्त असामनता को समाप्त करना व महिला शिशुओं पर विशेष ध्यान देना।

(13) इ्वाकरा कार्यक्रम से सम्बद्ध महिलाओं के विकलांग बच्चों को सहायता उपलब्ध कराना और बालिकाओं के साथ दुर्व्यवहार होने की दशा में तत्काल आर्थिक सहायता एवं न्याय सुलभ कराना।

ग्रामीण विकास कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु समूह का गठन एवं सदस्यता:

ड्वाकरा कार्यक्रम के सही क्रियान्वयन हेतु समूह गठित करने से पूर्व गांव का चयन किया जाता है। विकास खण्ड के पास वाले ग्रामों के स्तर के रूप में चुना जाता है। ग्रामों का चयन करते समय निम्न बातों का ध्यान रखा जाता है :-

1. चुने गये ग्रामों में आवागमन के साधन हा।
2. लघु उद्योगों की स्थापना हो।
3. बाजारों की निकटता हो।
4. कच्चा माल आसानी से उपलब्ध हो सके।
5. जो व्यवसाय सरकार द्वारा चलाये जाने का निश्चय किया गया है। इसमें पहले से योगदान दिया जाता है।
6. उत्पादित वस्तुओं के उचित विपणन की व्यवस्था हो।

उपरोक्त वर्णित विशेषाओं से युक्त गांव का चुनाव करने के पश्चात् इस ग्राम में समूह का गठन किया जाता है।

मध्य गठन :

प्रदेश सरकार ने जनपदवार भौतिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए समूहों का गठन निश्चित किया। साथ ही साथ यह भी निश्चित किया है कि उक्त योजना का

संचालन प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड में किया जायेगा। प्रत्येक विकास खण्ड में 50 समूह गठित किये जायेंगे। यदि किसी विकास खण्ड में समूहों की संख्या 50 से कम है तो वहां पर जिलाधिकारी की अनुमति से और समूह गठित किये जा सकते हैं।

समूह के अंतर्गत सदस्यो की संख्या 10 से 15 के बीच रखी जाती है। समूह की सभी सदस्यायें गरीबी रेख्या के नीचे जीवन यापन करने वाली महिलायें होती है अर्थात् उनमें से किसी भी महिला के परिवार की वार्षिक आय 11,000.00 रूपये से अधिक न हो। सभी महिलाओं का सामाजिक व आर्थिक स्तर एक सा होना चाहिये जिससे उनमें विद्यमान रहे।

डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार ने महिलाओं की आयु में छूट प्रदान की है।

इस कार्यक्रम में महिलाओं की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच रखी है। जबकि ट्राइसेम के तहत प्रशिक्षार्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए। परन्तु डी.डब्लयू.सी.आर.ए. समूहों की सदस्यायें जिनकी आयु 35 वर्ष से अधिक है उन्हें भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

सबसे प्रमुख बात यह है कि आयु के अधिकता के कारण महिलाओं को प्रशिक्षण व ऋण की सुविधाओं से वंचित नहीं किया जाता है।

समूहों का गठन करने से पूर्व इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि समूह को ऐसे गांव की महिलाओं के माध्यम से गठित किये जायें जहां महिलायें कार्य करने की इच्छुक हों, और कार्यकलाप सफल होने की आशा हो। समूह का गठन

करने के दौरान समूह का गठन ऐसी महिला से हो जो पढ़ी लिखी हो, जिसमें नेतृत्व जिसमें नेतृत्व का गुण विद्यमान हो, कार्यक्रम में रूचि रखती हो और बिना वेतन कार्य करने की इच्छुक हों ऐसी महिला सदस्या को समूह की संयोजिका बनाया जाता है।

इसके अतिरिक्त थोड़ी पढी लिखी महिला को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना जाता है। एक वर्ष तक समूह संयोजिका को 50 रूपये प्रतिमाह रिवाल्विंग फण्ड से प्रदान किया जाता है। समूह के गठन के पश्चात् समूहों की सूची विकास खण्ड अधिकारी को प्रदान की जाती है।

ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिए जो समूह गठित किये जाते हैं इसके दो अंग होते हैं :

1. साधारण सभा
2. प्रबन्धकारिणी समिति

साधारणसभा गठन एवं कर्तव्य

महिला समूह के सभी साधारण सदस्याओं को मिलाकर साधारण सभा गठित होती है। इस सभा की बैठक वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य आयोजित की जाती है। बैठक की सूचना सदस्याओं को दो सप्ताह पूर्व प्रदान की जाती है। सभा की बैठक हेतु सदस्याओं की 1/3 उपस्थिति अनिवार्य है।

इस सभा के अनेक कर्तव्य है :-

1. प्रबन्धकारिणी समिति का चुनाव करना।
2. महिला समूहों का चयन करना।

3. आगामी वर्ष के लिए अनुमानित बजट का प्रस्ताव स्वीकृत करना।.

4. वार्षिक लेखा स्वीकृत करना।

5. महिला समूहों के कार्यक्रमों को स्वीकृत कराना तथा कार्यक्रमों का संचालन सुनिश्चित करना, कच्चे माल तथा विपणन की व्यवस्था करना।

6. संस्था के पदाधिकारियों की वित्तीय एवं प्रशासनिक सीमा निर्धारित करना।

7. महिला समूह द्वारा चलाये जा रहे कार्यकलाप की लाभ हानि का विवरण देना।

8. कार्यकारिणी की समस्याओं के कार्य विभाजन करना।

9. संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सभी विधिसम्मत कार्य करना।

प्रबन्धकारिणी समि :

इस समिति का गठन साधारण सभा की समदस्याओं में चुनाव द्वारा किया जा है। इस समिति का कार्यकाल 1 वर्ष अप्रैल से मार्च तक होता है। प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक वर्ष में कम से कम चार बार आयोजित की जा है। और एक सप्ताह पूर्व बैठक की सूचना प्रदान की जाती है।

प्रबन्धकारिणी समि में कम से कम 7 और अधिक से अधिक 9 सदस्यायें होगीं।

	पद	संख्या
1.	ग्रुप लीडर/अध्यक्षा	1
2.	संयोजिका/मंत्री	1
3.	कोषाध्यक्षा	1
4.	सदस्यायें	6

समिति के प्रत्येक पदाधिकारी के अलग अलग कार्य व अधिकार हैं जो निम्नवत् है :-

अध्यक्षा के कार्य

1. साधारण सभाव प्रबन्धकारिणी समिति की बैठकों की अध्यक्षता करना व अनुशासन बनाये रखना।
2. बैठको में विचारार्थ बिलों का अनुमोदन करना।
3. महिला समूह के कार्यक्रम में सुधार लाना।
4. महिला समूह की असाधारण बैठको में आयोजनों का आदेश पारित करना।
5. संस्था विरोधी कार्य न होने देना।

संयोजिका के कर्तव्य

1. बैठकों की कार्यवाही लिखना एवं उसका रिकार्ड रखना।
2. महिला समूह के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट बनाना।
3. महिला समूह द्वारा किये गये कार्यो की सूचना उच्च अधिकारियों को देना।
4. बैठको में विचारणीय विषयों को सहमति से निश्चित करना।
5. अन्य सदस्याओं की सहायता करना।

समूह में केवल एक ही प्रकार की सदस्या होगी अर्थात् साधारण सदस्या है। जिसकी आयु 18 से 40 वर्ष है। ये सदस्यायें प्रतिवर्ष 10 अ0 वार्षिक शुल्क देती है। प्रबन्धकारिणी समिति द्वारा स्वीकृति दिये जाने पर ही सदस्या मान्य होती हैं।

सदस्यता की समाप्ति

किन्ही कुछ कारणों से समिति अपनी सदस्याओं की सदस्यता समाप्त भी कर सकती हैं। यदि वह निम्न मियां पाती है :-

1. मृत्यु होने पर।

2. पागल या दिवालिया होने पर

3. राज्य सरकार या न्यायालय द्वारा दण्डित होने पर।

4. संस्था का शुल्क समय पर न देने पर।

5. संस्था विरोधी कार्य करने व प्रबन्धकारिणी समिति द्वारा निकाले जाने पर।

झांसी जनपद में डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत समितियों के गठन के माध्यम से ग्रामीण महिला एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए जो कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं उनके प्रशिक्षण की भी व्यवस्था है।

झांसी जनपद में डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण के विषय एवं सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता:

डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को अधिक धनोपार्जन करने के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक विषय चुने हैं। जिनके माध्यम से वे आय प्राप्त कर सकती है। समिति ने ग्रामीण महिलाओं के लिए ऐसे लघु उद्योग निश्चित किये हैं जिन्हे वे अपने ग्रामों से प्राप्त कच्चे माल से आसानी से चला सकती हैं। प्रत्येक लघु उद्योग के प्रशिक्षण का समय भी अलग अलग है प्रदेश समिति द्वारा निम्न विषय चुने गये हैं :-

क्र0सं0	**कार्यकलाप का नाम**	**प्रशिक्षण अवधि**
1.	फल संरक्षण कार्यक्रम	एक माह
2.	कताई एवं बुनाई	छः माह
3.	रेशम कीट पालन	एक माह
4.	दुधारू पशुओं का प्रबंध	एक सप्ताह
5.	मुर्गी पालन प्रशिक्षण	दो सप्ताह

6.	मशीन द्वारा बुनाई	चार माह
7.	रेडीमेड गारमेन्ट्स	छः माह
8.	चिकन/जरी कढ़ाई	चार माह.
9.	टोकरी बनाना	तीन माह
10.	दियासलाई बनाना	तीन माह
11.	चटाई बनाना	दो माह
12.	मोमबत्ती बनाना	एक माह
13.	टाटपट्टी बनाना	तीन माह.
14.	अगरबत्ती बनाना	दो माह
15.	मसाला बनाना	एक माह
16.	बडी और पापड़ बनाना	एक माह
17.	दोना पत्तल बनाना	एक माह
18.	तारकशी	छः माह

उपरोक्त वर्णित सभी कार्य ऐसे हैं जिन्हें महिलायें अपने ग्राम में ही रहकर सम्पादित कर सकती हैं और उन्हें इसके अधिक धन की आवश्यकता नही होती है। इनमें से कुछ कार्य तो ग्रामीण क्षेत्रों के परम्परागत व्यवसाय भी हैं। अतः उन्हें आधुनिक बनाने के लिए समिति ने इनके प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत यह निश्चित किया गया कि महिलाओं को दो प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। प्रथम प्रेरणात्मक प्रशिक्षण और द्वीय कौशल प्रशिक्षण

प्रेरणात्मक प्रशिक्षणः

प्रेरणात्मक प्रशिक्षण के अंतर्गत महिलाओ के आय वृद्धि के लिए चलाये

गये कार्यक्रम को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जिससे वे अपने परिवार की उन्नति में सहयोग प्रदान कर सकें।

इसके लिए वर्ष में अनेक पत्रक आयोजित किये जाते हैं। समस्त प्रशिक्षण एस.आई.आर.डी./आर.आई.डी. द्वारा सम्पादित किये जाते हैं।

प्रेरणात्मक प्रशिक्षण में निम्न प्रकार सत्र आयोजित किये जाते हैं :-

क्र0सं0	सत्र	कार्य दिवस	रेफ्रेसर दिवस	सत्र आयोजक संस्था
1.	ट्रेनर्स ट्रेनिंग	5 2	एक वर्ष छोड़कर	एस.आई.आर.डी.
2.	सहा.परि.अधि.	5 2	एक वर्ष छोड़कर	एस.आई.आर.डी.
3.	स.वि.अ.	12 4	एक वर्ष छोड़कर	आर.आई.आर.डी.
4.	ग्रा.वि.अ. (महि.)	7 4	एक वर्ष छोड़कर	आर.आई.आर.डी.
5.	जिला स्तरीय अधि कर्म.	1 1	एक वर्ष छोड़कर	आर.आई.आर.डी.
6.	विकास खण्ड स्तरीय स्तरीय अधिकारी	1 1		आर.आई.आर.डी.

कौशल प्रशिक्षण :

कौशल प्रशिक्षण का प्रारम्भ महिला कार्यकर्ताओं की कार्य कुशलता में वृद्धि करने के लिए प्रदान किया जाता है। जब महिलायें अपने कार्यकलाप का चयन कर लेती हैं उसके तुरंत बाद ही उनको प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें 35 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। कौशल प्रशिक्षण होने वाला व्यय आई.आर.डी.पी. वहन करता है।

कौशल प्रशिक्षण अत्यन्त विख्यात संस्थाओं अथवा मास्टर क्राफ्टमैन द्वाराही

ाता है जिससे जो उत्पादित वस्तु हो उसकी गुणवत्ता उच्च स्तर की हो। किसी भी ट्रेड में प्रशिक्षण की अवधि 6 माह से अधिक नही होगी। प्रशिक्षण के उपरांत समूहों को 2 या 3 वर्ष तक कच्चा माल उपलब्ध कराया जाता है। महिला सहायक परियोजना व्यवस्था की जाती है। महिला सहायक परियोजना अधिकारी चयन किये गये कार्यो में प्रशिक्षण के लिए परियोजना निदेशक से अनुमति प्राप्त करती है। जिस समय महिला प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण दिया जाता है उस समय तक उसका निरीक्षण आवश्यक रूप से किया जाता है। कौशल प्रशिक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी (महिला), खण्ड विकास अधिकारी (महिला) तथा परियोजना निदेशक, अनिवार्य रूप से निरीक्षण करते हैं उनका निरीक्षण निम्न कार्यक्रमानुसार होता है :-

	निरीक्षण	
1.	ग्राम विकास अधिकारी (महिला)	प्रति प्रशिक्षणरत् समूह सप्ताह में एक बार
2.	सहायक विकास अधिकारी(महिला)	-तदैव-
3.	खण्ड विकास अधिकारी	प्रत्येक शनिवार 5 प्रशिक्षणरत् समूह जनपद में हर प्रशि0
4.	सहा0पनि0 अधिकारी (महिला)	प्रशिक्षण समूह पक्ष में एक बार
5.	परियोजना निदेशक	सप्ताह में 5 प्रशिक्षणरत समूह

प्रत्येक प्रशिक्षण समूह में एक रजिस्टर बनाया गया है जिसके रखरखाव का दायित्व महिला ग्राम विकास अधिकारी का होता है। यह रजिस्टर प्रत्येक प्रशिक्षण स्थल पर उपलब्ध होता है जिससे निरीक्षण कर्ता इस रजिस्टर में तिथि एवं समय सहित अपनी टिप्पणी अंकित कर सके।

खण्ड विकास अधिकारी को छोड़कर उपरोक्त सभी अधिकारियों के निरीक्षण के दिन निश्चित नहीं किये गये हैं क्योंकि इनके द्वारा किया गया निरीक्षण आकस्मिक होता है। जिससे प्रशिक्षण की सही स्थिति ज्ञात हो जाती है।

प्रारम्भिक प्रशिक्षण काल में जिन वस्तुओं का उत्पादन होता है निश्चय ही वे गुणवत्ता की दृष्टि से कम अच्छी होगी इसीलिए महिलाओं के कौशल में अभिवृद्धि करने के लिए एक और प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिसे कौशल अभिवृद्धि प्रशिक्षण कहते हैं।

प्रारम्भिक प्रशिक्षण काल में जिन वस्तुओं उत्पादन होता है निश्चित ही वे गुणवत्ता की दृष्टि से कम अच्छी होगी इसीलिए महिलाओं के कौशल में अभिवृद्धि करने के लिए एक और प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिसे कौशल अभिवृद्धि प्रशिक्षण कहते हैं।

कौशल अभिवृद्धि प्रशिक्षण :

जनपद में कार्यरत ड्वाकरा समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से कौशल अभिवृद्धि प्रशिक्षण दिया जाता है । इस प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय यूनीसेफ वहन करता है।

महिला समूह वस्तु का उत्पादन करने लगते हैं तो यदि उन्हें धन की आवश्यकता पड़ती है तो वे सरकार से ऋण ले सकती हैं उन्हें ऋण में छूट भी प्रदान की जाती है।

सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता:

इस योजना के अंतर्गत समूहों की महिलायें व्यवसायिक बैंको से ऋण प्राप्त

कर सकती है। उनकों ऋण की धनराशि 4 % ब्याज पर देय होती है। महिलाओं को सामूहिक रूप से भी ऋण दिया जाता है।

प्रति महिला कम से कम 17000/- पूँजी निवेश कर सकती है। बैंकों के अतिरिक्त "खादी ग्रामोद्योग बोर्ड" ने भी 4 प्रतिशत ब्याज की दर से महिलाओं को ऋण प्रदान करने की सुविधा दी है।

कभी कभी यह समस्या दिखाई देती हे कि महिलाओं को उचित समय पर ऋण प्राप्त नहीं होता है। अतः अब यह सख्त निर्देश है कि जिन जनपदों में डवाकरा योजना लागू है वहां पर आई.आर.डी.पी. के अंतर्गत महिलाओं का लक्ष्य पूर्ण कराने हेतु सर्वप्रथम डी.डब्लू.सी.आर.ए. की सदस्याओं को ऋण सुविधा उपलब्ध हो। तत्पश्चात् व्यक्तिगत महिला लाभार्थियों के प्रार्थना पत्रों पर विचार किया जायेगा।

झाँसी जनपद में डवाकरा समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन की व्यवस्था :

विपणन का अर्थ:

साधारण शब्दो में विपणन का अर्थ वस्तु के विक्रय से होता है। उत्पादक जिस वस्तु का उत्पादन करता है। उपभोक्ता द्वारा वह वस्तु क्रय कर ली जाती है। अतः उत्पादक विक्रेता है और उपभोक्ता क्रेता।

विक्रेता और क्रेता के आपसी सामंजस्य की प्रक्रिया ही विपणन कहलाती है। डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत जहां एक ओर महिलाओं के द्वारा आयवृद्धि के रोजगार चलाये गये हैं वहीं दूसरी ओर यह भी निश्चय किया है कि समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को उचित मूल्य पर बेचा जाये, जिससे महिला समूह का मनोबल बढ़े और उन्हें अपना

उद्योग चलाने के लिए समय समय पर धन उपलब्ध हो इसके अतिरिक्त उन्हें अपनी मेहनत का उचित प्रतिफल प्राप्त हो सके।

विपणन की व्यवस्था करने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि महिला समूहों द्वारा प्रारम्भिक अवस्था में जिन वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है। निःसंदेह उसकी गुणवत्ता कम होती है। इसलिए ट्रेनिंग की अवधि समाप्त होने पर महिला सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत निगरानी में वस्तुओं की बिक्री होती है। प्रदेश सरकार ने वस्तुओं के उचित विपणन हेतु निम्नलिखित नियम निश्चित किये हैं।

1. ग्रामीण महिला एवं बालोत्थान योजना के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं हेतु कच्चे माल की आपूर्ति और आन्तरिक व वाहय स्तर पर वस्तुओं के विपणन की जिम्मेदारी सहायक परियोजना अधिकारी की होती है।

2. महिला समूहों के व्यवसाय, उत्पादन एवं विपणंन के सम्बन्ध में जिला उद्योग केन्द्र खादी ग्रामोद्योग बोर्ड तथा उत्पादन एवं विपणन में कार्यरत अन्य विभाग एवं संस्थाओं के परामर्श से क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं संस्थाओं के अनुरूप विकास खण्डों के वार्षिक उत्पादन की कार्य योजना तेयार की जायेगी।

3. प्रदेश सरकार ने योजना में उत्पादन एवं विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह निश्चित किया है कि डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को समाज कल्याण विभाग सामाजिक वानिकी विभाग, राज्य कृषि उत्पादन परिषद खादी ग्रामोद्योग बोर्ड तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभागों द्वारा मण्डलीय/जनपद स्तर पर प्राथमिक आधार पर क्रय किये जायेंगे।

4. सरकार ने यह भी निश्चित किया कि जनपद स्तर पर आयोजित मेलों

में महिला समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुयें रखी जायेंगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य भागों में भी महिला समूहों को अपने उत्पादित सामान के साथ भेजा जाये। इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए वस्तुओं का उत्पादन पहले से ही कराया जाये ताकि अधिकतम बिक्री हो सके। इसकी जिम्मेदारी सहायक परियोजना अधिकारी की होती है।

5. सरकार द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया है कि महिला समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन हेतु प्रत्येक जनपद स्तर पर एक शोरूम खोला जाये और उसमें महिलाओं द्वारा उत्पादित वस्तुओं को ही बेचा जाये। इस प्रकार का एक शोरूम 1995 में विश्व युवक केन्द्र, चाणक्यपुरी नई दिल्ली में खोला गया है।

एक महत्वपूर्ण नियम यह भी बनाया गया है कि हो सकता है शोरूम में वस्तु की बिक्री में 3-4 माह का समय लग जाये अतएवं महिला समूहों द्वारा शोरूम में भेजी जाने वाली सामग्री का भुगतान ए.डी.एम.पी./परियोजना निदेशक/ए.पी.ओ. (महिला) खिल्विंग फन्ड अथवा उसके ब्याज से अर्जित धंनराशि से कर दी जाय।

6. डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री के विपणन से प्राप्त धनराशि का वितरण महिला समूह की सभी सदस्याओं में किया जाना चाहिये जिससे उनके उत्पादन करने का मनोबल बढ़ता रहे।

इसके अतिरिक्त यह भी निश्चित किया गया कि प्राप्त धनराशि का कुछ अंश रिवाल्विंग फंड में जमा कर दिया जाये जिससे फण्ड की प्रतिपूर्ति होती रहे क्योंकि कच्चे माल की आपूर्ति फण्ड से ही की जाती है। जिससे उत्पादन लागत व महिलाओं को प्राप्त लाभ में सामंजस्य बना रहे।

7. ड्वाकरा समूह की महिलाओं को उत्पादन में वृद्धि करने के लिए जनपद स्तर पर ऐसी समितियों का गठन किया जाये जो कच्चे माल की निरन्तर उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ महिलाओं को उत्पादन पूरक प्रशिक्षण तथा उद्यमिता विकास का प्रबन्ध एवं विपणन की समुचित व्यवस्था करे।

8. प्रदेश सरकार ने महिला समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रित करने के लिए एगमार्क तथा एफ.पी.ओ. प्रमाण पत्र प्रदान किये हैं क्योंकि प्रमाणीकरण के अभाव में खाद्य पदार्थो की बिक्री अनियमित न हो जाये।

9. प्रदेश सरकार ने यह भी अनिवार्य किया कि उत्पादों की अधिक बिक्री हेतु उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग तथा सामान्य ब्राण्ड का नाम पैकेट का भार तथा विक्रय मूल्य पैकेट पर छपा होना चाहिए।

10. डवाकरा कार्यक्रम के निदेशक मण्डल ने यह भी निश्चित किया कि महिला समूहों द्वारा उत्पादित निर्मित सामानों की बिक्री हेतु उनका प्रदर्शनी में शामिल होना आवश्यक होगा चाहे वे विकास खण्ड स्तर पर हों, जिला स्तर पर या राज्य स्तर व केन्द्र स्तर पर हों।

उपरोक्त वर्णित सरकार द्वारा बनाई गयी नीतियों का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री का उचित मूल्य दिलवाना व समय पर उनका विक्रय करवाकर उत्पादन प्रणाली को सुचारू रूप प्रदान करना है। इसका प्रत्यक्ष लाभ देखने को भी मिला है।

झाँसी जनपद में यह योजना 1992-93 से संचालित है। इसके 5 विकास-खण्ड हैं।

1. चिरगांव
2. मऊरानीपुर
3. बबीना
4. बंगरा
5. बड़ा गांव

डवाकरा योजना के अंतर्गत आरम्भ से वर्ष 1996-97 तक 195 समूह गठित करने का लक्ष्य निर्धारित किया था जो कि पूर्ण हो चुका है। इन समूहों ने अब तक 9.89 लाख रूपये की सामग्री उत्पादित की है और 9-58 लाख रूपये बिक्री से प्राप्त किये हैं, इन सभी समूहों के पास उपलब्ध कुल धनराशि 4-66 लाख रूपये हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा जो विपणन समिति गठित की है उसका उद्देश्य महिला समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री का समय समय पर विक्रय करवाना तथा उनको उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल प्राप्त करवाना, उत्पादित सामग्री की गुणवत्ता में वृद्धि करना ताकि समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री आधुनिक बाजार की प्रतियोगिता में सफल हो सके। गुणवत्ता बढ़ाने के साथ साथ उसे आकर्षक रूप प्रदान करना ताकि उसके खरीदार बढ़ सकें और वे बाजार में अपनी जगह बनाने में सफल हों।

इसके अलावा कच्चे माल की आपूर्ति करना जिससे उत्पादित समूह निष्क्रिय न हो जाये। समूह की महिलाओं के अंदर बचत की भावना जाग्रत करने के लिए थ्रिप्ट एण्ड क्रेडिट सोसायटीज बनाई गयी। जिसमें महिला 10 से 15 रू. प्रतिमाह जमा कर सकती है।

डवाकरा योजना एक प्रमुख अंश चाइल्ड केयर एक्टीविटीज और आई.ई.सी. कार्यक्रम है।

चाइल्ड केयर एक्टीविटीज और आई. ई. सी.

डवाकरा योजना मुख्यतः महिलाओं और बच्चों के लिए चलाई गयी योजना है, इसका मुख्य उद्‌देश्य महिलाओं को आर्थिक दृष्टि से समृद्ध बनाना व शिक्षित करना हैं तथा बच्चों को उचित शिक्षा व स्वास्थ्य तथा पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करना है। चाइल्ड केयर एक्टीविटीज और आई. ई. सी. कार्यक्रम डवाकरा योजना का ही अंश है। इन कार्यक्रमों के द्वारा सरकार ने असंगठित ग्रामीण क्षेत्रो में कार्य करने वाली महिलाओं जिनकी संख्या बहुत अधिक है वे अपने बच्चों की उचित देखभाल नहीं कर पाती है अतः ऐसे बच्चों की देखभाल के लिए अलग से धन दिये जाने की व्यवस्था दी है।

हमारे देश के ग्रामीण लोगों का जीवन अत्यन्त शोचनीय है। वह निरक्षर होने के साथ साथ गरीब भी है।

भारतीय कृषक के सम्बन्ध में यह लोकोक्ति प्रचलित है :-

"वह कर्ज में ही जन्म लेता है और कर्ज के बोझ से दबकर व्यस्क होता है तथा एक दिनअपनी जीवन यात्रा भी इसी बोझ तले समाप्त देता है और विरासत में यह कर्ज का बोझ अपने उत्तराधिकारियें को दे जाता है।"'

जिस परिवार की आधारशिला ही गरीबी और लाचारी हो वह अपने बच्चों को क्या शिक्षा देगा और क्या स्वास्थ्य तथा पौष्टिक भोजन प्रदान करेगा?

अतः इन्हीं समस्याओं को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा डवाकरा योजना के अंतर्गत "बच्चों की देखभाल सम्बन्धी क्रियाकलाप" व "सूचना शिक्षा एवं संचार" कार्यक्रम प्रारम्भ किये हैं।

बच्चों की देखभाल सम्बन्धी क्रियाकलापः

इस कार्यक्रम के अंतर्गत डवाकरा समूह के बच्चों की क्रेश की सेवा प्रदान की जायेगी और बालिकाओं की असाक्षरता को समाप्त करने के लिए विद्यालयों की स्थापना की गयी है। शिशु महिला एवं शिशु पुरूष की देखभाल में व्याप्त असमानता को समाप्त करने की व्यवस्था की है और महिला शिशुओं की देखरेख पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

ऐसी व्यवस्था करने का प्रमुख कारण यह है कि हमारे समाज में स्त्री को अधिक सम्मान प्राप्त नहीं हैं। अतः यही कारण है कि पुरूषों की तुलना में महिलाओं को उन्नति के कम अवसर दिये जाते हैं उन्हें पौष्टिक भोजन भी नहीं दिया जाता है। उच्च शिक्षा के रास्ते भी सामान्यता उनके लिए बन्द ही रहते हैं। यदि कोई महिला आगे बढ़ना चाहती है तो उसे अपने विषयों की परीक्षा के साथ साथ पारिवारिक व सामाजिक अनेक अग्नि परीक्षाओं से गुजरना होता है।

ऐसी समाज व्यवस्था को देखते हुए सरकार ने ये कार्यक्रम चलाया है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व शहरी दोनों ही क्षेत्रों के बच्चों को स्वस्थ्य व शिक्षा की उन्नत सेवा प्रदान करना हैं। क्योंकि आज के बच्चे ही कल देश की भावी नागरिक बनेंगे और जिस देश के नागरिक जितने सभ्य व स्वस्थ्य होते हैं वह देश उतनी ही तीव्र गति से उन्नति करता है।

अपने देश के बालक-बालिका स्वस्थ्य व शिक्षित हो इसी स्वप्न को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार ने डवाकरा कार्यक्रम के तहत छः वर्ष से कम आयु के बच्चों की देखभाल के लिए क्रेशों की स्थापना की है। इनकी संख्या प्रत्येक जनपद

में 10 है। क्रेश का समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक होता है। इसके लिए एक पढ़ी लिखी महिला चुनी जाती हे उसे प्रतिमाह 400/- रूपये दिये जाते हैं। इसमें बच्चों के खेलने के लिए खिलौने भी होते हैं। क्रेश में रहने वाले प्रत्येक बच्चें को दलिया व खिचड़ी दी जाती है। और इन्हीं क्रशों के भवनो में सांय 4 बजे से 6 बजे तक प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम चलाया जाता है।

डवाकरा समूह की किसी महिला का बच्चा यदि विकलांग है तो उसे कृत्रिम अवयव भी उपलब्ध कराये जाते हैं और इसकी स्वीकृत धनराशि 500.00 रूपये है।

भारत सरकार ने पोलियो जैसे अभिशाप को जड़ से नष्ट कर देने के लिए प्रतिवर्ष दो अतिरिक्त खुराकें प्रदान करने की व्यवस्था की है। गत वर्ष 1995 में 9 दिसम्बर व 20 जनवरी को इसकी खुराकें देश के करोड़ों बच्चों को दी गयी थी और इस वर्ष 1996 में 7 दिसम्बर व 18 जनवरी 1997 में देना निश्चित किया गया है।

इस समाज कलयाण कार्यक्रम को जन आन्दोलन बनाने के लिए प्रत्येक शहर में स्कूली बच्चों ने रैली निकाली तथा उनके हाथों में पल्स पोलियों की खुराक से होने वाले लाभों का विवरण था। हमारे शहर झाँसी में भी जन जागरणं के लिए रैली निकाली गई थी जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण यह है :-

उपरोक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने एक ओर कार्यक्रम चलाया है जिसको "ग्रामीण बच्चों को मध्यान्ह भोजन योजना" का नाम दिया है। इस योजना उद्देश्य भी ग्रामीण बच्चों को पौष्टिक भोजन सुलभ कराना है। इस कार्यक्रम को पूरे प्रदेश में चलाया गया है प्रदेश के 38 जनपदों के 248 विकास खण्डो में यह योजना चल रही है। इसमें 30 जनपद मैदानी व 8 पर्वतीय है।

मैदानी क्षेत्र के 162 विकास खण्ड व पर्वतीय क्षेत्र 86 विकास खण्ड लिये हैं। इस योजना के तहत प्रत्येक विद्यार्थी जिसकी कक्षा में उपस्थिति 80% है उसे 100 ग्राम प्रतिदिन के हिसाब से 3 किलोग्राम महीने का खाद्यान्न देने की व्यवस्था की गयी है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 15 अगस्त से 31 अक्तूबर 1995 तक 1.14 लाख कुन्तल खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया था। नवम्बर दिसम्बर 1995 के लिए 1.52 लाख कुन्टल खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया था।

इस योजना के लागू होने से स्कूल आने वाले बच्चों के प्रतिशत में आशातीत वृद्धि हुयी है। इस योजना को चलाने के मुख्य दो उद्देश्य है :-

1. ऐसे बच्चों को पढ़ने के लिए आकर्षित करना जो एक दो वर्ष विद्यालय जाने के बाद पढ़ना छोड़ देते हैं या महीने में केवल 10 या 15 दिन स्कूल जाते हैं।

2. ग्रामीण बच्चों को पौष्टिक भोजन के रूप में गेहूँ व चावल प्रदान करना।

सूचना शिक्षा एवं संचार - आई. ई. सी. :

ग्रामीण महिलायें विशेषत: जो कि गरीब हैं एवं गरीबी की रेखा के नीचे हैं उनका विकास काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि ये मिलकर गरीब देश की आधी जनसंख्या बनाती हैं। सरकार द्वारा चलाये गये अनेक विकास कार्यक्रमों की जानकारी न होने के कारण उन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कठिनाई उत्पन्न होती है। अत: 1995-96 में डवाकरा कार्यक्रम की तीव्र गति प्रदान करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार का अभियान प्रारम्भ किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को डवाकरा

एवं विशेष थ्रिप एण्ड क्रेडिट के सम्बन्ध में शिक्षित करना है।

यह पारम्परिंक सम्पर्क आडियो विजुअल एवं छपे हुए साहित्य के माध्यम से किया जाता है।

उद्देश्य :

डवाकरा योजना के अंतर्गत सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.) का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं विशेषतः वे महिलायें जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है उन ग्रामीण महिलाओं में निम्न कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जागरूकता पैदा करना है :-

(1) विभिन्न विकास सम्बन्धी कार्यक्रम जो उनकी प्रगति तथा कल्याण के लिए चलाये जा रहे हैं।

(2) डवाकरा समूहों को और अधिक स्वावलम्बी बनाने हेतु थ्रिप्ट एण्ड क्रेडिट गतिविधियों के प्रति जागरूकता पैदा कर महिलाओं में बचत की भावना पैदा करना है।

(3) डवाकरा कार्य देखने वाले कार्यकर्ताओं एवं समूहों के सदस्यों को थ्रिप्ट एण्ड क्रेडिट का प्रशिक्षण।

गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं के उत्थान के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार के कार्यान्वयन हेंतु प्रत्येक जिला ग्राम्य विकास अँभिकरण को 1.50 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं।

इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के अंतर्गत थ्रिप्ट एण्ड क्रेडिट कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षित भी किया जाता है और इस कार्यक्रम के लिए प्रति समूह 200.00 रू उपलब्ध भी कराया जाता है।

उपरोक्त विवरण से यह स्पष्ट होता है कि सूचना शिक्षा एवं संचार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को चहुँमुखी विकास करना है।

झाँसी जनपद में डवाकरा की प्रगति रिपोर्ट

हमारे समाज में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत है। यदि महिलाओं को आर्थिक क्रियाकलापों से वंचित रखा गया तो समाज का सम्पूर्ण विकास नहीं हो सकता है। समाज आर्थिक दृष्टि से विकलांग रहेगा। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुये प्रदेश सरकार ने 1983-84 में एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के रूप में चलाया जा रहा है। डवाकरा योजना इसी कार्यक्रम का उप कार्यक्रम है।

इस योजना में झाँसी जनपद में 1992-93 से संचालित की जा रही है। झाँसी जनपद में यह योजना 5 विकास खण्डो में चल रही है।

(1) बंगरा

(2) बड़ा गांव

(3) चिरगांव

(4) मऊरानीपुर

(5) बबीना

योजना के प्रारम्भ से सरकार ने 195 महिला समूहों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे पूर्ण कर लिया गया है। डवाकरा योजना की प्रगति की दो खण्डो में विभाजित कर सकते हैं

(1) भैतिक प्रगति

(2) वित्तीय प्रगति व अन्य क्षेत्र

भौतिक प्रगति :

हमारी जनपद झाँसी में डवाकरा योजना के क्षेत्र में निम्न प्रगति हुयी है जो निम्नवत् है :-

वर्ष	समूह गठन का लक्ष्य	चयनित विकास खण्ड
1992-93	50	चिरगांव, बबीना, मऊरानीपुर,
1993-94	25	बंगरा, बड़ा गांव
1994-95	15	
1995-96	30	
1996-97	75	
योग	195 समूह	

झाँसी जनपद में गठित महिला समूहों की संख्या 195 है जिसमें कुल पंजीकृत समूह 160 हैं। सक्रिय समूहों की संख्या 90 है।

वित्तीय प्रगति :

झाँसी में डवाकरा योजना ने वित्तीय क्षेत्र में अग्रलिखित प्रगति की है।

समूहों की कुल उपलब्ध धनराशि 4.66 लाख है। सक्रिय समूहों ने 9-89 लाख रूपये की सामग्री का उत्पादन किया जिसकी बिक्री करने पर 9-58 लाख रूपये प्राप्त हुये। समूहों की अवशेष धनराशि 0-88 लाख रूपये है। समूहों को वर्षवार प्राप्त धनराशि 3-78 लाख रूपये है। 5 वर्षो के दौरान सक्रिय समूहों ने 2-345 लाख रूपये रिवाल्विंग फण्ड के उपभोग किये।

जनपद के मुख्य व्यवसाय :

डवाकरा योजना के अंतर्गत झाँसी जनपद में चल रहे व्यवसाय निम्नलिखित है - मिनी डेरी, रेडीमेड, गार्मेन्ट्स, अचार-मुरब्बा, हथकरघा, बाँस टोकरी, बरी पापड़, दरी कम्बल, रैकसीन, बैग, सोफा कवर, दरी-कालीन आदि है। झाँसी जनपद में बाँसी की टोकरी बनाने का व्यवसाय अधिक तीव्र गति से चल रहा है क्योंकि इसमें लागत कम लागत है और कच्चा माल आसानी से उपलबध हो जाता है।

डवाकरा योजना झाँसी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रो के परिवारों के आर्थिक तथा पोषण स्तर को ऊँचा उठाने के लिए तथा महिलाओं और शिशुओं का विकास करने हेतु आय वृद्धि करने के कार्यकलाप मुहैया कराने के साथ साथ उन्हें संगठनात्मक ढांचा देकर क्षेत्र में उपलब्ध माल एवं सेवाओं को मुहैया कराने में कारगर भूमिका अदा कर रही है।

इस योजना का सही रीति से क्रियान्वयन होता रहा तो हमारे प्रदेश में महिलाओं व बच्चों का स्तर अवश्य ऊँचा उठ जायेगा।

समितियों की जांच एवं निरीक्षण

हमारे देश में सरकार ने जितने भी विकास कार्यक्रम चलाये हैं अथवा समितियों का निर्माण किया है उनके लिये सरकार ने यह प्रावधान रखा है कि विकास के लिये बनायी गई सभी समितियों का वर्ष में एक बार निरीक्षण व अंकेक्षण करवाया जाये। निरीक्षण व अंकेक्षण की क्रिया को आडिट कहा जाता है।

आडिट का अर्थ :

आडिट का सामान्य शब्दो में अर्थ अंकेक्षण से लगाया जाता है इसके अंतर्गत

समितियो के बहि-खातों का निरीक्षण किया जाता है तथा उसके लेनदेन व आय-व्यय के समस्त लेखे जोखे देखे जाते हैं। जिससे यह ज्ञात हो सके कि अमुक समिति ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन कर रही अथवा नहीं।

आडिट का अधिकार अलग अलग क्षेत्र में अलग अलग विभागीय अधिकारी को होता है। डवाकरा योजना के अंतर्गत निरीक्षण का अधिकार ग्राम विकास अधिकारी (महिला) खण्ड विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी (महिला) तथा परियोजना निदेशक को है। उपरोक्त सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान निम्न कार्यक्रम के अनुसार निरीक्षण करते हैं।

1) ग्राम विकास अधिकारी (महिला)	प्रति प्रशिक्षणरत समूह सप्ताह में एक बार
2) सहायक विकास अधिकारी (महिला)	प्रति प्रशिक्षणरत समूह सप्ताह में एक बार
3) खण्ड विकास अधिकारी	प्रत्येक शनिवार 5 प्रशिक्षणरत समूह जनपद में हर प्रशि.
4) सहा. परियोजना अभि. (महिला)	प्रति प्रशिक्षणरत समूह पक्ष. मे एक बार
5) परियोजना निदेशक	सप्ताह में 5 प्रशिक्षणरत समूह

प्रत्येक प्रशिक्षणरत समूह के सम्बन्ध में एक रजिस्टर बनाया जाता है और यह रजिस्टर प्रशिक्षण स्तर पर हमेशा उपलब्ध रहता है। प्रत्येक निरीक्षणकर्ता द्वारा इस रजिस्टर में अपनी टिप्पणी तिथि एवं समय सहित अंकित की जाती है।

खण्ड विकास अधिकारी को छोड़कर सभी के दिन निश्चित नहीं रहते हैं। अतएवं उनके द्वारा किये गये निरीक्षण की प्रवृत्ति आकस्मिक होती हे जिससे सही स्थिति ज्ञात हो सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी को छोड़कर सभी के दिन निश्चित नहीं रहते हैं। अतएवं उनके द्वारा किये गये निरीक्षण की प्रवृत्ति आकस्मिक होती हे जिससे स्थिति ज्ञात हो सकती है।

डवाकरा कार्यक्रम के अंतर्गत यह अनिवार्य किया गया है कि समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं तथा उनके द्वारा उपभोग किये गये माल का विवरण एवं बिक्री से प्राप्त धनराशि का विवरण महिला विकास अधिकारी अपने से बड़े अधिकारियों को भेजती है।

इसके अतिरिक्त समूहों की वार्षिक व्यय विवरण भी रखना होता है जिसे निम्न शीर्षकों के अंतर्गत रखा जाता है :-

31 मार्च को समाप्त हुये वर्ष का वार्षिक व्यय विवरण

1) पिछले वर्श के दौरान प्राप्त हुई निधियां

(क) भारत सरकार का अंश

(ख) राज्य सरकार का अंश

(ग) यूनीसेफ का अंश

2) निम्नलिखित में से वास्तविक व्यय :

क) भारत सरकार एवं राज्य सरकार का अंश

ख) राज्य सरकार का अंश.

ग) यूनीसेफ का अंश

3) चालू वर्श की पहली अप्रैल को उपलब्ध खर्च न की गयी बकाया धनराशि

क) भारत सरकार और राज्य सरकार का अंश

ख) यूनीसेफ अंश के अंतर्गत

इसके अतिरिक्त डवाकरा योजना के अंतर्गत बच्चों के विकास के लिए जो देखभाल सम्बन्धी क्रियाकलाप और आई.ई.सी. कार्यक्रम चलाये गये हैं उनके भी निरीक्षण का प्राविधान रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत जनपद द्वारा सम्पादित कार्यक्रमों का त्रैमासिक अनुश्रवण किया जाता है और इसकी प्रगति रिपोर्ट आयुक्त ग्राम विकास को भेजी जाती है।

उपरोक्त सभी प्रविधानों का मूल उद्देश्य सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं को तीव्र गति से क्रियान्वित करना है ताकि ग्रामीण जीवन स्तर सुधर सके।

झाँसी जनपद में डवाकरा की समस्याएं एवं सुझाव

झाँसी जनपद में डवाकरा योजना 1992-93 से संचालित की जा रही है। इस योजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और बच्चों का सर्वागीण विकास करना है। इसके अतिरिक्त इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना व बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा व पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करना है। इस समस्त कार्यों के लिए सरकार समय समय पर अनुदान भी स्वीकृत करती है इसके अतिरिक्त डवाकरा योजना की अनेक समस्यायें हैं जिसके कारण यह योजना अपनी उपलब्धता की चरम सीमा नहीं प्राप्त कर सकी हैं इसके निम्न कारण हैं :-

(1) महिला समूहों द्वारा संचालित उ.ेगों को सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल उपलब्ध नहीं हो पाता है। महिलाओं के अशिक्षित होने के कारण कच्चा माल उपलब्ध कराने वाले बिचौलिये अधिक मात्रा में मूल्य ले लेते हैं।

(2) महिलायें अपने रोजगार को बढ़ाने के लिए ऋण प्राप्त करने के लिए प्रार्थना

पत्र बैंको को देती हैं वह उन्हें समय से प्राप्त नहीं होता है। क्योंकि वर्तमान समय में प्राप्त नहीं होता है। क्योंकि वर्तमान समय में सभी विभागो में भ्रष्टाचार व घूसखोरी विद्यमान है। बैंको के कार्यकर्ता यह चाहते हैं कि जितना महिला समूह ऋण चाहता है इसमें कुछ प्रतिशत उन्हें भी मिल जाये। जो महिलायें ऐसा करती है अन्यथा एक लम्बा समय लग जाता है।

(3) ग्रामीण क्षेत्रो में आवागमन का रास्ता अच्छा नही है सामान्यतः सड़के कच्ची है और वे भी बड़े - बड़े खण्डों से भरपूर हैं जिनमें वर्षा ऋतु में तो इतना पानी भर जाता है तब यह बताना भी असम्भव हो जाता है कि यहां पर सड़क थी भी या नहीं।

(4) समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन की उचित व्यवस्था नहीं है। सरकार ने इसके लिए अनेक प्राविधान बनाये हैं परन्तु सिद्धान्त और व्यवहार में काफी अन्तर होता हे नियम बनाने व पुस्तकों में छापने और उसे व्यवहारिक जीवन में लागू करने में जमीन आसमान का अन्तर है। डवाकरा योजना के अंतर्गत यह प्राविधान है कि उत्पादित वस्तुओं के विक्रय के लिए मेले अथवा प्रदर्शनियां लगायी जायेंगी औरशोरूम खोले जायेंगे तथा उत्पादकों को उनकी वस्तुओं का मूल्य पहले ही प्रदान कर दिया जायेगा चाहे उनकी सामग्री बिके अथवा न बिके परन्तु व्यवहार में यह दिखाई नहीं देता है।

(5) सामान्यतया यह देखने में आता है कि अधिकारी वर्ग पूरा ध्यान नहीं देता है। अधिकारियों का कार्य केवल योजना सम्बन्धी निर्देश देना ही नहीं होता है बल्कि जनता को इस कार्यक्रम के प्रति जागरूक करना व उनकी सहायता करना होता है जिससे उनका विश्वास प्राप्त किया जा सके। इसकी पूरी जिम्मेदारी खण्ड विकास अधिकारी की होती है।

(6) डवाकरा योजना के अंतर्गत बच्चों के लिए जो उत्तम शिक्षा, स्वास्थ्य व पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गयी है उसके अंतर्गत ग्रामीण बच्चों को 3 किलोग्राम प्रत्येक बच्चे को अनाज देने की व्यवस्था की गयी है परन्तु वास्तव में कितना दिया जाता है। किलो या उससे भी कम। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मैने अपने मोहल्ले में रहने वाले ग्रामीण प्राइमरी स्कूल के प्रधानाचार्य के यहां रखे हुये 2 बोरे गेहूँ के देखे। प्रधानाचार्य महोदय स्वयं कह रहे थे कि सरकार ने 3 बोरे दिये थे । बांट दिया कौन देखता है।

(7) बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने जो योजना बनाई हे उसमें स्वच्छ पेयजल की भी व्यवस्था है क्योंकि जल मनुष्य का जीवन है। कारण उन्हीं परम्परागत साधनों को अपना कर व्यवसाय चलाये जाते हैं जिससे उत्पादन लागत अधिक आती है और लाभ कम होता है।

